# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025







## खबर संक्षेप

### ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसंबर से, भव्य तैयारियां



**ग्वालियर।** ग्वालियर में हर वर्ष के प्रति इस वर्ष भी श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा 25 दिसंबर से व्यापार मिलेगा आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी मेला 25 दिसंबर से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा। ग्वालियर व्यापार मेले में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी समय रहते तय करने के निर्देश दिए गए।

### एपल पर लग सकता है 3.20 हजार करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टेक कंपनी एपल की मुश्किलें भारत में बढ़ सकती हैं। यही वजह है कि कंपनी नए नियम का विरोध कर रही है और इसे चैलेंज करने के लिए कोर्ट तक चली गई है। हालांकि ऐपल पर भारत में अभी तक कोई तय जुर्माना नहीं लगा है। लेकिन एंटी कम्पटीशन कानून में बदलाव की वजह से उस पर 38 अरब डॉलर्स की पेनाल्टी खतरा हो गया है।

### विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पहली मेगा नीलामी में बेटियों की मेहनत के मूल्य को पहचाना गया

# बेटियों की 'धाक'

## मप्र से 12 खिलाड़ी, क्रांति 50 लाख रुपए में यूपी की हुईं पूजा 85 लाख में आरसीबी की



दीप्ति शर्मा ने बिखेरी अपनी 'दीप्ति'...सबसे महंगा मूल्य... यूपी ने 3.20 करोड़ में अपने से जोड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पहली मेगा नीलामी गुरुवार को नई दिल्ली के एयरोसिटी स्थित होटल में हो रही है। इस नीलामी में मध्य प्रदेश की कुल 12 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। शहडोल की पूजा वस्त्रकार को आरसीबी (रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरु) ने 85 लाख रुपए में खरीदा।

उनका बेस प्राइज 50 लाख था। वहीं, छतरपुर की क्रांति गौड़ को यूपी वॉरियर्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइज 50 लाख रुपए ही था। ग्वालियर की अनुष्का शर्मा को गुजरात टीम ने 45 लाख रुपए में चुना। सीधी की संस्कृति गुप्ता को मुंबई ने 20 लाख रुपए में खरीदा। भोपाल की राहिला फिरदौस को मुंबई ने 10 लाख रुपए में खरीदा। इंदौर की प्रियंका कौशल ऑक्शन में अनसोल्ड रहीं। इन खिलाड़ियों का बेस प्राइज 10 से 50 लाख रुपए रखा गया है।

ऑक्शन में रेलवे और दिल्ली की सबसे ज्यादा 15-15 खिलाड़ी, मुंबई की 14 खिलाड़ी और मप्र, यूपी और महाराष्ट्र की 12-12 खिलाड़ी शामिल की गईं




◀ भोपाल की राहिला फिरदौस को मुंबई ने 10 लाख रुपए में खरीदा

### सीजन नवी मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घोषणा की कि 2026 का सीजन नवी मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा। 9 जनवरी से शुरू होने वाली यह लीग 5 फरवरी को वडोदरा में होने वाले फाइनल के साथ समाप्त होगी। डब्ल्यूपीएल के अब तक तीन चरण खेले गए हैं, जिसमें मुंबई इंडियंस मौजूदा चैंपियन है। इस बार शेड्यूल में बड़ा बदलाव हुआ है। आमतौर पर फरवरी-मार्च की अवधि में आयोजित होने वाली डब्ल्यूपीएल को एक महीने पहले शिफ्ट किया गया है। वजह है पुरुषों का टी20 विश्व कप, जिसकी शुरुआत 7 फरवरी से हो रही है।

## न्यूजीलैंड की अमीलिया केर 3 करोड़ में मुंबई इंडियंस की हुई

ऑक्शन में रेलवे और दिल्ली की सबसे ज्यादा 15-15 खिलाड़ी, मुंबई की 14 खिलाड़ी और मप्र, यूपी और महाराष्ट्र की 12-12 खिलाड़ी शामिल की गई हैं। भारत की दीप्ति शर्मा पर सबसे बड़ी बोली लगी, उन्हें 3.20 करोड़ रुपए में यूपी वॉरियर्स ने खरीदा। पिछले सीजन तक उनकी सैलरी 2.6 करोड़ रुपए थी, जो कि अगले सीजन से 3.20 करोड़ रुपए हो जाएगी। मुंबई इंडियंस ने न्यूजीलैंड की अमीलिया केर को 3 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। ⏩ पढ़ें खेल पेज भी



### डब्ल्यूपीएल इतिहास की दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी

इस बोली के साथ दीप्ति, स्मृति मंधाना के बाद डब्ल्यूपीएल इतिहास की दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं, और महिला क्रिकेट में अपनी छवि एक कंप्लीट और प्रभावी खिलाड़ी के रूप में और मजबूत कर ली।

### भारतीय शेयर बाजार का नया कीर्तिमान

# सेंसेक्स पहली बार 86,000 के पार, निफ्टी भी ऑल-टाइम 'शिखर' पर



ग्लोबल बाजारों से मजबूत संकेत, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और विदेशी निवेशकों की जबरदस्त खरीदारी से बाजार का जोश हाई दिखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजारों ने गुरुवार को नया कीर्तिमान रच दिया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए। ग्लोबल बाजारों से मजबूत संकेत, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और विदेशी निवेशकों की जबरदस्त खरीदारी से बाजार का जोश हाई दिखा। निफ्टी ने 26,306.95 का अपना नया ऑल-टाइम हाई छुआ। निफ्टी का पिछला रिकॉर्ड 26,306.95 का था, जो इसके ने 14 महीने 27 सितंबर 2024 को छुआ था। सेंसेक्स ने भी पहली बार 86,000 का आंकड़ा पार करते हुए 86,026.18 का नया ऑलटाइम हाई बनाया।

**तेजी की वजहें**

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लगातार दूसरे दिन भारतीय शेयर बाजारों में तगड़ी खरीदारी की। विदेशी निवेशकों की इस लगातार खरीदारी से बाजार को बड़ा सपोर्ट मिला।
- अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक ने दिसंबर में ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं, जिससे शेयर बाजारों में तेजी लौटी है।
- अमेरिकी में ब्याज दरें घटने की उम्मीद
- ब्रेंट क्रूड का भाव गुरुवार को फिसलकर 62.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।






### व्हाइट हाउस के पास 2 नेशनल गार्ड को गोली मारी

# ट्रंप आगबबूला-ये आतंकी हमला हमलावर को कीमत चुकानी होगी

वॉशिंगटन में 500 अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती करने के निर्देश

## अफगान नागरिकों की होगी सख्त जांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

व्हाइट हाउस के निकट 2 नेशनल गार्ड को गोली मार दी गई, जिसके बाद दोनों की हालत गंभीर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए इसे जघन्य हमला और आतंकवादी कृत्य करार दिया है। इसके अलावा ट्रंप ने पेंटागन को अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन में 500 अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं।

वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड के इन सैनिकों पर बुधवार दोपहर को व्हाइट हाउस से कुछ ही ब्लॉक की दूरी पर घात लगाकर हमला किया गया। हमले के बाद परिसर को तुरंत बंद कर दिया गया और कानून प्रवर्तन एजेंसियां इलाके में जांच पड़ताल कर रही हैं। इस घटना के समय ट्रंप फ्लोरिडा स्थित अपने मार-ए-लागो थे।



बाएं से ट्रंप... बगल में गिरफ्तार अफगान नागरिक

### अमेरिका में घुसे हर एक एलियन की फिर से जांच

ट्रंप ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के राज में अफगानिस्तान से अमेरिका में घुसे हर एक एलियन की फिर से जांच की जाएगी। नेशनल गार्ड मेंबर्स पर गोलीबारी पर ट्रंप ने कहा कि डीएएचएस को यकीन है कि संदिग्ध 2021 में अफ़गानिस्तान से अमेरिका में घुसा था। ट्रंप के इस ऐलान से अब अमेरिका में रह रहे अफगान नागरिकों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी, क्योंकि उन्हें अब सख्त जांच से गुजरना होगा।






### गुना में यूरिया वितरण पर सवाल



मृतक भुरिया बाई



विलाप करते परिजन

# खाद के लिए दो दिन लाइन में खड़ी रही महिला की गई जान

⏩ कलेक्टर का दावा- महिला की मौत ब्लड शुगर लेवल बढ़ने से हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बमोरी विधानसभा क्षेत्र में खाद वितरण में अव्यवस्था की अफरा-तफरी बुधवार रात एक दर्दनाक मोड़ ले गई। कुशेपुर गांव की आदिवासी महिला किसान भुरिया बाई की मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया है।

दो दिनों से बागेरी खाद केंद्र पर लाइन में लगी भुरिया बाई ठंड, भूख-प्यास और थकान से कमजोर हो गई थीं। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि लंबी कतार और ठंड में इंतजार ने उनकी हालत खराब कर दी। घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया। कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि महिला की मौत ब्लड शुगर लेवल बढ़ने और स्वास्थ्य खराब होने के कारण हुई। उन्होंने किसानों से अपील की कि जिले में खाद की पर्याप्त आपूर्ति है, इसलिए अनावश्यक भीड़ न लगाएं। कांग्रेस विधायक ऋषि अग्रवाल ने सवाल उठाए अगर खाद पर्याप्त है तो किसान लाइन में क्यों खड़े हैं? घटना की जानकारी मिलते ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अधिकारियों को तत्काल गांव पहुंचने और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।




जबलपुर
शुक्रवार, 28 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष-8
वर्ष : 20, अंक : 210
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 16

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**6 साल की मासूम से दरिंदगी : रात में एसपी ने खुद जंगल में की सर्चिंग, बच्ची की हालत में सुधार**

# गौहरगंज दुष्कर्म के दरिंदे के दो वीडियो सामने आए


आरोपी सलमान का फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रायसेन के गौहरगंज में 6 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के फरार दरिंदे सलमान के दो वीडियो सामने आए हैं। वारदात के छह दिन बाद भी सलमान पुलिस की गिरफ्त से दूर है। वीडियो में सलमान चाय की दुकान से सिगरेट खरीदता दिख रहा है।

ये कैमरा दुकान में लगा हुआ है। अलग-अलग दो वीडियो है। एक में आरोपी टीशर्ट पहने हुए है तो दूसरे में शर्ट पहने हुए है। दोनों वीडियो घटना के बाद के बताए जा रहे हैं। दावा है कि ये वीडियो दुष्कर्म के लगभग 3 घंटे बाद का हो सकता है।

**सिगरेट खरीदते कैमरे में कैद हुआ फरार सलमान**

**वारदात के छह दिन बाद भी सलमान पुलिस की गिरफ्त से दूर**

## कलेक्टर व एसपी ने समाज के अलग-अलग वर्गों की बैठक ली

इधर, आईजी मिथिलेश कुमार ने बताया कि तलाशी का दायरा बढ़ाया है। करीब 20 विशेष टीमें और 300 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी लगातार जंगल, खेत, गांव और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रहे हैं। ड्रोन कैमरों की सहायता ली जा रही है, मस्जिदों और मंदिरों में भी तलाश जारी है, ताकि कोई भी सुराग हाथ से छूट न जाए। रायसेन जिले के प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया कि एम्स अस्पताल के डॉक्टरों से चर्चा हुई है, जिन्होंने बच्ची की हालत में सुधार की पुष्टि की है। डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार बच्ची को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। बुधवार को गौहरगंज थाना क्षेत्र में चल रहा धरना-प्रदर्शन समाप्त हो गया था। गुरुवार को कलेक्टर व एसपी ने समाज के अलग-अलग वर्गों की बैठक लेकर शांति की अपील की है।

**भगवान श्रीराम की कांस्य मूर्ति**



**गोवा में दुनिया की सबसे ऊंची श्रीराम प्रतिमा का अनावरण करेंगे पीएम आज**

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार ने ही बनाई 77 फीट लंबी प्रतिमा

**दक्षिण गोवा जिले में श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगेगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण गोवा जिले में शुक्रवार को श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में भगवान राम की 77 फुट ऊंची कांस्य की मूर्ति का अनावरण करेंगे। मठ की केंद्रीय समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास डेंपो ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 3.45 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। मठ परिसर में एक विशेष हेलीपैड बनाया गया है।

गोवा लोक निर्माण विभाग के मंत्री दिगंबर कामत ने कहा कि गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का डिजाइन तैयार करने वाले मूर्तिकार राम सुतार ने ही भगवान राम की मूर्ति बनाई है। मंत्री ने कहा कि यह दुनिया में श्री राम की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। श्रीनिवास डेंपो ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी एक जनसभा को संबोधित करने से पहले मठ में बने मंदिर भी जाएंगे। उन्होंने बताया कि गोवा के राज्यपाल अशोक गजपति राजू, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक तथा राज्य के कैबिनेट मंत्री इस समारोह में शामिल होंगे। मठ परंपरा के 550 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 27 नवंबर से 7 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डेंपो ने बताया कि गोवा में मठ परिसर का निर्माण 370 साल पहले कैनाकोना (दक्षिण गोवा जिला) के पार्टागल गांव में किया गया था। उन्होंने बताया कि इन दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है और प्रतिदिन 7,000 से 10,000 लोगों के मठ परिसर में आने की उम्मीद है। कामत ने कहा कि सदियों से आध्यात्मिक केंद्र के रूप में सेवारत मठ के परिसर का पूरा नवीनीकरण किया गया है और इसे आधुनिक रूप दिया गया है।




**खबर संक्षेप**

### मुंबई में व्यापारी को लगाया 35 करोड़ का चूना



**मुंबई।** माटुंगा वेस्ट के 72 वर्षीय बुजुर्ग कारोबारी भरत हरकचंद शहा के साथ 35 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। उन्होंने गोरेगांव (पूर्व) स्थित ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड पर उनके और उनकी पत्नी के डीमेट खातों में हेरफेर का आरोप कर ठगी का आरोप लगाया। कहा कि कंपनी ने धोखे से ट्रेडिंग में फंसाकी करोड़ों रुपए के शेयर बेचे।

### लिव-इन पार्टनर की हत्या, कार में शव



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के छावला इलाके में 44 वर्षीय एक महिला की नशे में धुत उसके 'लिव-इन' साथी ने हत्या कर दी। पैसों को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी ने महिला का गला अपनी कोहनी से दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान वीरेंद्र (35) के रूप में हुई है।

### हर हिंदू पैदा करे कम से कम 4 बच्चे: शास्त्री



**शिवपुरी।** धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदुओं को कम से कम 4 बच्चे पैदा करने की नसीहत दी है। उन्होंने हिंदुओं की घटती आबादी पर चिंता भी जताई है। शिवपुरी में शास्त्री ने कहा कि जब चच्चे के तीस बच्चे हो सकते हैं, तो हिंदुओं के चार क्यों नहीं? देश को गजवा-ए-हिंद नहीं होने देंगे। हमें इसे 'भगवा हिंद' बनाना है। इसके लिए संसद में जाने की जरूरत नहीं है।

**वीआईटी छात्रों का गंभीर आरोप... कॉलेज में जेल के कैदियों जैसा बर्ताव**

# सीएम ने लिया संज्ञान, मंत्री गौर पहुंचीं सीहोर कॉलेज का दौरा कर कहा-प्रबंधन की स्पष्ट चूक

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की है। प्रभारी मंत्री गौर को तत्काल सीहोर भेजा*


वीआईटी कॉलेज में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर/भोपाल

कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज परिसर में भोजन और पेयजल की गुणवत्ता को लेकर छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शन और तोड़फोड़ के बाद से परिसर का माहौल गरमाया हुआ है। इस घटना ने कॉलेज प्रबंधन पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रबंधन के छुट्टी के फरमान के बाद घर जा रहे छात्रों ने मीडिया के सामने जेल के कैदियों जैसा बर्ताव किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। वीआईटी में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि वे 7 से 10 लाख रुपए की भारी-भरकम फीस जमा करते हैं, लेकिन उन्हें जो भोजन परोसा जाता है, उसकी गुणवत्ता बेहद खराब होती है और उसका मैन्यू भी प्रबंधन द्वारा फिक्स रखा जाता है। एक छात्र ने आरोप लगाया जब हम कॉलेज प्रबंधन से शिकायत करते हैं तो हमें तुरंत कॉलेज से सस्पेंड करने या फिर परीक्षा में नंबर कम करने की धमकी दी जाती है।

**घटिया भोजन की आवाज उठाने पर सस्पेंड या नंबर कम करने की धमकी**


जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने वीआईटी कॉलेज में पहुंचकर छात्राओं से बात की

**पिता के भावुक मेल ने खोली हॉस्टल अव्यवस्था की पोल**

**खराब भोजन और संस्थान प्रबंधन की लापरवाही ने ली जान**

## प्रशासन का डबल एक्शन... दो एफआईआर दर्ज

उधर, जिला पुलिस और प्रशासन ने तोड़फोड़ और मारपीट की घटना पर डबल एक्शन लिया है। पुलिस ने दो अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। कॉलेज प्रबंधन द्वारा परिसर में हुए लाखों के नुकसान की शिकायत पर पुलिस ने थाना आष्टा में अज्ञात छात्रों के खिलाफ बलवा, आगजनी, तोड़फोड़ एवं अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### खाद्य सैंपल जांच के लिए भेजे गए

पीएचई एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने तत्काल भोजन और पेयजल के सैंपल जांच के लिए ले लिए हैं। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कॉलेज प्रबंधन से विस्तृत चर्चा कर घटना के मूल कारण जाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### बेटी 10 दिन आईसीयू में लड़ती रही और फिर हुई मौत

वीआईटी में पढ़ने वाली 19 वर्षीय छात्रा नेहा साहूकार की मौत के बाद कैंपस में लगातार तनाव बना हुआ है। नेहा के बिलासपुर निवासी पिता सुनील साहूकार का एक भावुक ईमेल सामने आया है, जिसने वीआईटी में अव्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। सुनील कुमार साहूकार ने कॉलेज प्रबंधन को भेजे मेल में लिखा कि उनकी बेटी का 24 नवंबर को बिलासपुर में निधन हो गया था। वह आईसीयू में 10 दिन तक लड़ती रही। उसकी ट्यूशन और हॉस्टल फीस वापस करने पर विचार करें। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 8 दिसंबर तक छुट्टी कैंपस में सन्नाटा

कॉलेज प्रशासन ने 8 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है। जिसके चलते लगभग 70% छात्राएं अपने-अपने घर रवाना हो चुकी हैं फिलहाल कैंपस में केवल वही कुछ छात्राएं मौजूद हैं जिनके पास घर जाने का कोई साधन उपलब्ध नहीं है।

**इंदौर-भोपाल हाईवे पर बड़ा हादसा**

# कोहरे से खड़े ट्रक में जा घुसी कार, दो की मौत, तीन घायल

**महू इंदौर के पांच लोग विवाह समारोह के लिए भोपाल आ रहे थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर


क्षतिग्रस्त हालत में कार

इंदौर-भोपाल हाईवे पर गुरुवार की सुबह दरबार ढाबे के पास महू का एक परिवार दुर्घटना का शिकार हो गया। पांच लोग एक विवाह समारोह के लिए भोपाल जा रहे थे। दरबार ढाबे के पास उनकी कार खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से मलबे में बदल गया।

**दिग्विजय ने कोर्ट से किया अनुरोध**

# राम मंदिर चंदा मामले में लाइव स्ट्रीमिंग नहीं होगी

**आरोप-अल्पसंख्यकों को टारगेट किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर


दिग्विजय सिंह

इंदौर हाईकोर्ट में राम मंदिर मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने याचिका लगाई थी। गुरुवार को हुई सुनवाई में वे मौजूद रहे। सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग के दुरुपयोग का हवाला देकर उन्होंने उसे बंद करने का आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने माना। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मंदिर वे भी राम मंदिर निर्माण के पवित्र काम का समर्थन करते हैं, इसके लिए उन्होंने भी राशि दी, लेकिन यह काम स्वैच्छिक होना चाहिए। दान के लिए अल्पसंख्यक वर्ग पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। इसकी आड़ में कई जगह अल्पसंख्यक लोगों को टारगेट किया। धन संग्रह रैलियों के दौरान हिंसा भी हुई, लेकिन अफसरों ने इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया था।

# युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

**पानी के प्रेशर से बेरिकेड से गिरे कई कार्यकर्ता**


पुलिस ने 80 कार्यकर्ताओं को पकड़ा और पुरानी जेल के पास ले जाकर छोड़ दिया

### चुनाव आयोग दफ्तर घेरने जा रहे थे

**भोपाल।** मप्र यूथ कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेशभर से भोपाल आए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर एसआईआर का विरोध किया। वे जुलूस की शक्ल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ऑफिस का घेराव करने निकले,तो पुलिस ने व्यापमं चौराहे पर बेरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। आगे बढ़ने को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच टकराव भी हुआ।

**नायब तहसीलदार ने गार्ड को पीटा**

# थप्पड़ के बाद डंडों की बरसात 'मैडम' की हरकत कैमरे में कैद

**नायब तहसीलदार ज्योति का आरोप गार्ड अनर्गल बात करता था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना तहसील में पदस्थ महिला नायब तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार ने एक निजी बिल्डिंग के सुरक्षा गार्ड की डंडे से पिटाई कर दी।

घटना बुधवार शाम की है, जो बिल्डिंग के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पीड़ित 50 वर्षीय गार्ड ने सिटी कोतवाली पहुंचकर तहसीलदार के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है। चूंकि मामला एक प्रशासनिक अधिकारी से जुड़ा है, पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की


ज्योति लाक्षाकार

बात कह रही है। गार्ड मोहरमन शर्मा ने आवेदन में बताया कि बिल्डिंग में रहने वाली ज्योति मैडम ने ड्राइवर अल्ली के जरिए मुझे बुलाया। उन्होंने पूछा कि तू मेरे ड्राइवर से क्या बोल रहा था? मैंने जवाब दिया कि मैडम आज अपनी गाड़ी में नहीं गईं, किसी अन्य गाड़ी में गई हैं। आरोप है कि इस बात से नाराज नायब तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार ने पहले गार्ड को थप्पड़ मारे। इसके बाद उन्होंने गार्ड रूम से डंडा उठाया और उससे मारपीट शुरू कर दी। मैडम ने गालियां भी दीं। यह पूरी घटना वहां मौजूद अन्य गार्डों ने भी देखी। मामला राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर स्थित रॉयल रेजीडेंसी का बताया जा रहा है, जहां नायब ज्योति लाक्षाकार निवास करती हैं।

**मेडिकल कॉलेजों की मान्यता में अनियमितताओं को लेकर एक्शन**

**मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से जुड़ी जानकारी लीक करने का आरोप**

# मप्र और तेलंगाना से लेकर यूपी तक 15 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेडिकल कॉलेजों की मान्यता में अनियमितताओं के मामले में गुरुवार को देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की।

यह कार्रवाई सीबीआई की ओर से 30 जून 2024 को दर्ज एफआईआर के आधार पर की जा रही है। इसमें आरोप है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी थी।

**आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के एनएमसी-मेडिकल कॉलेजों पर आई आंच**

### भारत-म्यांमार सीमा पर ड्रग्स तस्करी मामले में की गई छापेमारी


म्यांमार बॉर्डर पर मिले रुपए

इस बीच ईडी ने भारत-म्यांमार सीमा पर ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की। इसके साथ ही गुजरात और असम के कुछ स्थानों की भी तलाशी ली गई। जांच के दौरान एजेंसी ने 35 लाख रुपए नकद और कुछ डिजिटल उपकरण भी जब्त किए।

### एफआईआर में 34 लोग नामजद

एफआईआर में 34 लोगों को नामजद किया गया था, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयुक्त (एनएमसी) निरीक्षण दल के पांच डॉक्टर शामिल थे। जांच के दौरान सीबीआई ने अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन एनएमसी डॉक्टर भी शामिल हैं।

**गंभीर स्तर की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप**

ईडी अधिकारियों के अनुसार इस कथित रैकेट के जरिए मेडिकल कॉलेजों को पैरामीटर में बदलाव और अनुकूल रिपोर्ट पाने का मौका मिला। सीबीआई ने इस नेटवर्क को उजागर करते हुए बताया था कि इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी, एनएमसी के सदस्य, बिचौलिए और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल थे, जो गंभीर स्तर की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार में लिप्त थे।

# भारतीय सेना में होंगे अहम बदलाव! जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तय किए 4 टारगेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चार अहम लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने 2047 तक तय किए गए इन 4 टारगेट को स्प्रिंगबोर्ड कहा है, जो आने वाले सालों में सेना में बड़े बदलाव लाएंगे।

गुरुवार को दो दिवसीय चाणक्य डिफेंस डायलॉग के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने बताया कि ये चारों लक्ष्य 2047 तक सेना को बदलने की तीन चरणीय योजना का हिस्सा होंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि सेना को सशक्त करने के लिए पहला लक्ष्य आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के माध्यम सशक्तिकरण है। जिसके नतीजे रक्षा निर्माण, अंतरिक्ष में उपलब्धियां और सैन्य तकनीक को सेना द्वारा तेजी से अपनाने में दिख रहे हैं। जबकि स्प्रिंगबोर्ड में दूसरा टारगेट इनोवेशन है। इसके अलावा आर्मी चीफ ने कहा कि दुनिया में कई दशकों तक विश्वयुद्ध के बाद शांति थी, लेकिन अब शांति धीरे-धीरे खत्म होने वाली है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में दुनिया में 50 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं, जिसका मतलब है कि दुनिया के आधे देश सेमी और फुल स्केल वॉर के करीब हैं या वॉर में हैं। जनरल ने कहा कि ऐसे में शायद यह कहना भी कमतर होगा कि हम एक अशांत समय में जी रहे हैं। स्थिति आशांति से ज्यादा बदतर है, क्योंकि देखा जाए तो अघोषित रूप से 100 देश जंग की आग में जल रहे हैं।

# युद्ध की आग में जल रहे हैं दुनिया के 100 देश भारत बना रहा विश्व की सबसे ताकतवर सेना!

*रक्षा मंत्री ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया था*

*ये सुधार 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखने को भी मिले*

## इंटरैक्टिव सेशन में प्राप्त हुए 14,600 करोड़ रुपए के निवेश



इंडियन आर्मी के इस भविष्य की रणनीतियों को लेकर मंथन वाले कार्यक्रम में जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना विजन और दुनिया भर में चल रही जंगों पर अपने विचार रखे। साथ ही इन जंगों के परिणामस्वारूप बदलती जियोपॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी। आर्मी चीफ ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया मल्टीपोलर होती जा रही है। जहां बड़ी शक्तियां लगातर टकराव और प्रतिस्पर्धा में लगी हुई हैं। उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद शुरू हुआ कोल्ड वॉर खत्म हुई तो दुनिया एकध्रुवीय बनी, लेकिन एक बार से दुनिया कोल्ड वॉर की तरफ बढ़ रही है। इस

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन की तारीफ

*आर्मी चीफ ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि इस पूरी दिशा को और मजबूती तब मिली, जब रक्षा मंत्री ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया। ये सुधार 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखने को भी मिले, जहां तैयारियों और सुधारों ने निर्णायक नतीजे दिए।*

### 2047 का आर्मी चीफ ने बताया रोडमैप

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना का 2047 तक का रोड मैप बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया राष्ट्रीय सुरक्षा, रोक-थाम और युद्ध क्षमताओं पर ध्यान दे रही है, तो यह सवाल उठता है कि भारतीय सेना को खुद को कैसे रूपांतरित करना चाहिए। जिससे सेना बदलते वैश्विक माहौल में निर्णायक और तैयार बनी रहे। उन्होंने कहा कि इसका जवाब प्रधानमंत्री मोदी के 5एस विजन- सम्मान, संवाद, सहयोग, समृद्धि और सुरक्षा से मिलता है। ये सिद्धांत बताते हैं कि 'अमृत काल' में एक विकसित भारत बनाने के लिए पूरे देश की कार्य-प्रणाली कैसे सोचें, मिलकर काम करे और आगे बढ़े।

### विजन के अनुरूप सेना की चरणबद्ध योजना

भारत सरकार ने 2047 तक देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने में देश की संस्था को काम करना होगा। समय के हिसाब से सेना, सरकार और उद्योगों को भी बदलना होगा। सेना को लेकर जनरल द्विवेदी ने बताया कि विकसित भारत के विजन के अनुरूप भारतीय सेना

**पहला चरण (2032 तक)**

यह तेज बदलाव और परिवर्तन का दशक होगा, जिसमें एक व्यापक ढांचा तैयार किया जाएगा

**दूसरा चरण (2037 तक)**

इसमें पहले चरण में मिले फायदों को मजबूत करना होगा

**तीसरा चरण (2047 तक)**

इसमें सेना को एकीकृत, भविष्य के लिए तैयार आधुनिक सैन्य शक्ति के रूप में बदलना है।

## खबर संक्षेप

### मुनीर को पाकिस्तान का पहला सीडीएफ बनाया



**इस्लामाबाद।** सेनाओं पर पूर्ण नियंत्रण के लिए पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) नियुक्त कर उनकी शक्ति में भारी इजाफा किया है। यह पद भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के समकक्ष है। अब मुनीर के अधीन थल, जल और वायु सेना का पूरा नियंत्रण आ गया है। ऑपरेशन सिंदूर में हार के बाद सरकार ने तीनों सेनाओं में समन्वय के लिए यह कदम उठाया। 27वें संशोधन बिल पारित कराया था।

### रूसः विस्फोट मामले में 8 लोगों को मौत की सजा



**मॉस्को।** रूसी अदालत ने गुरुवार को क्रीमिया पुल विस्फोट मामले में आठ लोगों को आतंकवाद के आरोप में दोषी ठहराते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई। अक्टूबर 2022 में हुए इस हमले में ट्रक बम फटने से पुल के दो हिस्से ढह गए थे, जिससे रूस की सैन्य आपूर्ति बाधित हुई। धमाके में पांच लोग मारे गए थे। रूस ने इसे आतंकी हमला बताया गया था और जवाब में यूक्रेन की बिजली व्यवस्था पर बड़े हमले किए गए थे।

### वजन घटाने का खतरनाक चैलेंज, कोच की मौत



**मॉस्को।** मोटापा आज डायबिटीज, हार्ट अटैक और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का बड़ा कारण है। इसे नियंत्रित रखना जरूरी है, लेकिन जल्दबाजी घातक हो सकती है। रूस के 30 वर्षीय मशहूर फिटनेस कोच व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर दिमित्री नुयानजिन ने अपने नए वेट लॉस प्रोग्राम को प्रमोट करने के लिए पहले तेजी से वजन बढ़ाया और फिर उसे तेजी से घटाने का चैलेंज लिया। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और कार्डियक अरेस्ट से उनकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि शरीर के लिए खतरनाक है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया, अगले साल होगी लॉन्चिंग

# भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार 300 किलो के सैटेलाइट अंतरिक्ष में ले जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2026 में लॉन्च होने वाले रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर

स्कायरूट इससे पहले नवंबर 2022 में विक्रम-एस लॉन्च कर चुका है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने 2018 में की थी। यह दोनों आईआईटी पासआउट हैं और इसरो के पूर्व साइंटिस्ट रह चुके हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस सेक्टर तेजी से बदल रहा है और देश ने 'विश्वसनीयता, क्षमता और मूल्य' के आधार पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की नवाचार और जोखिम लेने की क्षमता नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले वर्षों में भारत सैटेलाइट लॉन्चिंग में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि सरकार 'नेशनल रिसर्च फाउंडेशन', 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' और 1 लाख करोड़ रुपए के रिसर्च और इनोवेशन फंड जैसे प्रयासों के जरिए युवाओं के लिए बड़े अवसर खोल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेस सेक्टर में भारत की क्षमताएं दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों के बराबर हैं और पिछले छह-सात वर्षों में इस क्षेत्र को खुला और नवाचार-प्रधान बनाया गया है।

### चार चरणों में बना है विक्रम-1, क्षमतानुसार दिए अलग अलग नाम



पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया

विक्रम-1 को चार चरणों में बनाया गया है। पहला चरण, कैलाम-1200, एक बड़ा सॉलिड-फ्यूल बूस्टर है जो शुरुआती थ्रस्ट प्रदान करता है। दूसरा चरण, कैलाम-250, मध्य-उड़ान में रॉकेट को आगे बढ़ाता है। तीसरा चरण, कैलाम-100, अंतरिक्ष के वैक्यूम में काम करता है और विशेष कार्बन एब्लेटिव नोजल तथा ईपीडीएम थर्मल प्रोटेक्शन से लैस है। चौथे चरण में चार रमन इंजन लगे हैं, जो हाइपरगोलिक ईंधन पर चलते हैं और कक्षा में पहुंचने के बाद बेहद सटीक दिशा नियंत्रण और उपग्रहों की सही स्थिति तय करने में मदद करते हैं। स्कायरूट ने 3डी-प्रिंटेड लिक्विड इंजनों का भी इस्तेमाल किया है, जिससे रॉकेट का वजन काफी कम हुआ है और निर्माण समय भी घटा है। कंपनी ने बताया है कि विक्रम-1 की पहली उड़ान 2026 की शुरुआत में प्रस्तावित है। यह रॉकेट प्राइवेट सैटेलाइट के लिए समर्पित लॉन्च, राइडशेयर मिशन और एक ही उड़ान में अलग-अलग कक्षाओं में उपग्रह भेजने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### 2 लाख वर्ग फिट में है नया इन्फिनिटी कैंपस

स्कायरूट का नया इन्फिनिटी कैंपस लगभग 2 लाख वर्ग फिट में बना एक अत्याधुनिक केंद्र है, जहां रॉकेट का डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग एक ही जगह की जा सकती है। कंपनी का कहना है कि यह सुविधा हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाने की क्षमता रखती है। स्कायरूट एयरोस्पेस की स्थापना आईआईटी के पूर्व छात्रों और इसरो के पूर्व वैज्ञानिक पवन चंदना और भरत डाका ने की थी। विक्रम-एस मिशन की सफलता के बाद स्कायरूट भारत का पहला स्टार्टअप बना जिसने श्रीहरिकोटा से रॉकेट लॉन्च किया।

### पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल

*विक्रम-1 स्कायरूट का पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है, जो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के लिए बनाया गया है। इसका नाम भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। 20 मीटर ऊँचा और 1.7 मीटर व्यास वाला यह रॉकेट पूरी तरह कार्बन-कॉम्पोजिट सामग्री से बना है और 1200केएन का थ्रस्ट पैदा करता है। इसकी क्षमता मिशन के आधार पर 260 से 480 किलोग्राम तक भार को लो-अर्थ या सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट में ले जाने की है।*

## दावों की बताई हकीकत

# डील रद्द नहीं हुई, आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं, एसयू-30 जेट चाहता है



एजेंसी ▶▶ येरेवन

दुबई में एयर शो के दौरान भारत के तेजस लड़ाकू विमान के क्रैश होने के बाद कई तरह की बातें सामने आई हैं। इनमें कई तेजस की डील से भी जुड़ी हैं। खासतौर से इजराइली मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में दावा किया गया है कि दुबई क्रैश के बाद आर्मीनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने की बातचीत रोक दी है। हालांकि इन दावों में सच्चाई नहीं है। एक्सपर्ट ने बताया है कि आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं एसयू-30 जेट चाहता है। कुछ प्लेटफॉर्म ने दावा किया है कि आर्मीनिया की भारत सरकार और एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी एचएएल के साथ 1.2 अरब में 12 तेजस खरीदने की डील कैंसिल हो गई है। यह दुबई एयरशो में तेजस फाइटर जेट के क्रैश होने के बाद हुआ है। यह 24 सालों में इस एयरक्राफ्ट के हादसे का शिकार होने का दूसरा मामला है। खबरों के मुताबिक, दुबई में सिंगल-इंजन, 4.5-जेनरेशन का लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके 1 हादसे का शिकार हुआ। भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट के लिए इसे बड़ा झटका माना गया है। दुबई एयरशो पेरिस और फार्नबोरो के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहां से तेजस के संभावित खरीदारों को लुभाया जा सकता था।

### क्या-क्या हुए दावे, सभी को किया खारिज

एनालिस्ट चेतावनी दे रहे हैं कि इस दुबई के इस हादसे से दुनिया का तेजस पर भरोसा कम हो सकता है। यह इसलिए भी झटका है क्योंकि इसको चीन के जे-10सीई और पाकिस्तान के जेएफ-17 ब्लॉक 3 जैसे कॉम्पिटिटर प्लेटफॉर्म के तौर पर दिखाया गया था। चीन और पाकिस्तान के जेट भी उसी मार्केट के लिए मुकाबला कर रहे हैं। आर्मीनिया की ओर से 12 तेजस जेट के लिए भारत से डील रद्द करने के दावे को भारतीय एक्सपर्ट ने खारिज किया है।

### क्रैश को डील से जोड़ना गलत

दूसरी ओर एक्सपर्ट का कहना है कि फाइटर जेट की बिक्री जियो पॉलिटिकल असलियत से तय होती है। इस क्रैश से कोई डील पटरी से नहीं उतरी।




## 5500 के आरोप वापस जेल से हुए रिहा

# म्यांमार ने 3 हजार से ज्यादा कैदियों को दी सामूहिक माफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार की सेना ने एक और बड़ा फैसला करते हुए 3000 से ज्यादा कैदियों को जेल से रिहा कर दिया है। जबकि 5500 लोगों पर लगे आरोपों को वापस ले लिया है।

बैंकॉकः भारत के पड़ोसी देश म्यांमार की प्रसिद्ध इंसेन जेल से गुरुवार को बड़ी संख्या में कैदियों को क्षमादान किए जाने के बाद रिहा कर दिया गया। जेल गेट के बाहर सुबह से इंतजार कर रहे रिश्तेदारों और दोस्तों ने फूल-मालाएं पहनाकर और गले लगाकर उनका भावुक स्वागत किया। यह रिहाई अगले महीने 28 दिसंबर को होने वाले आम चुनाव से पहले सैन्य शासकों द्वारा दी गई सामूहिक माफी के तहत की गई है। जेल के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र मतदाता आगामी चुनाव में हिस्सा ले सकें। पुष्टि की कि गुरुवार से कैदियों की रिहाई शुरू हो गई है, लेकिन उन्होंने रिहा होने वाले कैदियों की सटीक संख्या या उनकी पहचान बताने से इनकार कर दिया।फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि रिहा किए गए कैदियों में म्यांमार की पूर्व नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू ची भी शामिल हैं या नहीं। सू ची 2021 के सैन्य तख्तापलट में अपदस्थ हुई नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) सरकार की नेता थीं और फरवरी 2021 से वह पूरी तरह नजरबंद हैं; उनसे बाहर की दुनिया का कोई संपर्क नहीं है।



फाइल फोटो

## हॉन्गकॉन्ग में 77 साल की भीषण आग

# 8 इमारतों में लगी आग, झुलसकर 65 की मौत, 280 लापता, 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉन्गकॉन्ग के 'ताई पो' जिले में बुधवार को एक बड़े रिहायशी कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। यह 77 साल में लगी सबसे भीषण आग बताई जा रही है। आग इतनी तेज थी कि 24 घंटे बाद भी 8 में से सिर्फ 5 इमारतों पर काबू पा लिया गया, 3 इमारतों की ऊपरी मंजिलों में आग अभी भी जल रही है। लोग रोते और बिलखते दिख रहे हैं।



इस हादसे में अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 76 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 280 लापता हैं। ये कॉम्प्लेक्स आठ इमारतों का था, जिनमें हर इमारत 35 मंजिलों की थी। इसमें करीब दो हजार अपार्टमेंट थे। जांच में पता चला कि लिफ्ट की खिड़कियों को ढकने के लिए इस्तेमाल किया गया स्टायरोफॉम में आग तेजी से फैली। इसी वजह से आग इतनी तेजी से फैल गई।

## 100 रुपए की नई करेंसी में भारत के 3 क्षेत्रों पर दावा

# कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश का हिस्सा दिखाया

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल ने भारत से फिर पंगा ले लिया है। नेपाल ने इस बार बिलकुल चीन जैसी हरकत की है। उसने अपने 100 रुपए की नई करेंसी पर भारत के 3 क्षेत्रों को अपना दिखाकर नया विवाद पैदा कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच फिर से संबंधों में बड़ा तनाव आने की आशंका है।

बता दें कि नेपाल के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को 100 रुपए का नया नोट जारी किया, जिसमें देश का संशोधित राजनीतिक मानचित्र छपा है। 100 रुपए की करेंसी में छपे इस मानचित्र में नेपाल ने विवादित कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश के हिस्से के रूप में दिखाया है। भारत ने इस कदम को एकतरफा और कृत्रिम क्षेत्रीय विस्तार करार दिया है। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) द्वारा जारी इस नए नोट पर पूर्व गवर्नर डॉ. महाप्रसाद अधिकारी के हस्ताक्षर हैं तथा जारी करने की तिथि विक्रम संवत 2081 (2024 ईस्वी) अंकित है। तत्कालीन प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार ने मई 2020 में संसद से संविधान संशोधन पारित कर कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्र में शामिल करते हुए नए मानचित्र को आधिकारिक मान्यता दी थी। उसी संशोधित मानचित्र को अब 100 रुपये के नोट पर छापा गया है।

भारत ने नेपाल की इस हरकत पर बहुत ही कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भारत ने दोहराया है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके अभिन्न अंग हैं और नेपाल का यह कदम तथ्यात्मक रूप से गलत तथा स्वीकार्य नहीं है। नेपाल की सीमा पांच भारतीय राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड- से 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबाई में लगती है।




नोट पर दिखाया नक्शा

### पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली की करतूत

इसे पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की करतूतों का नतीजा बताया जा रहा है, जिन्हें हाल ही में जेन-जी के आंदोलन में अपदस्थ कर दिया गया था। एनआरबी के प्रवक्ता गुणाकर भट्ट ने स्पष्ट किया कि नेपाल के बैंक नोटों में सिर्फ 100 रुपये के नोट पर ही देश का मानचित्र छपा होता है। 5, 10, 20, 50, 500 और 1,000 रुपए के नोटों पर कोई मानचित्र नहीं होता। उन्होंने कहा, पुराने 100 रुपए के नोट में भी यही मानचित्र था; अब केवल उसे सरकार के नवीनतम निर्णय के अनुरूप अपडेट किया गया है।



# भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत बनाने में जुटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को सागर के भाजपा संभागीय कार्यालय में सागर एवं सागर ग्रामीण जिले की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर ऐतिहासिक विजय का लक्ष्य लेकर संगठन को मजबूत करने में जुटें। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय भी एसआईआर हुआ था। निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर आवश्यक है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने सागर एवं सागर ग्रामीण जिले के सांसद, जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव-2023 के प्रत्याशियों को संबोधित कर कोर ग्रुप की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यकर्ता जनता और सरकार के बीच की कड़ी बनकर कार्य करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक के पूर्व संविधान दिवस पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर संविधान की प्रति को नमन किया। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता की लालच में समाज को समाज से लड़ाने का कार्य किया।

## सागर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने ली बैठक, कार्यकर्ताओं के साथ मनाया संविधान दिवस

बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के बनाए संविधान से भारत का लोकतंत्र मजबूत बना: खंडेलवाल



सागर में बाबा साहेब को नमन करते भाजपा पदाधिकारी, मंत्री, विधायक।



संविधान दिवस पर मंच पर राष्ट्रगान करते अतिथि।

### कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें, भाजपा संगठन स्वयं करता है कार्यकर्ताओं की चिंता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ता जनता की चिंता करें, उनके कल्याण के लिए कार्य करें। पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं की चिंता स्वयं कर रहा है। कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें, उसकी चिंता करें। संगठन सभी कार्यकर्ताओं को समय-समय पर कार्य करने का अवसर अवश्य देता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, यहां न तो कोई छोटा होता है और न ही बड़ा। सभी कार्यकर्ता समान होते हैं, सिर्फ दायित्व अलग-अलग होता है। इसलिए सभी कार्यकर्ता स्वयं की चिंता छोड़कर पार्टी संगठन और विचारधारा को आगे रखकर कार्य करें। आप सभी अपने संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए कार्य करें, ताकि भाजपा आने वाले सभी चुनावों में हर बूथ और हर मंडल को ऐतिहासिक महुमत से जीत सके।

### एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें भाजपा कार्यकर्ता

*खण्डेलवाल ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) निर्वाचन आयोग पहली बार नहीं करा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू और स्व. इंदिरा गांधी के समय में भी निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का अभियान चलाया था। यह प्रक्रिया हर 20-25 साल में निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चलाया जाता है। इस अभियान में फर्जी मतदाताओं को चिन्हित किया जाकर उनका समाधान किया जाता है। भाजपा कार्यकर्ता यह अवश्य देखें कि आपके बूथ, क्षेत्र में ऐसे किसी व्यक्ति का नाम तो नहीं है, जो वहां नहीं रहता। अगर ऐसा कोई संदिग्ध मतदाता का नाम मिलता है तो आपत्ति दर्ज कराएं।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का रोड शो में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

*खण्डेलवाल का सागर में रोड शो के दौरान जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। रोड शो मोती नगर चौराहे से प्रारंभ होकर बी एस जैन बंगला, शीतला माता चौरहा, सागर सरोज चौराहा, संविधान चौक होते हुए भाजपा संभगीय कार्यालय पहुंचा। संविधान चौक पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने संविधान दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। रोड शो के मार्ग के दोनों तरफ लोग और संगठनों ने मंच लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।*

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- गौतमपुरा में खुलेगा महाविद्यालय, पीएचसी अब सीएचसी में होगा अपग्रेड

# इंदौर से देपालपुर तक 745 करोड़ रुपए से बनाई जाएगी फोरलेन रोड

*इंदौर से हातौद तक बनाई जाएगी फोरलेन सड़क बनाने का दिया आश्वासन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के गौतमपुरा में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

इनमें इनगोरिया से देपालपुर तक मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है। यह 10 मीटर चौड़ी सड़क होगी, जो देपालपुर और बड़नगर विधानसभा क्षेत्रों को आपस में जोड़ेगी।

**खास बातें**

- इनगोरिया से देपालपुर तक मार्ग निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन
- किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम





गौतमपुरा में आयोजित समारोह में विकास कार्यों का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की प्रमुख घोषणाएं

*स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर से देपालपुर तक फोरलेन रोड के निर्माण की घोषणा की। यह 37 किमी लंबी रोड होगी, जिसके निर्माण पर करीब 745 करोड़ रुपए खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने गौतमपुरा में महाविद्यालय खोलने तथा यहां के वर्तमान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में प्रोन्नत (अपग्रेड) करने की घोषणा की। अब यहां एक सर्वसुविधायुक्त बड़ा अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंदौर से हातौद तक फोरलेन सड़क बनाने की बात भी कही।*

### एक-एक खेत तक पहुंचाएंगे पानी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में किसान हितैषी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे हमारा प्रदेश कृषि के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी बना रहे। किसानों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार भावांतर की राशि दे रही है, वहीं केन्द्र सरकार से किसानों को सम्मान निधि भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी खेत सिंचाई सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। हम एक-एक खेत तक पानी पहुंचाएंगे। देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में 1538 करोड़ रुपए की लागत से 27 हजार हेक्टेयर रकबे को सिंचित करने के लिए चंबल नदी पर एक बैराज बनाया जा रहा है। इससे विधानसभा क्षेत्र के 75 गांव लाभान्वित होंगे।*

### प्रदेश में चल रहा है विकास का दौर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर पॉवर पम्प के जरिए हम किसानों को ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इससे किसान अपनी बिजली से ही अपना खेत-अपना घर-अपनी दुकान रोशन कर सकेंगे। बिजली बिल का झंझट अब खत्म हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास का दौर चल रहा है। यह क्रम आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि मालवा ऋषि-मुनियों की धरती रही है। गौतमपुरा सदियों पहले ऋषि गौतम की कर्मभूमि रहा है। विश्व को गीता का ज्ञान देने वाले भगवान श्रीकृष्ण के सम्मान में आने वाली 1 दिसम्बर को गीता जयंती पूरे मध्यप्रदेश में मनाई जाएगी।*

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह आकाशवाणी का उज्जैन केन्द्र है, ऐसा सुनने की हसरत अब जाकर पूरी हुई है। आकाशवाणी का भवन तैयार था, परंतु प्रसारण की मंजूरी के कारण अटका था। मंजूरी मिलने के मात्र 6 माह में उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण प्रारम्भ हो गया है। यह प्रदेश का 20 वां आकाशवाणी केन्द्र है। इस केंद्र से निकले एक-एक शब्द उज्जैन और सिंहस्थ की प्रतिष्ठा होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में आकाशवाणी उज्जैन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले को भी सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से उज्जैन जिले के लिए करीब 179 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



#### आकाशवाणी के कार्यक्रम गांव-गांव तक उज्जैन और सिंहस्थ की महिमा पहुंचाएगी: डॉ. यादव

आकाशवाणी के कार्यक्रम, इसकी प्रस्तुति गांव-गांव तक उज्जैन और सिंहस्थ की महिमा पहुंचाएगी। मुझे विश्वास है कि आकाशवाणी अपना यह दायित्व, पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनोरंजन के साथ आकाशवाणी ने समाज सेवा और जन-जागरूकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्जैन से होने वाला प्रसारण आकाशवाणी के इतिहास में नई इबारत लिखकर चार चांद लगाएगा। यहां रोजाना सुबह 5.55 बजे से प्रारंभ होकर रात 11 बजे तक लगातार प्रसारण जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न मार्गों के निर्माण और उन्नयन कार्य, 32 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से शासकीय धनवंतरी आयुर्वेदिक महाविद्यालय में 250 सीटर बालक और बालिका छात्रावास का निर्माण, 8 करोड़ 37 लाख की लागत से रेप्टाइल पार्क एवं स्नेक पार्क तथा करीब 3 करोड़ की लागत से हाईटेक नर्सरी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

## आईईडी हमले में महिला जवान गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के गोरगुंडा में नक्सलियों ने एक बार फिर आईईडी ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया है। एरिया डोमिनेशन पर निकली सुरक्षा बल की टीम को निशाना बनाते हुए नक्सलियों ने विस्फोट किया, जिसमें डीआरजी की एक महिला जवान घायल हुई है।

घटना के बाद साथी जवानों ने घायल महिला कॉन्स्टेबल को मौके से निकालकर उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पहुंचाया। उन्हें आगे के बेहतर उपचार के लिए हेलिकॉप्टर से रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गोरगुंडा का यह इलाका पहले भी नक्सलियों की आईईडी गतिविधियों के लिए कुख्यात रहा है। इसी क्षेत्र में इससे पहले भी आईईडी धमाके हो चुके हैं, जिसमें एक जवान घायल हुआ था। बार-बार की ऐसी घटनाएं साबित करती हैं कि नक्सली इस रूट पर लगातार आईईडी प्लांट कर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचते रहे हैं। फिलहाल आसपास के इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है।

## ट्रक-हाइवा में भिड़ंत, ट्रक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मोखा में गुरुवार तड़के लगभग 2:30 बजे एक भयंकर सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ट्रक और हाइवा की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे एक वेल्डिंग की दुकान में जा घुसे। इस दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की खबर से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है और उन्होंने प्रशासन से ब्रेकर और स्टॉपर लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें। इस दुखद घटना के बाद ग्रामीण सुबह से ही आक्रोशित हैं और उनके प्रदर्शन की सूचना भी मिली है। स्थानीय प्रशासन ने भी इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सुरक्षा उपायों को लागू करने का आश्वासन दिया है। आपको बता दें जिले में तेज रफ्तार गाड़ियां यहां पर हादसे को आमंत्रण दे रही हैं रात के समय सबसे ज्यादा रेत की गाड़ियां लोगों को परेशान करती हैं, पुलिस की कार्रवाई के बाद भी किसी तरह का कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

### सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम में जल्द ही अविनाश जाएंगे केंद्र

## आईएएस विवेक अग्रवाल को संस्कृति मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र में पदस्थ एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल को वर्तमान दायित्वों के साथ कल्चर मिनिस्ट्री की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके एक हफ्ते पहले एमपी कैडर में पदस्थ अपर सचिव स्तर के अधिकारी अविनाश लवानिया को सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत दिल्ली में पदस्थ किया गया है, जिसके लिए राज्य सरकार जल्द ही उन्हें रिलीव करेगी।

भारत सरकार के कैबिनेट अपाइंटमेंट्स कमेटी (डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग) ने बुधवार को जारी आदेश में केंद्र में टूरिज्म मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ एमपी कैडर के 1994 बैच के अधिकारी विवेक अग्रवाल को सचिव संस्कृति (कल्चर) मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार तत्काल प्रभाव से सौंपा है। वे अपने वर्तमान दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। टूरिज्म और कल्चर डिपार्टमेंट वर्तमान में केंद्र की और एमपी की सरकारों की प्राथमिकता में हैं। इसके पहले एमपी कैडर के एक अन्य अधिकारी 2009 बैच के अविनाश लवानिया की पदस्थापना सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत किसान कल्याण और कृषि विभाग दिल्ली में पांच साल की अवधि के लिए की गई है।

केंद्र सरकार ने एमपी के चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखकर तीन हफ्ते में लवानिया को दिल्ली में हुई पदस्थापना के लिए रिलीव करने के निर्देश दिए हैं। लवानिया अभी एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी के एमडी हैं। इसके पहले पिछले माह एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी प्रीति मैथिल और सूफिया फारुकी वली की पदस्थापना केंद्र सरकार की अधीन हो चुकी है। हालांकि ये दोनों ही अधिकारी ट्राइफेड और एफसीआई में एमपी में ही पदस्थ रहकर काम कर रही हैं।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर जताया शोक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी के पिता श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी के स्वर्गवास का समाचार अत्यंत दुःखद है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त करते स्वर्गीय श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी की आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं एवं शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।



### वीडी ने कहा- एसआईआर देश की सबसे बड़ी आवश्यकता

## नक्सली हिड़मा के मरने से दिग्विजय सिंह को पीड़ा उन्हें हमेशा ऐसे मुद्दों पर होता है 'दर्द': सांसद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो में बुधवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि उन्हें हमेशा कई मुद्दों पर 'दर्द' होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मोहन चंद्र शर्मा की शहादत को दिग्विजय सिंह ने 'फर्जी एनकाउंटर' बताया था और वे आतंकवादियों से मिलने गए थे। जिन्हें बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई।



### एसआईआर देश की सबसे बड़ी आवश्यकता

इस दौरान सांसद शर्मा ने 'एसआईआर' को देश की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि भारत को अस्थिर करने का प्रयास करने वाले लोग फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्र बनाकर मतदाता सूची में घुसपैठ करते हैं। ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना और उन्हें मतदाता सूची से हटाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी क्षेत्र में ऐसा कोई फर्जी मतदाता पाया जाता है, तो उसे तुरंत चिन्हित किया जाए।

### दिग्विजय सिंह को एनकाउंटर फर्जी लगा

शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश के आशीष शर्मा जब नक्सलियों से लड़ते हुए शहीद हुए, तब भी दिग्विजय सिंह को यह एनकाउंटर फर्जी लगा। सांसद शर्मा ने कहा कि हिड़मा जैसे खूंखार नक्सली के मारे जाने पर भी उन्हें पीड़ा हुई। उन्होंने देश से ऐसे विचारों पर गंभीर चिंतन करने का आग्रह किया। सांसद शर्मा ने आरोप लगाया कि देश में घुसपैठियों को लेकर सबसे अधिक चिंता उन लोगों को होती है, जो भारत को अस्थिर होते देखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरपंच से लेकर सांसद तक के लिए एक ही मतदाता सूची का प्रावधान चुनाव आयोग का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### वाहन के नीचे दबकर तड़पता रहा मजदूर, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, आरोपी चालक की तलाश में जुटी पाली थाने की पुलिस

# मजदूर पर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पाली चैतमा में काम कर घर लौट रहे ग्रामीण को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। वाहन के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पाली थाना के चेतमा चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सफलवा निवासी सुमित धनवार (24) वर्षीय बुधवार की शाम 6 बजे बारी उमराव गांव से मजदूरी कर पैदल घर लौट रहा था। इस दौरान सफलवा मार्ग पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर से सुमित सड़क किनारे गिर गया। इसी दौरान ट्रैक्टर बेकाबू होकर ट्रॉली समेत पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। चैतमा चौकी प्रभारी अफसर खान स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जहां से ट्रैक्टर चालक भाग गया था।



### शराब के नशे में था ड्राइवर

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं केस दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली गई। मामले में पुलिस फरार आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली पाली निवासी सुमित सिंह की है, जो पहाड़ी अंचल में ठेकेदारी का कार्य करता है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक शराब नशे में था जिसके चलते तेज रफ्तार में होने के कारण यह घटना सामने आई। बताया जा रहा है कि मृतक सुमित धनवार (24) वर्षीय घर का कमाऊ बेटा था और रोजी मजदूरी कर अपने माता-पिता और भाई बहन का भरण पोषण करते आ रहा था। पिता खेती किसानी करता है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे जिनका रो-रोकर बुरा हाल था।

अस्पताल में चल रहा घायलों का उपचार

## ऑटो-बाइक में जोरदार भिड़ंत, 12 घायल

**जगदलपुर।** मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के पास बीती रात एक तेज रफ्तार बाइक और ऑटो में भिड़ंत हो गई। इस घटना में ऑटो पलट गया। वहीं, ऑटो में सवार लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल मेकाज में बेहतर उपचार के लिए भर्ती किया गया। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया कि मावलीभाटा निवासी परमेश जो कि ऑटो चलाने का काम करता है, अपने गांव के ही सोमारी, संजय, देवांशी, फूलों, कारी, हिड़मे, बुकली, बिताए, मिटको, पारो सभी को लेकर बुधवार की शाम को लामनी पार्क के पास खेत से मक्का तोड़ाई करके वापस घर जा रहे थे कि अचानक से मेकाज के सामने बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें सभी घायलों को मेकाज में भर्ती किया गया है। बता दें कि आये दिन इस मार्ग पर सड़क हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। कुछ दिन पहले इसी मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक व बाइक में भिड़ंत हो गई थी। जिसमें 2 एमबीबीएस छात्रों की मौत हो गई थी, जबकि इसी मार्ग में एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस व स्कूटी में भिड़ंत हो गई थी, जिसमें एक 6 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि अन्य 5 लोग घायल हो गए थे।



- सब्जी विक्रेताओं से लिया जा रहा मनमाना पैसा
- नगर निगम की हो रही अलग वसूली

# भ्रष्टाचार का अनोखा उदाहरण बनी पड़ाव सब्जी मंडी...

## 3 से लेकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह में बिक रही शासकीय जमीन

हरिभूमि, जबलपुर।

नगर निगम को भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय घोषित कर देना चाहिए,ये हम नहीं बल्कि जबलपुर की जनता कहने लगी है, क्योंकि यहां पर पदस्थ अनेक अधिकारी- कर्मचारी भ्रष्टाचार करने के अनोखे तरीके खोज लेते हैं। ऐसा ही एक तरीका हाल ही में पड़ाव सब्जी मंडी में देखने को मिला। दरअसल पड़ाव सब्जी मंडी जबलपुर की सबसे पुरानी सब्जी मंडी है, यहां पर अनेक व्यापारी वर्षों से सब्जी का कारोबार कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा उनको जगह भी प्रदान की गई है, परंतु उसके बाद भी अनेक सब्जी विक्रेता सड़क किनारे सब्जी बेच रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन सब्जी विक्रेताओं से हर माह 3 से 10 हजार रुपये किराया के रुप में लिए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि कृषि उपज मंडी के बाद सबसे बड़ी कोई सब्जी मंडी अगर है तो वह पड़ाव सब्जी मंडी है। जहां हर रोज हजारों लोगों का रोजगार चलता है। सुबह 4 बजे से ही दुकानदारों की रोजी रोटी शुरू हो जाती है। परंतु घर जाते समय उनके हाथ जो कमाया वह किराया में चला जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां पर पूर्व से जमे दुकानदारों द्वारा अपने सामने दुकान लगा रहे दुकानदारों से किराया वसूला जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां पर उन दुकानदारों से नगर निगम द्वारा भी बैठकी वसूली जाती है।




### बाजार विभाग भी संलिप्त

सूत्रों का कहना है कि शहर के सभी बाजार नगर निगम की बाजार शाखा के अंतर्गत आते हैं। इनके द्वारा ही हर रोज बैठकी वसूल की जा रही है। ऐसा नहीं कि दुकानदारों से लिए जा रहे किराए की जानकारी बाजार विभाग के अधिकारियों के पास नहीं है। इसके बाद भी दुकानदारों पर कोई कार्यवाही नहीं होना इनकी संलिप्तता को दर्शा रहा है। दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सड़क किनारे जो जैसी जगह लेता है उसके हिसाब से पैसा देना पड़ता है, इसमें बाजार विभाग के अधिकारियों का हिस्सा भी होता है।

### निगम को है बैठकी वसूलने का अधिकार

जानकारी के मुताबिक पड़ाव सब्जी मंडी में दुकानदारों द्वारा जो दुकान लगाई जा रही है उसकी बैठकी वसूलने का अधिकार नगर निगम को है, ये बात समझ में आती है परंतु सड़क किनारे पथ विक्रेताओं से अन्य कोई व्यक्ति कैसे किराया ले सकता है। जबकि यह गैरकानूनी है। इसके बाद भी निगम बाजार विभाग इस मामले में कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा है।

### वर्षों से पदस्थ हैं अधिकारी-

उल्लेखनीय है कि बाजार विभाग में अनेक अधिकारी कर्मचारी ऐसे हैं जो वर्षों से पदस्थ हैं, विभाग के ही लोगों द्वारा शहर में कहीं भी दुकानों को लगवा दिया जाता है, उसके बाद शुरू होती है, इनकी वसूली। बाजार बैठकी का पैसा जो कि 10-20 रुपये प्रतिदिन होता है वह तो लेते ही हैं, साथ में हर माह का किराया भी लिया जा रहा है। इतना ही नहीं अगर किसी दुकानदार द्वारा कोई शिकायत की जाती है तो बाजार के व्यापारी ही उनको दुकान लगाने नहीं देते हैं।

### नहीं उठाया फोन

पड़ाव सब्जी मंडी में चल रहे गोरखधंधे को लेकर जब बाजार विभाग के अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह से बात करना चाही तो उनका फोन नंबर 9826645026 लगातार नो रिप्लाई होता रहा।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब खोरी व नशे में वाहन चलाने पर की गई कार्रवाई

## सीएम की नाराजगी के बाद फील्ड पर उतरे कप्तान

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद पुलिस महानिदेशक डीजीपी ने कानून व्यवस्था को लेकर सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग में बैठक लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने और अधीनस्थों पर नियंत्रण के साथ साथ उनके आचरण में सुधार लाने के निर्देश दिये. डीजीपी ने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में उतरकर जमीनी हकीकत जानने के लिये निर्देशित किया। इसके बाद गुरुवार की रात तमाम आला अधिकारी मैदान में उतरे और देर रात तक सड़कों पर चलहकदमी की औरअपराधों पर नियंत्रण के लिये अधीनस्थों को निर्देश दिये.

बुधवार की देर रात पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय स्वयं शहर की नब्ज जानने सड़कों पर निकले.

इसके आलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह व सभी सीएसपी और थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में फील्ड पर उतरे. सभी संदिग्धों की तलाशी कराई गई. सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले और शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 25 आरोपियों पर कार्यवाही की गई। इसी तरह अवैध शराब के कारोबारियों को पकड़कर 30 लीटर कच्ची व 54 पाव देशी शराब जप्त की गई. इस दौरान 39 वारंटी भी गिरफ्तार किये गये। इस दौरान ओमती थाना क्षेत्र के उड़िया मोहल्ले में एक आरोपी तरुण उर्फ अमन सोनकर पिस्टल के साथ पकडा गया है।

# जबलपुर में 100 दिन में हवा होगी साफ!

**जबलपुर।** शहर की हवा को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने आज 'शीतकालीन 100 डेज एक्शन प्लान' का विधिवत शुभारंभ किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने 32 अत्याधुनिक उपकरणों और वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शहरभर में रवाना किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शीतकाल में हवा में बढ़ने वाले धूल और प्रदूषक कणों को नियंत्रित करना और वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके तहत डीफोग मशीनों, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग और जेटिंग मशीनों से सड़कों की सफाई और धुलाई की जाएगी। निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन, अधिक धुआं छोड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई और खुले में कचरा जलाने पर प्रतिबंध इस योजना के प्रमुख बिंदु हैं। महापौर ने कहा, "यह केवल एक अभियान नहीं बल्कि जबलपुरवासियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।" निगमायुक्त ने बताया कि आधुनिक तकनीक और नागरिक सहयोग से अगले 100 दिनों में शहर की वायु गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार आएगा। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन करें और शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहयोग दें।

- महापौर अन्नू ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया 'शीतकालीन 100 डेज एक्शन प्लान'
- 32 हाईटेक मशीनों से सड़कें और खुले इलाके होंगे प्रदूषण मुक्त
- डीफोगिंग, रोड स्वीपिंग और जेटिंग मशीनों से धूल पर रोक, निर्माण और वाहनों पर कड़ी निगरानी
- नगर निगम की यह पहल शहरवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छ हवा की सुरक्षा में मील का पत्थर साबित होगी

## हाईकोर्ट में याचिका दायर कर लगाया आरोप, डायरेक्टर जनरल डिफेंस इस्टेट, रक्षा संपदा अधिकारी जबलपुर, एसडीओ विनय शर्मा व अन्य को नोटिस जारी

# छावनी क्षेत्र में डिफेंस की जमीन पर कई लोगों का वर्षों से अवैधानिक कब्जा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर कहा गया कि शहर के छावनी क्षेत्र में डिफेंस की जमीन पर कई लोगों का वर्षों से अवैधानिक कब्जा है। याचिका में कहा गया कि वर्ष 1992 में 46 कब्जाधारकों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इनमें से अधिकतर प्रकरणों में अभी भी कार्रवाई नहीं की गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस मामले में डायरेक्टर जनरल डिफेंस इस्टेट, रक्षा संपदा अधिकारी जबलपुर, एसडीओ विनय शर्मा व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 2 जनवरी को होगी।

जबलपुर निवासी आबिद हुसैन ने याचिका दायर कर बताया कि डिफेंस इस्टेट ऑफीसर ने पब्लिक प्रमाइस्ड एविक्शन ऑफ अनऑथोराइज्ड ऑक्यूपेंट्स एक्ट 1978 के तहत 46 लागों को 1992 में बागीचा पीर साहब में डिफेंस की जमीन से कब्जा छोड़ने का नोटिस जारी किया था। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया, लेकिन शेष मामलों में अभी तक कार्रवाई नहीं की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने स्वयं अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उक्त लोगों का डिफेंस की जमीन पर अवैध कब्जा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डिफेंस इस्टेट ऑफीसर किसी के प्रभाव में कार्रवाई कर रहे हैं। तर्क दिया कि उक्त एक्ट के तहत नोटिस के तत्काल बाद कार्रवाई का प्रावधान है। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई, इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।



# तालाब का अस्तित्व खतरे में: कलेक्टर ने एसडीएम से रिपोर्ट मांगी

**जबलपुर।** शहर के बीचों-बीच रानीताल तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में अवैध निर्माणों से तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। वर्तमान में स्थिति यह है कि तालाब के तीनों ओर पर 200 फीट तक अवैध कब्जा किया गया है। इनमें लगभग 1200 अवैध निर्माण किये गये हैं। ऐसी स्थिति में यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो जबलपुर के ऐतिहासिक तालाब रानीताल का संरक्षण करना मुश्किल हो जायेगा। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की इस शिकायत पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने एस.डी.एम. अधारताल को स्थल का निरीक्षण कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया है। डॉ. पी.जी. नाजपाण्डे ने बताया कि किसी भी तालाब के लिए यह खतरनाक स्थिति है कि उसके कैचमेंट एरिया में निर्माण खड़े करने से तालाब भराई में अड़चनें पैदा होना। ऐसी स्थिति में इकोलॉजिकल समस्याएं भी खड़ी होकर अंततः तालाबों का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। यही तकनीकी स्थिति के कारण जबलपुर के कई तालाब अब नष्ट हो गये हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने महानद्दा, देवताल, घनताल, गंगा सागर तथा खंडारी आदि अनेक तालाबों के संरक्षण के बाबत न्यायालयों में याचिकाएँ दायर की थीं, जिस पर न्यायालयों ने इन तालाबों से अतिक्रमण हटाकर संरक्षण करने के निर्देश जारी किये। खंडारी तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में निर्माणों पर पूर्णतः रोक लगाई गई है। चर्चा में रजत भार्गव, एडवोकेट आशीषिया, डी.आर. खरेड़ा तथा राममिलन शर्मा आदि शामिल थे।

### क्रूरता साबित पाकर मंजूर की विवाह विच्छेद की अर्जी

**जबलपुर।** कुटुम्ब न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश संदीप शर्मा की अदालत ने क्रूरता साबित पाकर पति-पत्नी के बीच विवाह विच्छेद की अर्जी स्वीकार कर ली। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दंपति के मध्य विवाद अत्यधिक बढ़ जाने, पत्नी द्वारा एफआइआर दर्ज कराने से दोनों के बीच सुलह की संभावना समाप्त हो गई है। स्नेह, भावनात्मक लगाव व सम्मान में कमी आई है। पत्नी के आचरण से साफ हुआ है कि वह भविष्य में पति के साथ रहने की इच्छा नहीं रखती। पति द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोप में भी सत्यता परिलक्षित हुई है। इसलिए तलाक की मांग पूरी की जाती है। आवेदक जबलपुर निवासी पति की ओर से अधिवक्ता योगेन्द्र तिवारी व अर्जव लाल पटेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उसका विवाह 16 जनवरी, 2017 को हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। आवेदक मेडिकल कालेज में पदस्थ है। वह अपने माता-पिता के साथ रहता है। जबकि पत्नी प्राथमिक शिक्षक है और अशोक नगर में पदस्थ है। वह मायके में माता-पिता के साथ निवास कर रही है। ससुराल से पहली विदा के पूर्व महज एक सप्ताह जबलपुर में पति के साथ रही। इसके बाद इंदौर में एक माह किराये के मकान में पति के साथ रही। वापस जबलपुर आकर किराये के मकान में कुछ समय रही। इसी के साथ दोनों अलग हो गए। आवेदक व उसके स्वजनों का आरोप है कि बहू का रवैया प्रताड़ना भरा रहा है।

## जनेकृविवि में वन पौधशाला प्रबंधन पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# वन पौध नर्सरी को व्यवसाय के रूप में अपनाएं : के.एस. नेताम



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के वानिकी विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वन पौधशाला प्रबंधन विषय पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्वाइंट डायरेक्टर कृषि के.एस. नेताम तथा अध्यक्षता डॉ. जी.के. कौतु ने की।

मुख्य अतिथि नेताम ने कहा कि वन पौध नर्सरी युवाओं व विद्यार्थियों के लिए एक लाभकारी व्यवसाय बन सकता है, जिसमें अपार संभावनाएँ और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। अध्यक्ष डॉ. कौतु ने बीज एकत्रीकरण से लेकर पौध उत्पादन तक की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. एस.बी. अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पौध नर्सरी की बढ़ती संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ सर्वदे ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा और बिहार के 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विष्णु सोलंकी और आभार डॉ. यशपाल सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में वानिकी विभाग के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# ब्राह्मण समाज के सम्मान में सर्व समाज आया मैदान में

**जबलपुर।** ब्राह्मण केवल एक जाति नहीं है समाज का सर्वश्रेष्ठ सेवक है सनातन संस्कृति का रक्षक है अनादि काल से ब्राह्मण ने राष्ट्र के प्रति समर्पण होकर हर कठिन से कठिन समय को सहने का काम किया है। आज आरक्षण जैसे विषय पर घटिया मानसिकता से आईपीएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिये गये बयान के विरोध में अर्थी जुलूस निकाला गया। संतोष वर्मा की अर्थी जुलूस निकाला गया उनके छाया चित्रों पर अग्नि का प्रवाह किया गया। इस अवसर पर यदुवंश मिश्रा कमलेश तिवारी हेमंत तिवारी संदीप दीक्षित अभिषेक पटेल धनंजय बाजपेई देवेंद्र शुक्ला विकास गुप्ता विजय नारायण साहू राधा रमण तिवारी गुड्डा विश्वकर्मा सूरज द्विवेदी छोटू लाल झरिया सोनू बर्मन अर्जुन पटेलकमल सेन सीताराम कुरचनिया निशांत शर्मा रावेंद्र तिवारी सुधाकर मिश्र सत्यदेव तिवारी डॉ अरुण मिश्रा चंद्रशेखर शर्मा आनंद शर्मा सकेत शर्मा राकेश चक्रवर्ती शिवनारायण शुक्ला पुष्पा तिवारी सुधा मिश्रा आभा तिवारी डॉ स्वगतिकापति मधुबाला दुबे जया मिश्रा शोभा तिवारी सीमा मिश्रा आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वांशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग बार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- बर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### 3 दिसम्बर से क्रमिक अनशन, 9 से होगा आमरण सत्याग्रह

# भाजपा, कांग्रेस सहित अधिवक्ता संघ ने सिहोरा को जिला बनाने सौंपा संयुक्त ज्ञापन

सिहोरा।




नगर के समस्त समाजिक,राजनैतिक,एंव व्यापारिक संगठनों की संयुक्त बैठक में लिए गये निर्णय उपरान्त लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति के संयोजन में प्रस्तावित आमरण अनशन सत्याग्रह के पूर्व 3 दिसम्बर से क्रमिक अनशन की सुचना के साथ साथ भाजपा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडे,अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस,भारतीय किसान यूनियन के संभागीय अध्यक्ष रमेश पटेल, ब्राह्मण समाज सिहोरा अध्यक्ष राकेश पाठक,जिला समिति विकास के दुबे,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल,पार्षद राजेश चौबे के संयुक्त नेतृत्व में सिहोरा जिला बनाने सहित अनेक मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेन्द्र अहके को ज्ञापन सौंपा। विदित हो भिन्न-भिन्न संगठनों के द्वारा समय-समय पर शासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाता रहा है तथा पूर्व में प्रदर्शन आंदोलन भी किए गए हैं। लेकिन मध्य प्रदेश शासन के उदासीन रवैए को देखते हुए सिहोरा तहसील के सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर इस आंदोलन को गति देने के लिए एवं शासन को अवगत कराने के लिए 3 दिसंबर से आंदोलन की चेतावनी दी है। इसके बावजूद भी शासन के द्वारा आज दिनांक तक कोई भी चर्चा। संबंधित संगठनों से नहीं की गई है। इस कारण से अंतिम रूप से आज पुनः ज्ञापन के माध्यम से सभी समस्याओं को लेकर के ज्ञापन सौपकर समस्याओं का निराकरण 02 दिसम्बर तक नहीं किया जाता है तो 03 दिसम्बर से बस स्टेंड सिहोरा में क्रमिक भूख हडताल प्रारंभ किया जावेगा। इस समस्त आंदोलन की समस्त जिम्मेवारी मध्य प्रदेश शासन की होगी। ज्ञापन के माध्यम से समिती ने मांग की है की सिहोरा तहसील को मझौली,बहोरीबंद,ढीमरखेड़ा और सिहोरा विकासखंड को जिला बनाने शासन के प्रस्ताव के अनुसार बहोरीबंद,ढीमरखेडा,मझौली सिहोरा के प्रत्येक राजस्व मंडल में आधारभूत सुविधाओं के साथ उन्हें तहसील की सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं महिला महाविद्यालय की स्थापना एवं तकनीकी शिक्षा हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज आईटीआई बिल्डिंग का निर्माण कराने खेल सुविधाओं हेतु अरुणाभ घोष स्टेडियम का विस्तार किया जाए या अन्यत्र जगह पर संपूर्ण व्यवस्था युक्त नए स्टेडियम का निर्माण कराने औद्योगिक क्षेत्र हरगढ़ में व्यवसाय एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने किसानों को बिजली खाद पानी की उपलब्धता आवागमन हेतु ट्रेनों का स्टॉपेज सिहोरा रेलवे स्टेशन में दिये जाने की मांग की है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार तिवारी, साधना जैन, नंदकुमार परौहा, अरुण जैन, एड आशीष ब्यौहार, शिशिर पांडे, एड अभय ब्यौहार, आलोक ब्यौहार, आनंद पटेल, नागेश उपाध्याय, प्रियदर्शन पाठक, घनश्याम बडगैया, मनोज दुबे, मनीष शुक्ला, अश्वनी त्रिपाठी, सतोष वर्मा, पवन सोनी, सुनील जैन, शंकर वंशकार सहित अनेक अधिवक्ता विभिन्न दलों, समाजों के प्रतिनिधि, जिला समिति के पदाधिकारी एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## माल्हा टोला में तेंदुए की दहशत, वन विभाग ने किया गाँव का दौरा



**सिहोरा।** विकासखंड सिहोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गांधीग्राम के माल्हा टोला में विगत चार-पांच दिनों से तेंदुए की दहशत बनी हुई है। इस गंभीर स्थिति पर संज्ञान लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल ने तत्परता दिखाते हुए गुरुवार सुबह वन विभाग के अमले को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला गुरुवार की दोपहर तत्काल माल्हा टोला पहुँच गया और गाँव तथा पहाड़ी क्षेत्र का सघन भ्रमण किया।

वन विभाग के अमले ने गाँव की गलियों में घूमकर स्थानीय लोगों से पूछताछ की। हालांकि, भ्रमण के दौरान कहीं भी तेंदुए के पगमार्क नहीं मिले, जिससे ग्रामीणों ने कुछ राहत की साँस ली।

बीट प्रभारियों ने सुझाये सुझाव

जाँच और भ्रमण के उपरांत वन विभाग के बीट प्रभारियों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला माल्हा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संदीप पटेल - बीट प्रभारी मढ़ई,गोपाल सिंह धुर्वे - बीट प्रभारी पिपरसरा,विनय सिंह राजपूत - बीट प्रभारी डमडमा ने ग्राम वासियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें आश्वस्त किया। उन्होंने ग्रामीणों से स्पष्ट कहा कि तेंदुआ किसी भी समय दिखने पर विभाग को तत्काल फोन कर सूचित करें। विभाग का अमला तुरंत मौके पर पहुँच जाएगा। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

## रोटरी क्लब का वार्षिक सेमिनार 30 को

**जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल रोटे. अमित जायसवाल के नेतृत्व में आगामी 30 नवंबर को माँ नर्मदा की पावन धरा संस्करधानी में "समृद्धि" रोटरी डिस्ट्रिक्ट फाउंडेशन, सदस्यता एवं पब्लिक इमेज सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्यसभा सांसद रोटे. विवेक तन्खा (पूर्व प्रांतपाल), मप्र के सभी रोटरी क्लब के पदाधिकारीगण, नए सदस्यों के साथ मप्र, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के सभी पूर्व प्रांतपाल और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। यह वार्षिक आयोजन रोटरी सदस्यों के आपसी मेलजोल, सामाजिक गतिविधियों को गतिशील बनाने और संस्करधानी के आर्थिक विकास की दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा। कार्यक्रम 30 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होटल हिल्टन, एयरपोर्ट रोड, जबलपुर में आयोजित होगा।

### कैथरा में हुई थी करीब बीस लाख की चोरी

## चोरी के 27 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

सिहोरा।

गोसलपुर थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम कैथरा में विगत करीब 25 दिन पहले लगभग 20 लाख की चोरी हुई थी पर इस मामले में पुलिस की ढीली जांच के चलते हाथ खाली है। और चोरो का इतनी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद भी अब तक अता पता नहीं हैं। आवेदक ने इस संबध में अनेक बार पुलिस से गुहार लगाई पर नतीजा सिफर ही रहा और हर बार केवल जांच का आश्वासन ही मिला। हालांकि इसी दौरान गोसलपुर थाना प्रभारी का स्थानांतरण हो गया अब नव नियुक्त थाना प्रभारी गीजावती तेकाम से सभी क्षेत्रवासियों को काफी अपेक्षाएं हैं।

**यह है मामला**

मामला थाना गोसलपुर का है पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिनांक 31 अक्टूबर अवधेश पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी कैथरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं किसानी करता हूं है दिनांक 30 अक्टूबर की रात मेरे पिता जी हरदास पटेल घर मे सो रहे थे रात लगभग 12 बजे निस्तार करने के बाद फिर से बिस्तर पर जाकर सो गये थे रात लगभग 2-30 बजे अचानक खटखट की आवाज कमरे से आयी तो पिता जी की नींद खुली तो उन्होंने अंदर का दरवाज खोला तो अंदर से चटकनी लगी थी पिताजी चोर चोर चिल्लाते हुये छत पर गये उसी समय कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें छत की तरफ भागते दिखा और कूदकर भाग गया फिर पिताजी ने फोन कर मुझे बताया में उस समय सिहोरा वाले घर में था तुरंत रात में ही अपने घर आया अंदर जाकर कमरे में देखा कमरे में रखी आलमारी का ताला टूटा था सामान फैला था पेटी उठाकर पटोहा के उपर ले जाकर लाक तोड़कर सामान फैलाये चैक करने पर सोने का झाला 2 माला,अंगूठी,पंचाली,टाप्स 2 हार,1 लोंग कुल सोने के जेवर लगभग साढे चौदह तोला,चांदी के 1 किलो वजनी छल्ला कड्डोरा,1 जोड़ी पायल 15 तोला,1 जोड़ी पायल 6 तोला,6 चूड़ी तथा नगदी 7 लाख रूपये आलमारी एवं पेटी मे रखे थे कोई अज्ञात चोर रात में घर में घुसकर आलमारी एवं पेटी का ताला तोड़कर जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है। लगभग बीस लाख से ऊपर की चोरी की जानकारी मिली है वहीं रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 505/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## आईएएस वर्मा पर कार्यवाही करने सौंपा ज्ञापन

सिहोरा।



सर्वोदय ब्राह्मण समाज ने आईएएस संतोष वर्मा द्वारा हाल ही में एक सार्वजनिक समारोह में दिए गए ब्राह्मण समाज विरोधी बयान पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। समाज ने इस बयान को समाज की समरसता और सौहार्द के विपरीत बताते हुए वर्मा के खिलाफ तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।समाज ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि वर्मा ने विगत दिवस एक समारोह में ब्राह्मण समाज के संबंध में जो टिप्पणी की है, उससे समस्त ब्राह्मण वर्ग को अत्यंत गहरा दुख पहुंचा है शासन से अपेक्षा की है कि वे समाज विरोधी बयान देने वाले व्यक्ति पर त्वरित और कड़ी कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अंजनी गौतम, जयप्रकाश तिवारी,राजेश कुररिया,बिष्णु दत्त गौतम,सुरेन्द्र गौतम,प्रकाश कुररिया,शीतल दुबे,बालमुकुन्द चौबे,अर्जुन गर्ग अनूप पाठक,दीपक दत्त दुबे,जगदीश प्यासी, दीपक तिवारी,नवनीत शुक्ला, योगेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी के दो अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

जबलपुर।

**मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से दो अधिकारी आज 28 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।**



**कृष्ण कुमार सेठी-** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग नागोद में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ कृष्ण कुमार सेठी 32 वर्ष 05 माह की सेवा के उपरांत आज 28 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



**के.एल. वर्मा-** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य अभियंता (ज.क्षे.) जबलपुर में मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ के.एल. वर्मा 33 वर्ष 02 माह की सेवा के उपरांत आज 28 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पूर्व क्षेत्र कंपनी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

## नवनियुक्त महिला मोर्चा अध्यक्ष का भाजपा कार्यालय में हुआ अभिनन्दन

हरिभूमि, जबलपुर।



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी पराँजपे राज़वाड़े का नियुक्ति के पश्चात प्रथम बार भाजपा कार्यालय आगमन हुआ, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की अगुवाई में भाजपा कार्यालय रानीताल में जिला पदाधिकारियों, महिला मोर्चा की बहिनों ने श्रीमती पराँजपे का जोरदार स्वागत कर अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा जबलपुर के लिए गौरव की बात है कि हमारे प्रदेश नेतृत्व ने महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर हमारी छोटी बहिन एवं युवा नेत्री श्रीमती अश्वनी पराँजपे कि नियुक्ति की है। हम सभी को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि महिला मोर्चा अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन बहिन अश्वनी अच्छे से करेंगी एवं प्रदेश में मातृ शक्ति के बीच संगठन के कार्य का विस्तार करेंगी। आज नियुक्ति के पश्चात प्रथम कार्यालय आगमन पर उनका अभिनन्दन भाजपा महानगर द्वारा किया गया।

नवनियुक्त महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पराँजपे ने इस अवसर पर कहा मैं हमारे प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने एक कार्यकर्त्ता को महत्पूर्ण जिम्मेदारी दी है। जबलपुर मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि है मैंने सामाजिक और राजनैतिक कार्य की शुरुआत यही से की है आज भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जी के साथ ही पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने मुझे अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया है इसके लिए मैं ह्रदय से आभार व्यक्त करती हूं।

इस अवसर पर विधायक अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, अंजू भार्गव, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव, राजेश मिश्रा, कैलाश साहू, तृष्णा चटर्जी, लालू यादव, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, डिम्पी विश्वकर्मा, रेनू कोरी, प्रशांत केसरवानी, श्रीकान्त साहू, राजेश ठाकुर, सोनू वचवानी, संजय यादव, चित्रकान्त शर्मा, मधुबाला राजपूत, किरण तोमर, अर्चना अग्रवाल, पूजा वधवानी, दीपमाला सोनकर, दीपिका चौहान, मोना साहू, रश्मि चौपड़ा, कल्पना तिवारी, मीरा दुबे, दीपमाला केसरवानी, पूनम प्रसाद, सुम्मी सोनाने आदि ने स्वागत किया।

## जल संचय अभियान पर कार्य करेंगी प्रस्फुटन समितियां




हरिभूमि, पनागर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बिकासखण्ड पनागर के द्वारा ग्राम फूटाताल में नवांकुर संस्था वसुंधरा सामाजिक सेवा समिति के द्वारा संचालित कार्यालय जन सूचना केंद्र मे श्री भारत महरोलिया बिकासखण्ड समन्वयक पनागर की उपस्थिति में सेक्टर कुशनेर एवं सेक्टर पनागर की नव गठित प्रस्फुटन समितियो की सेक्टर स्तरीये बैठक का आयोजन किया गया जिससे सभी प्रस्फुटन समितियों को विकासखंड समन्वयक के द्वारा ग्राम विकास की अवधारणा आदर्श ग्राम के लिये योजनावद्ध चरण में काम किये जाने जन सूचना केन्द्र,संस्कार केंद्र,नर्सरी की स्थापना,एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत पौधारोपण,ग्राम स्वच्छता,गौ संरक्षण हेतु हर घर में एक गाय पालने,जल संचय अभियान अंतर्गत दिनाँक 15 नवम्बर से 30 दिसंबर तक सभी प्रस्फुटन समितियो के सदस्य अपने अपने ग्रामो में जल संरक्षण संवर्धन हेतु नर्मदा नदी की सहायक नदियो,बरसाती नालो,जल भराव के क्षेत्रो में बोरी बंधान के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य आयोजन करने नदी ब जल भराव क्षेत्रो के दोनो तरफ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि अंतर्गत फलदार,छायादार,औषधि युक्त पौधों को लगाकर जल को सदा नीरा बनाने में प्रस्फुटन समितियों से सेक्टर बैठक के माध्यम से जानकारी दी गई है।

**बैठक का संचालन पारस दाहिया नवांकुर संस्था वसुंधरा सामाजिक सेवा समिति के द्वारा किया गया**

बैठक में नवांकुर संस्था धर्मेंद्र कुशवाहा,मेंटर्स सुशील सेन पार्वती लोधी,ओंकार दाहिया,प्रमोद रजक,आशीष प्रजापति,ब्रजेश केवट ,राजेश सोनी, प्राची केवट, राधेश्याम रजक,एव नव गठित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी ग्राम के गणमान्य जनो की उपस्थिति में बैठक संपन्न की गई है।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने ज्ञापन सौंपा

# आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त कर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग

बरेला।

समाज में अपने जहरीले उद्बोधन से नफ़रत फैलाने वाले आई ए एस अफसर संतोष वर्मा जो अजाक अध्यक्ष बनते ही घमंड और अहंकार से भर गया। ब्राह्मण समाज की बहु बेटियों के खिलाफ आपत्ति जनक बातें करने लगा। उसके वक्तव्य से समूचा ब्राह्मण समाज और महिला संगठन नाराज हैं, आक्रोशित हैं।




सर्व ब्राह्मण समाज बरेला परिक्षैत्र के अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने वर्मा के घृणित वक्तव्य की निन्दा करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है। योगेश दुबे ज्ञानू प्यासी बरेला अध्यक्ष ने भी सख़्त कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन सौंपते हुए प्रतीक दुबे ,बद्री पांडे, रजनीश पांडे, आशीष शुक्ला, श्रीकांत उपाध्याय, उमाशंकर उपाध्याय, आलोक दुबे,भानू नवेरिया , संजय दुबे, गोल्डी दुबे, माधव शर्मा,अजय तिवारी, हरीश उपाध्याय, बृजेश पाठक,विनोद त्रिपाठी,सुधीर उपाध्याय, अर्पित दुबे,समीर उपाध्याय, अमित मिश्रा, निखिल दुबे, अमित गोलू उपाध्याय, सहित अन्य सदस्यों ने नगर निरीक्षक थाना प्रभारी अनिल पटेल को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा।




**श्रीमती शिवकुमारी रजक** - सिहोरा, पोस्ट आफिस के पीछे वार्ड क्रमांक 11 निवासी श्रीमती शिवकुमारी रजक का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे गोरेलाल रजक की पत्नी एंव शिवकुमार, अशोक कुमार बच्चू रजक की मां थी।



**श्रीमती ज्ञानवती वर्मा-** लालमाटी द्वारका नगर चुंगी चौकी निवासी श्री दुर्गा प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञानवती वर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रसाद कनौजिया-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री जगदीश प्रसाद कनौजिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मोहन सिंह खड़ायत-** तुलसी नगर रांझी निवासी श्री मोहन सिंह खड़ायत (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**साईं पिल्ले-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री शरद पिल्ले के पुत्र साईं पिल्ले (10) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपचंद कोरी-** मेंहदीबाग सदर लौहार मोहल्ला निवासी श्री दीपचंद कोरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लोक चंद गुप्ता-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री लोक चंद गुप्ता (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश बर्मन-** साईं नगर रामपुर निवासी श्री महेश बर्मन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला देवी सोनी-** नुनहाई सराफा निवासी श्री अम्बिका प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती सरला देवी सोनी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला सैनी-** तुलसी नगर रांझी निवासी श्री उमा शंकर सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला सैनी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तुलसा बाई चौधरी-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री सुंदर लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा बाई चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला देवी गुप्ता-** सदर निवासी श्री कमला देवी गुप्ता का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा रानी आनंद-** कांचघर रोड नेहरू वार्ड निवसी श्री शादी लाल आनंद की धर्मपत्नी श्रीमती उषा रानी आनंद का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय कुमार अग्निहोत्री-** कीर्ति परिसर जानकी नगर निवासी श्री विजय कुमार अग्निहोत्री का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कमला मेहतो- राजीव आवास कॉलोनी राइट टाउन निवासी श्री हरी प्रसाद मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती कमला मेहतो का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सोना बाई ठाकुर-** गोरखपुर निवासी श्री जगदीश सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई ठाकुर (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति कॉलम से.मी.
सिंगल साइज:- 3x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डबल साइज:- 4x8 से.मी. रंगीन 900/-
डबल साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# एसबीआई को पांच-छह साल तक इक्विटी पूंजी की जरूरत नहीं

## एसबीआई के चेयरमैन शेट्टी ने कहा, ऋण वृद्धि को समर्थन मिलेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ बैंक बांड के माध्यम से 12,500 करोड़ रुपए जुटाएगा

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि इस साल की शुरुआत में पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये जुटाई गई 25,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी से 12 लाख करोड़ रुपये की ऋण वृद्धि को समर्थन मिलेगा। साथ ही पांच से छह साल तक पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15 प्रतिशत बना रहेगा। चेयरमैन ने कहा कि ऋण पूंजी के संबंध में बैंक आवधिक प्रक्रिया के तहत बॉन्ड के माध्यम से 12,500 करोड़ रुपये जुटाएगा। शेट्टी ने कहा, '' इस क्यूआईपी के शुरू होने से पहले भी, ऋण वृद्धि को वित्तपोषित करने की हमारी क्षमता कभी समस्या नहीं रही। हम पूंजी अनुपात को मजबूत करना चाहते थे, इसलिए हमने ऐसा किया। हमारी दीर्घकालिक रणनीति सीआरएआर को 15 प्रतिशत और 'कॉमन इक्विट टियर-1' को 12 प्रतिशत पर बनाए रखना है।"शेट्टी ने कहा कि इस तरह का पूंजी-जोखिम परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) बैंक को 12000 अरब रुपये से अधिक के अग्रिमों को वित्तपोषित करने की क्षमता प्रदान करता है।

एसबीआई के चेयरमैन ने कहा, '' आज की लाभ दर के साथ, अगर यही लाभप्रदता अगले पांच से छह वर्ष तक बनी रहती है, तो हमें कम से कम सीईटी-1 पर कोई भी पूंजी जुटाने की आवश्यकता नहीं होगी।''

### ब्याज दरों में मामूली कटौती की जा सकती है

शेट्टी ने कहा कि एसबीआई का मानना है कि ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की मामूली कटौती की जा सकती है।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश है और अक्टूबर में पिछली द्विमासिक नीति में इसका उल्लेख किया गया था। हालिया वक्तव्य और व्यापक आर्थिक संकेतकों ने पांच दिसंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समिति के निर्णय में ब्याज दरों में कटौती की व्यापक उम्मीदें जगा दी हैं।






**बांड निश्चित अवधि के लिए जुटाई जाने वाली राशि** टियर-II बांड से कोष जुटाने को लेकर शेट्टी ने कहा कि इस साल बैंक ऐसे बांड के जरिये और 12,500 करोड़ रुपये जुटाएगा...। टियर-1 बॉन्ड से तात्पर्य इक्विटी पूंजी से है। वहीं टियर-II बांड निश्चित अवधि के लिए जुटाई जाने वाली राशि है।

**सबसे बड़ा क्यूआईपी बन गया :** एसबीआई ने इस साल जुलाई में अपने इक्विटी शेयर के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 25,000 करोड़ रुपये जुटाए। इससे यह भारतीय पूंजी बाजारों में अब तक का सबसे बड़ा क्यूआईपी बन गया। इससे पहले बैंक ने जून 2017 में क्यूआईपी के जरिये 15,000 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटाई थी।

**वृद्धि दर सात फीसदी पर बने रहेगी :** देश के सबसे बड़े ऋणदाता के प्रमुख शेट्टी ने कहा कि वृद्धि दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। बैंक को उम्मीद है कि दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी 7.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहेगी। इसलिए आरबीआई को इस पर कड़ा रुख अपनाना होगा।

## खबर संक्षेप

### टाटा पावर इन्गोट व वेफर संयंत्र पर करेगी निवेश




**भुवनेश्वर।** टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की ओडिशा में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से 10 गीगावाट क्षमता का इन्गॉट एवं वेफर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना है। इन्गॉट एवं वेफर सौर सेल और मॉड्यूल के साथ-साथ सेमीकंडक्टर चिप के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख कच्चे माल हैं।

### गोदरेज उद्योग को मांग दिखी तो निवेश करेगा



**मुंबई।** उद्योगपति जमशेद गोदरेज ने कहा कि उद्योग तभी निवेश करेगा जब उसे मांग दिखेगी और उन्होंने अर्थव्यवस्था में मांग पैदा करने के उपायों पर जोर दिया। कारोबार के कई उपायों की जरूरत है। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब सुस्त निजी पूंजी व्यय के बारे में व्यापक चिंताएं हैं, जो अर्थव्यवस्था में विकास के एक अच्छे चक्र को शुरू कर सकता है।

### इनविक्टा का आईपीओ एक दिसंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** पीसी डायग्नोस्टिक्स का परिचालन करने वाली इनविक्टा डायग्नोस्टिक का 28.12 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) एक दिसंबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा। मुंबई स्थित इनविक्टा डायग्नोस्टिक ने बयान में कहा कि आईपीओ तीन दिसंबर को संपन्न होगा।

### ऐस इंटरनेशनल करने जा रहा कारोबार का विस्तार



**नई दिल्ली।** दुग्ध सामग्री बनाने वाली कंपनी ऐस इंटरनेशनल लिमिटेड ने कारोबार विस्तार के लिए निवेशकों से 3.5 करोड़ डॉलर (305 करोड़ रुपये) जुटाने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने यह राशि नीदरलैंड्स फाइनेंसिंग-मात्स्चैपीज वॉर (एफएमओ), रेस्पॉन्सएबिलिटी, इंकोफिन और फिडलिन वेंचर्स से जुटाई है।

### एक्वस का आईपीओ 3 दिसंबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता टिकाऊ उत्पादों और एयरोस्पेस कल-पुर्जों के अनुबंध पर निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी एक्वस अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी आईपीओ के तहत तीन दिसंबर को 670 करोड़ रुपये के नये निर्गम जारी करेगी।

### कम दूरी के रडार के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन में छूट



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने 77 से 81 गीगाहट्ज फ्रीक्वेंसी दायरे में काम करने वाली कम दूरी की वाहन रडार प्रणाली को स्पेक्ट्रम आवंटन नियम से छूट दी है। इसका वाहनों में अत्याधुनिक चालक सहायता प्रणाली में व्यापक रूप से उपयोग होता है। राजपत्र में प्रकाशित एक अधिसूचना में यह कहा गया। इस कदम से देश में स्वचालित वाहनों के विकास की प्रक्रिया आसान होने की उम्मीद है।हालांकि, छूट के लिए जरूरी है कि रडार कुछ तकनीकी मानकों का पालन करें।

## सेबी चेयरमैन पांडेय निवेशक जागरूकता संगोष्ठी में बोले

# निवेशक सुरक्षा को मजबूत करना नियामक की होगी प्रमुख प्राथमिकता : सेबी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत बतायी। उन्होंने आगाह किया कि गैर-पंजीकृत सलाहकार समूह, लोगों को असुरक्षित कारोबारी माध्यमों की ओर आकर्षित कर रहे हैं और इसलिए अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में फिर से सामने आ रहे हैं।

कोयंबटूर में बीएसई द्वारा आयोजित एक क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता संगोष्ठी में पांडेय ने कहा कि इस दौर में जहां गलत सूचनाएं तथ्यों से अधिक तेजी से प्रसारित होती हैं। यह चुनौती और भी बढ़ गई है। कारोबार संबंधी धोखाधड़ी वाले ऐप विश्वसनीय लगते हैं, डिजिटल खाते वैधता का दिखावा करते हैं और पक्के रिटर्न का वादा करने वाली ऐसा योजनाएं पेश करते हैं जो कोई भी विनियमित बाजार नहीं दे सकता।

### अवैध कारोबार के मामले डिजिटल में ज्यादा

बाजार नियामक के प्रमुख ने खतरे की गंभीरता को दोहराते हुए कहा कि ऐसे '' गैर-पंजीकृत सलाहकार समूह, लोगों को असुरक्षित व्यापारिक मंचों की ओर आकर्षित करते हैं और इसलिए अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में फिर से सामने आ रहे हैं।''

**निवेशक खातों को फ्रीज व ब्लॉक कर सकते हैं :** यह समझते हुए कि धोखाधड़ी की गतिविधि बिना किसी चेतावनी के हो सकती है निवेशक अब स्वेच्छा से अपने लेनेदने के खातों को 'फ्रीज' या 'ब्लॉक' कर सकते हैं। यह ठीक वैसे ही है जैसे 'हैक' किए गए डेबिट कार्ड को 'ब्लॉक' किया जाता है। यह विकल्प तत्काल सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है।






■ गैर-पंजीकृत सलाहकार असुरक्षित कारोबारी माध्यमों की और कर रहा आकर्षित
■ अवैध कारोबार के मामले नए डिजिटल प्रारूपों में सामने आ रहे
■ गलत सूचनाएं तथ्यों से अधिक तेजी से प्रसारित होती है

**यूपीआई आईडी पर ही किए जाएं** सेबी ने इन प्रयासों के तहत यूपीआई से जुड़ा एक मान्य ढांचा पेश किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भुगतान केवल सेबी-पंजीकृत मध्यस्थों की प्रामाणिक यूपीआई आईडी पर ही किए जाएं। बाजार नियामक ने जांच सुविधा का भी विस्तार किया गया है जिससे निवेशक 'सेबी इन्वेस्टर' वेबसाइट और सारथी मोबाइल ऐप पर बैंक खातों की वास्तविकता की तुरंत पुष्टि कर सकते हैं।

### अवसर की आड़ में धोखे न खाए

पांडेय ने कहा कि अवैध कारोबार के मामले कोई छिटपुट घटनाएं नहीं हैं बल्कि निवेशकों के विश्वास, जिज्ञासा और आकांक्षाओं का फायदा उठाने के समन्वित प्रयास हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि लोग 'अवसर की आड़ में धोखे' का शिकार न हों।

### इंटरनेट मंचों के साथ संपर्क बढ़ा दिया है

पांडेय ने कहा कि इसके अनुरूप विनियमित संस्थाओं को सोशल मीडिया पर अनियमित सलाहकारों के साथ जुड़ने की अनुमति नहीं है जिससे झूठे दावों व हानिकारक पेशकशों के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। बाजार नियामक सेबी ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि उसने प्रमुख सोशल मीडिया और इंटरनेट मंचों के साथ संपर्क बढ़ा दिया है। साथ ही उनसे धोखाधड़ीपूर्ण निवेश-संबंधी सामग्री के खिलाफ सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का आग्रह किया है।

### सेबी ने स्पॉट ए स्कैम टूल पेश किया

सेबी ने लोगों को संदिग्ध योजनाओं की पहचान करने में और अधिक सहायता करने के लिए 'स्पॉट ए स्कैम टूल' पेश किया है जो उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन प्रामाणिकता सत्यापित करने में मदद करता है। पांडेय ने बताया कि सेबी ने पिछले 18 महीनों में मेटा, गूगल, टेलीग्राम और एक्स सहित सोशल मीडिया एवं सर्च मंचों पर गैरकानूनी या भ्रामक ऑनलाइन सामग्री के एक लाख से अधिक मामलों को चिह्नित किया है।

# फंसी संपत्तियों के दावा निपटान के लिए सरकार लाएगी पोर्टल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ वित्त मंत्रालय के इस पोर्टल से बैंक जमा, पेंशन, शेयर व लाभांश के होंगे दावे हल

वित्त मंत्रालय बैंक जमा, पेंशन, शेयर, लाभांश और अन्य वित्तीय साधनों में फंसी बिना दावे वाली संपत्तियों के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ मिलकर एक एकीकृत पोर्टल लाने की प्रक्रिया में है।

वित्तीय सेवाओं के सचिव एन. नागराजू ने बृहस्पतिवार को पंजाब नेशनल बैंक के एक निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही पेश किए जाने वाले इस पोर्टल के जरिये सभी नियामकों के डेटा को आरबीआई द्वारा समन्वित किया जाएगा। वर्तमान में बिना दावे वाली संपत्तियों के लिए आरबीआई ने 'उद्गम' पोर्टल जबकि सेबी ने 'मित्र' और बीमा नियामक इरडा ने 'बीमा भरोसा' पोर्टल जारी किए हैं। इस बारे में एक एकीकृत पोर्टल बन जाने से नागरिकों को उनके फंसे हुए धन का पता लगाने और दावा प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने में मदद मिलेगी।

बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों में ऐसे बीमा पॉलिसी दावे, बैंक जमा, लाभांश, शेयर और म्यूचुअल फंड आते हैं, जिन्हें अक्सर जागरूकता की कमी या पुराने खाते विवरण के कारण दावा नहीं किया जाता है। नागराजू ने बताया कि जागरूकता की कमी के कारण बड़े पैमाने पर संपत्तियां खातों में निष्क्रिय पड़ी रहती हैं।

### 1,887 करोड़ की राशि लौटाई जा चूकी

यह अभियान वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग, आरबीआई, इरडा, सेबी और निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफए) के समन्वय में चलाया जा रहा है। नागराजू ने कहा कि अब तक अभियान और शिविरों के जरिये 1,887 करोड़ रुपये की राशि उनके वास्तविक मालिकों या नामित व्यक्तियों को लौटाई जा चुकी है।

# महिंद्रा ने लांच की सात सीटर एक्सईवी 9एस



■ शुरूआती कीमत 19.95 लाख रुपए से शुरु
■ कंपनी वर्तमान में प्रति माह चार से पांच हजार ईवी वाहन बेचती है

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

महिंद्रा एंड महिंद्रा का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक करीब 7,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचने का है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही।

मुंबई स्थित यह वाहन विनिर्माता कंपनी वर्तमान में प्रति माह चार से पांच हजार इलेक्ट्रिक वाहन बेचती है। कंपनी ने सात सीट वाली एक्सईवी 9एस की बृहस्पतिवार को पेशकश के साथ अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड का विस्तार किया। इसका लक्ष्य कैलेंडर वर्ष 2027 व 2028 तक इलेक्ट्रिक श्रृंखला को अपने कुल खंड का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा बनाना है। एक्सईवी 9एस की शुरुआती कीमत 19.95 लाख रुपये से लेकर उच्च संस्करण की कीमत 29.45 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के कार्यकारी निदेशक तथा वाहन एवं कृषि क्षेत्र के सीईओ राजेश जेजुरिकर ने यहां कहा, '' हम चालू वित्त वर्ष के अंत तक इलेक्ट्रिक वाहनों की परिचालन उत्पादन क्षमता को 8,000 इकाई प्रति माह तक ले जाने की योजना बना रहे हैं, जिसमें से हमें प्रति माह 7,000 इकाई बेचने की उम्मीद है।'' कंपनी वर्तमान में अपने चाकन स्थित विनिर्माण संयंत्र से अपने इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन करती है।

### यह एसयूवी नए इलेक्ट्रिक युग की शुरूआत का संकेत

महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (मोटर वाहन खंड) नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि यह एसयूवी महिंद्रा के लिए एक बड़े नए इलेक्ट्रिक युग की शुरुआत का संकेत है जिसे बड़े पैमाने पर उद्देश्यपूर्ण तरीके से और भारत की प्रगति की गहरी समझ के आधार पर बनाया गया है।

■ सकारात्मक रुझानों से विदेशी कोषों की निकली खरीदारी
■ सेंसेक्स में 111अंक और निफ्टी में 10 अंक की तेजी

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर जाने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी हल्की बढ़त के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सकारात्मक वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक बृहस्पतिवार को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 111 अंक और निफ्टी में 10 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 110.87 अंक यानी 0.13 प्रतिशत चढ़कर 85,720.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 446.35 अंक उछलकर 86,055.86 के अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितंबर, 2024 को 85,978.25 अंक रहा था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी कारोबार के अंत में 10.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,215.55 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 105.15 अंक उछलकर 26,310.45 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितंबर, 2024 को 26,277.35 अंक रहा था।यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। बुधवार को सेंसेक्स में 1,022.50 अंक और निफ्टी में 320.50 अंक की बड़ी तेजी देखी गई थी। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक और एचडीएफसी बैंक सबसे अधिक फायदे में रहे। हालांकि, मारुति, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

# सोना 640 रुपए कमजोर चांदी 5,100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच स्टॉकिस्ट और खुदरा विक्रेताओं की कमजोर लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 640 रुपये टूटकर 1,29,460 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत 5,100 रुपये बढ़कर 1,68,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 640 रुपये गिरकर 1,28,860 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रही।

## विक्रम सोलर का मॉड्यूल विनिर्माण कारखाना चालू



**नई दिल्ली।** सौर मॉड्यूल बनाने वाली कंपनी विक्रम सोलर ने कहा कि तमिलनाडु में उसका पांच गीगावाट क्षमता वाला पूरी तरह से स्वचालित वल्लम संयंत्र चालू हो गया है। इसके साथ उसकी कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 9.5 गीगावाट हो गई है। कंपनी ने बयान में कहा कि 27,000 वर्ग मीटर में फैला यह कारखाना अत्याधुनिक टॉपकॉन प्रौद्योगिकी पर आधारित है। अत्याधुनिक वल्लम संयंत्र सालाना पांच गीगावाट की अत्याधुनिक मॉड्यूल उत्पादन क्षमता जोड़ेगा। इस अगली पीढ़ी के विस्तार के साथ, अब कंपनी की कुल विनिर्माण क्षमता 9.5 गीगावाट प्रति वर्ष हो गई है। विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने बयान में कहा, "इस पांच गीगावाट क्षमता वाले संयंत्र को इसी वर्ष चालू करना एक साहसिक प्रतिबद्धता थी। इसे पूरा करना अगले दशक की मांग के पैमाने, गति और नवोन्मेष के लिए हमारी तत्परता का संकेत है।"

# देश के बड़े शहरों में घरों के दाम 2.2 प्रतिशत बढ़े

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश के प्रमुख शहरों में घरों की कीमतें बढ़ने की रफ्तार अब थोड़ी सुस्त पड़ती दिख रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़े बताते हैं कि जुलाई-सितंबर तिमाही में घरों की औसत कीमतें 2.2 प्रतिशत बढ़ीं जबकि पिछले साल की समान अवधि में कीमतें सात प्रतिशत बढ़ी थीं।

आरबीआई की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी तिमाही आवासीय कीमत सूचकांक (एचपीआई) आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई। रिजर्व बैंक हर तिमाही में यह सूचकांक तैयार करता है, जिसमें घरों की बिक्री के वास्तविक आंकड़ों को आधार बनाया जाता है। इस बार एचपीआई का नया आधार-वर्ष 2022-23 रखा गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सितंबर तिमाही में 18 प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतें 2.2 प्रतिशत बढ़ीं जो पिछले साल की समान अवधि में सात प्रतिशत बढ़ी थीं। इस दौरान नागपुर, गाजियाबाद और चंडीगढ़ ने घरों की कीमतें बढ़ाने में खास योगदान दिया।

**कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद, जिला - सिवनी**
नगर पालिका चौराहा, एन. एच. 7 मार्ग, जिला- सिवनी (म.प्र.) 480661
Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in Phone : 07692221301

पत्र क्रमांक/4874/ज.प्र.शाखा/न.पा.प/2025 सिवनी, दिनांक 27/11/2025

**ई निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जलप्रदाय शाखा निम्नानुसार सुआखेडा इंटकवेल प्लांट में वर्टिकल टर्बाईन पम्प सेट 240 एचपी का आवश्यक मरम्मत कार्य कराने हेतु ऑनलाईन दरें (Item Rate) पर ई - निविदा आमंत्रित की जाती है । अधिक जानकारी. शर्तें एवं टेण्डर डाक्यूमेंट ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in/ में निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा। ई - निविदायें टेण्डर की निर्धारित तिथि (की -डेट) के अनुसार खोली जावेगी

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | प्रस्तावित कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 UAD _464912_1 | Repairing of Vertical Turbine Pump set 240 H.P. at suakheda Intekwel | 15 दिवस 987188 | 2000/- 9800/- | 15/12/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/ बेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**शर्तें** 1- फर्म / कंपनी का Authorized / Subdealer का सर्टिफिकेट जीएसटी पंजीयन प्रति, आयकर रजिस्ट्रेशन प्रति, इनकम टेक्स रिटर्न 03 वर्ष की प्रति, शपथ पत्र, नोटरी से सत्यापित कर प्रति, व्यापार पंजीयन / दुकान पंजीयन प्रति देना आवश्यक है ।2- शासन द्वारा समय समय पर निदेर्शानुसार आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा ।3- दरें समस्त करों सहित निर्धारित स्थल पर फिटिंग कर देना आवश्यक होगा ।4- कार्य नगर पालिका अपनी आर्थिक स्थिति के आधार पर करायेगी इसके लिये किसी प्रकार का कारण बताया जाना आवश्यक नही होगा ।5- निकाय द्वारा मरम्मत कार्य एवं प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण उपरांत ही भुगतान किया जावेगा ।6- मरम्मत कार्य बिल में से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी ।7- ई - निविदा स्वीकृत करने अथवा ना करने का पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद सिवनी के पास सुरक्षित रहेगा।8- कार्य एवं उसमें उपयोग की गयी सामग्री निर्धारित गुणवत्ता की नहीं पाये जाने पर भुगतान नहीं किया जावेगा ।9- किसी भी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने पर नगर पालिका परिषद सिवनी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य करना होगा । 10-विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र उच्च न्यायालय जबलपुर होगा ।11- ई- निविदा स्वीकृत होने पर शासन के आदेशानुसार निर्धारित राशि के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा ।12- ई- निविदा उपरांत सफल निविदाकर को अनुबंध निष्पादन के पूर्व 5 प्रतिशत अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा ।निर्धारित 05 प्रतिशत जमा अमानत राशि की वापसी एक वर्ष उपरांत वापिस की जावेगी ।13- मरम्मत कार्य आवश्यकता अनुसार ही कराया जावेगा एवं निकाय की निर्धारित स्थान पर सामग्री प्रदाय हेतु ठेकेदार बाध्य होगा जिसका अतिरिक्त में कोई भाडा नगर पालिका द्वारा देय नहीं होगा ।14- निविदाकार को दरें समस्त करो (टेक्स) सहित एवं लोडिंग अनलोडिंग परिवहन आदि समस्त व्यय सहित प्रस्तुत करना होगा। 15- सभी सामग्री का गारंटर अवधि 01 वर्ष होगी ।सामग्री में किसी भी प्रकार की खराबी आने पर संबंधित को अपने स्वयं के व्यय पर मरम्मत कार्य करना होगा।16- सामग्री की थर्ड पार्टी टेस्ट रिपोर्ट प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महा से कराया जाकर प्रति देना आवश्यक होगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिवनी**

## चिंतन

# प्रदूषण से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत

एक समय था जब जहरीली हवा के मामले में चीन का शहर बीजिंग दुनिया भर में बदनाम था। एक्यूआई 500 को भी पार कर चुका था। चौतरफा प्रदूषण को लेकर चीन निशाने पर था। विदेशी कंपनियां निवेश करने से हिचकने लगीं थी। चीनी अमीर दूसरे देशों में बसने के बारे में सोचने लगे। वायु प्रदूषण की समस्या चीन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बन गई थी। बीजिंग में 2007 से एयर पॉल्यूशन शुरू हुआ तो 2011 तक पहुंचते-पहुंचते हालात दिल्ली से भी बदतर हो गए थे। शहर घने ग्रे स्मॉग से ढका रहता था। पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक हो गया। 2013 में बीजिंग में एक्यूआई 755 तक दर्ज किया गया। उस साल कई रिपोर्टों में बीजिंग को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर और चीन के इतिहास में सबसे प्रदूषित साल करार दिया गया। तब ड्रैगन ने आक्रामक, सख्त और सुनियोजित नीतियां व योजनाएं बनाईं। इस पर तुरंत अमल शुरू किया गया। चीन सरकार ने 2013 में 5 साल के लिए एयर पॉल्यूशन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल एक्शन प्लान बनाया। इसमें बीजिंग-तियानजिन-हुबेई क्षेत्र के लिए पीएम 2.5 कम करने के सख्त लक्ष्य तय किए गए। सरकार ने उद्योगों, ईंधन मानकों और शहर नियोजन के लिए कठोर नियम लागू किए। साल 2018 से ब्लू स्काई प्रोटेक्शन कैंपेन शुरू हुआ, जिसने नियमों को और कड़ा कर दिया गया। सरकार ने बीजिंग के आसपास के हजारों छोटे और अत्यधिक प्रदूषक कारखानों को या तो बंद कर दिया था या फिर दूर के प्रांतों में शिफ्ट कर दिया। स्टील, सीमेंट और कोयला पर चलने वाले बिजली संयंत्रों जैसे भारी उद्योगों को क्लीन एनर्जी और टेक्नोलॉजी अपनाने या फिर बीजिंग छोड़ने को मजबूर किया गया। साल 2017 में अपना आखिरी कोयला-आधारित बिजली संयंत्र भी बंद कर दिया। इसी के साथ प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर रुख किया। तभी सरकार ने तय किया कि बीजिंग में बिजली आधारित वाहनों का उपयोग सबसे ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए जगह-जगह चार्जिंग प्वाइंट लगाए गए, ताकि लोगों में बिजली वाहनों के प्रति भरोसा जगाया जा सके। इसका खासा असर भी दिखाई दिया। महज तीन साल में ही 30 फीसदी बिजली के वाहन शहर की सड़कों पर दौड़ने लगे, जिनका नतीजा है कि आज उसकी हवा साफ हो चुकी है। एक्यूआई लेवल 100 तक आ पहुंचा है। इसी के साथ अब बीजिंग एयर पॉल्यूशन से जूझ रहे शहरों के लिए उदाहरण बन गया है। अगर चीन ऐसा कर सकता है तो हम क्यों नहीं। बस जरूरत केवल इस बात कि है कि प्रदूषण के कारकों की पहचान करके उसका निदान किया जाए। आज दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई 699 को भी पार कर चुका है। सांसें जहरीली होती जा रही हैं। हर घर में खांसी और आंख में जलन के मरीज हैं। हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली। सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेप-3 लागू कर दिया है। सभी सरकारी और निजी दफ्तरों को 50 फीसदी कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम करने को कह दिया गया है। इतना सब होने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है। हर साल होने वाली इस परेशानी के निदान के लिए रोड मैप बनाकर उसका सख्ती से पालन करने की जरूरत है। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। अगर हम ऐसा कर पाए तो एक बार फिर से देश की राजधानी दिल्ली दिल वालों की कहलाएगी।



चिंतन
मनोज कुमार अग्रवाल

# हे राम! दूध भी सुरक्षित नहीं

**हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में मां के दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के दूध में यूरेनियम पाया जाना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है।**

सृष्टि की शुरुआत से यह माना जाता है कि मां का दूध नवजात बच्चों के लिए अमृत समान है, क्योंकि इसमें प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जो उन्हें संक्रमण के प्रभाव से बचाता है। जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं कि चिकित्सकों की राय के अनुसार नवजात मां का दूध शिशु के जीवन के लिए न सिर्फ पहली ढाल होता है, बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। साथ ही मस्तिष्क के विकास में सहयोगी और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की प्राकृतिक शक्ति प्रदान करता है, लेकिन सोचिए, अगर वही दूध किसी जहर के साथ मिलकर बच्चे तक पहुंचे, तो कितना खतरनाक हो सकता है। यह विचार ही किसी भी माता-पिता या समाज को हिलाने के लिए काफी है।

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में स्तन दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के स्तन दूध में यूरेनियम मिलना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। यह अध्ययन अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच बेगूसराय, भोजपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जिलों में 17 से 35 वर्ष की 40 महिलाओं पर किया गया। जांच में पाया गया कि सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) मौजूद था। यह मात्रा 5.25 जी/एल तक दर्ज की गई। ब्रिटिश जर्नल 'साइंटिफिक रिपोर्टस' में प्रकाशित इस शोध में कहा गया है कि ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों में 5 पीपीवी (प्रति अरब भाग) तक यूरेनियम पाया गया। यूरेनियम एक रेडियोधर्मी तत्व है, जो लंबे समय तक शरीर में रहने पर किडनी, हड्डियों और कोशिकाओं को प्रभावित कर सकता है। स्टडी में स्पष्ट किया गया है कि इस स्तर का तत्काल प्रभाव कम हो सकता है, परंतु शिशु यूरेनियम के एक्सपोजर के प्रति वयस्कों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनके शरीर में डिटॉक्सिफिकेशन क्षमता सीमित होती है, जिससे कोई भी रेडियोधर्मी तत्व अधिक तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि इस रिसर्च में बताया गया है कि 40 माताओं के दूध में यूरेनियम मिला, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका स्तर अनुमेय सीमा से नीचे था। लगभग 70 प्रतिशत शिशुओं में संभावित गैर-कार्सिनोजेनिक जोखिम देखा गया, पर इसका वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव कम होने की संभावना है। इसके बावजूद, यह तथ्य कि सभी महिलाओं के दूध में यूरेनियम मौजूद है, अपने आप में एक गंभीर चेतावनी है। परमाणु वैज्ञानिक और एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश के. असवाल का कहना है कि इसमें डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पाया गया स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से छह गुना कम है। डब्ल्यूएचओ पीने के पानी में यूरेनियम की सुरक्षित सीमा 30 पीपीबी तक मानता है, जबकि बिहार के नमूनों में सिर्फ 5 पीपीबी पाया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं के शरीर में गया अधिकांश यूरेनियम मूत्र के जरिए बाहर निकल जाता है, और स्तन के दूध में इसकी मात्रा बहुत कम होती है।



लेकिन यहां बड़ा सवाल यह नहीं कि स्तर सुरक्षित सीमा से कम है या ज्यादा। असली चिंता यह है कि आखिर महिलाओं के दूध में यूरेनियम पहुंच क्यों रहा है? यह संकेत है कि भूजल में यूरेनियम की उपस्थिति लगातार चढ़ रही है। शोध में बताया गया है कि भारत के लगभग 151 जिलों और 18 राज्यों में भूजल यूरेनियम प्रदूषण पाया जा चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिशु अपने शरीर से यूरेनियम को तुरंत बाहर नहीं निकाल पाते, इसलिए वे अपनी माताओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनका शरीर विकसित हो रहा होता है और किसी भी रेडियोधर्मी तत्व का असर उन पर अधिक तेजी से पड़ सकता है। बच्चों पर यूरेनियम का असर सबसे खतरनाक इसलिए भी होता है, क्योंकि उनके शरीर में हेवी मेटल्स को बाहर निकालने की क्षमता बेहद कम होती है। इसके कारण किडनी का विकास प्रभावित हो सकता है, न्यूरोलॉजिकल विकास रुक सकता है, आईक्यू कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। यह सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा सवाल है। इस स्थिति पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरतापूर्वक सोचना होगा। अगर भूजल में भारी धातुओं और रेडियोधर्मी पदार्थों का स्तर बढ़ रहा है, तो इसका असर सिर्फ दूध पर नहीं, बल्कि पेयजल, फसलों और पूरे खाद्य चक्र पर भी पड़ेगा।

असली समाधान भूजल की गुणवत्ता सुधारने, जलस्त्रोतों के परीक्षण को मजबूत करने और प्रदूषण के स्त्रोतों का पता लगाने से होगा। सरकार को चाहिए कि तत्काल उन इलाकों में पानी की जांच शुरू कराए जहां से नमूने लिए, गए थे। पानी शुद्धिकरण की योजनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को माताओं और बच्चों की नियमित जांच करानी चाहिए। साथ ही, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों को मिलकर यह समझना होगा कि भूजल में यूरेनियम आखिर क्यों बढ़ रहा है, क्या यह प्राकृतिक कारण हैं, औद्योगिक प्रदूषण है, या किसी और बजह से मिट्टी और पानी में बदलाव हो रहा है? इस समस्या को हल्के में लेना भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय होगा। यह सिर्फ एक शोध नहीं, बल्कि चेतावनी है कि हमारा पर्यावरण धीरे-धीरे प्रदूषण के ऐसे स्तर तक पहुंच रहा है जो मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए सरकारों को तुरंत कदम उठाने होंगे। स्तनपान आज भी शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है और इसे किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही, यह भी जरूरी है कि महिलाएं जिस वातावरण में रहती हैं, यह सुरक्षित हो। पानी, हवा और मिट्टी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना किसी भी समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। देखा जाए तो यह अध्ययन देश के स्वास्थ्य ढांचे को आईना दिखाता है। यह बताता है कि पर्यावरण संकट सबसे पहले और सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभावित है। आज अगर बिहार के 40 नमूनों में यूरेनियम पाया गया है, तो कल यह संख्या बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका, कनाडा और चीन जैसे देशों के भूजल में यूरेनियम मिलने की खबरें आती रही हैं, लेकिन बिहार में इसका ब्रेस्ट मिल्क में पाया जाना समस्या को एक नए और गंभीर स्तर पर ले जाता है। हालांकि, इन चौंकाने वाले नतीजों के बावजूद शोधकर्ताओं ने माताओं को सलाह दी है कि वे स्तनपान कराना बंद न करें, क्योंकि मां का दूध शिशुओं के लिए पोषण का सबसे सर्वोत्तम स्त्रोत है, लेकिन सरकार को इसके स्त्रोतों का पता लगाकर जल्द रोकथाम करनी होगी। ताकि मां का दूध अमृत बना रहे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

हालात
ऋतुपर्ण दवे



# युवाओं पर कसता जा रहा डिजिटल लत का शिकंजा

आज दुनियाभर में सबसे ज्यादा चिंता का विषय बच्चों को बढ़ती डिजिटल लत से बचाना है। वैसे यह वह मानसिक बीमारी है जो आहिस्ता-आहिस्ता लोगों को मानिसक रूप से जकड़ रही है। लोग खुद पर नियंत्रण खोते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में इसको लेकर बद से बदतर हालात दिखने लगेंगे। दरअसल, मोबाइल फोन वह नशा बनता जा रहा है, जिसके आगे बड़े से बड़ा नशा काफूर हो रहा है। परेशान करने वाली सच्चाई यह है कि 3 से 12 साल की उम्र के बच्चे सोशल मीडिया से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जो उम्र उनके दिमाग के तेजी से विकास की है उसमें ज्यादा वक्त स्क्रीन पर बिताकर सामाजिक गतिविधियों, खेल-कूद व रचनात्मक सोच से बच्चे दूर हो जाते हैं। सभी ने बच्चों के बदलते व्यव्हार को भांपा है। आखिर इसका समाधान क्या होगा? शुकून की बात यह है कि कुछ देश आगे बढ़कर पहल कर रहे हैं। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने और साइबर बुलिंग व दूसरे अपराधों से बचाने के लिए अपनी-अपनी तरह से कुछ सरकारों की पहल अच्छी है। इस पर अलग-अलग देशों में कानून भी अलग हैं। फ्रान्स में 200 स्कूलों में स्मार्टफोन पर पाबंदी लगाने के बाद आई सफलता के 'डिजिटल ब्रेक' प्रयोग से छात्र और स्कूल स्टाफ, दोनों ही संतुष्ट हैं। नार्वे और स्पेन में बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट खातिर डेटा प्रोटेक्शन सहमति की उम्र पहले क्रमशः 13,14 थी, जिसे बढ़ाकर 16 कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया ने स्कूल, क्लासरूम में फोन प्रतिबंधित करने वाला कानून बना दिया। इसी साल 26 अगस्त को 163 में 115 सांसदों की मुहर से लागू कानून मार्च 2026 से लागू होगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई,उनके सामाजिक मेल-जोल और बर्ताव में सुधार आ सके। फिनलैंड में छोटे बच्चों के लिए मोबाइल प्रतिबंधित है तो इटली, नीदरलैंड्स में कक्षाओं में मोबाइल फोन, टैबलेट और स्मार्टवॉच पर रोक है तो चीन में, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी बिना अभिभावक लिखित इजाजत स्कूल में फोन नहीं ले जा सकते, जबकि डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने इसी 8 अक्टूबर को संसद में कहा कि वहां 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि हमने एक राक्षस को जन्म दिया है जो मोबाइल के रूप में हमारे बच्चों का बचपन छीन रहा है। जर्मनी में 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया उपयोग के लिए अभिभावक की अनुमति जरूरी होगी। यूरोपियन यूनियन स्तर पर जनरल डेटा प्रोटेक्शन कहता है कि सदस्य देश प्लेटफॉर्म के लिए यूजर की सहमति की कम से कम उम्र तय कर सकते हैं, बशर्ते वह 13 साल से ज्यादा हो। जबकि ईरान कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स या तो प्रतिबंधित हैं या उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। म्यांमार और उत्तर कोरिया में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध है और सरकारी नियंत्रण वाले प्लेटफॉर्म ही वहां हैं। रूस और तुर्किए में विशेष परिस्थितियों जैसे राजनीतिक विरोध या अशांति में सोशल मीडिया बैन लगते हैं। डेनमार्क पहले ही स्कूलों में मोबाइल पर बैन लगा चुका है और अब सोशल मीडिया पर भी बच्चों के लिए सख्त प्रतिबंध और सर्विस प्रोवाइडर पर भारी भरकम जुर्माने की योजना बना रहा है।

बीते नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का बिल संसद पक्ष और विपक्ष दोनों की सहमित से पारित हुआ। वहां के प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को टेंशन बढ़ाने वाला, ठगों और ऑनलाइन अपराधियों का हथियार बताया था। ऑस्ट्रेलिया ऐसा बिल पारित करने वाला दुनिया का पहला देश भी बना। बिल के अनुसार एक्स, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों को अकाउंट रखने से रोकने में नाकाम रहते हैं, तो उन पर 275 करोड़ रुपए (32.5 मिलियन डॉलर) जुर्माना लग सकता है। रोक की मंशा यह है कि आस्ट्रेलियाई युवक फोन छोड़कर फुटबॉल, क्रिकेट और टेनिस खेलें।ऑस्ट्रेलिया के नक्शे कदम पर, ब्रिटिश सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन पर विचार कर रही है। सरकार का मानना है कि ऑनलाइन सुरक्षा के लिए जो भी करना होगा, करेंगे उसमें बच्चों के लिए विशेष। गनीमत है कि कई देशों की सरकारें मोबाइल फोन और अन्य स्मार्ट डिवाइस को लेकर बच्चों की चिंता करने लगी हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि मोबाइल-इण्टनेट को लत कहें या खुमारी पूरी मानवता पर पड़ रही है भारी। अभी भी वक्त है चेतने का, अगर आलम यही रहा तो आने वाले चंद वर्षों में दुनिया कितनी और कैसी बदलेगी, सोचकर ही सिरहन होती है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

## मंत्र का असर



संकलित
**प्रेरणा**

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई,'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।'साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## सटाका




## आज की पाती

### अन्याय कभी भी सहन मत करो

यदि आज हम किसी अन्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध नहीं करते, तो यकीन मानिए एक दिन हम स्वयं भी उसी अन्याय का शिकार अवश्य ही होंगे। यही समय है, यही पल, यही क्षण है। ये इंतजार कभी भी नहीं कीजिए, कि केवल हमारे ही साथ कहीं कभी अन्याय होगा, तभी हम किसी सड़ी हुई विकृत व्यवस्था का विरोध करेंगे। फिर उस वक्त व्यर्थ के रुदन, रोने-धोने से कोई लाभ, कोई सकारात्मक प्राप्ति होना अत्यंत ही कठिन या संभवतः असंभव हो सकता है। एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी, लगभग अन्याय के ही बराबर है। देश, समाज, दुनिया में कहीं एक जगह, किसी एक के साथ हो रहा अन्याय, हर जगह अन्याय होना भी माना जा सकता है। आम तौर पर लोग अन्याय का विरोध नहीं करते हैं, जिसके परिणाम भयंकर होते हैं।

*- प्रवीण पांडे, धमतरी*

## ट्रेंड

### उत्कृष्ट परिणाम



टोक्यो में आयोजित 25वें डेफलंपिक्स 2025 में 9 स्वर्ण पदकों सहित 20 पदकों की ऐतिहासिक सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और समर्पण से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार फिल्म



सच्ची घटना पर आधारित '120 बहादुर' जैसी देशभक्ति की फिल्म हर सच्चे देशभक्त को देखनी भी चाहिए और दूसरों को देखने के लिए कहना भी चाहिए। जिससे नई पीढ़ी भी सैनिकों के बलिदान की गौरव गाथा से परिचित हो सके। अभिनेता से लेकर फिल्म से जुड़े हर पक्ष का काम सराहनीय है।

**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### कार्रवाई की ज़रूरत



निर्मम हत्या कर दिए गए दो राष्ट्रीय रक्षकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। हमारी चरमराई व्यवस्था को सुधारने के लिए कितने निर्दोष लोगों की जान लेनी पड़ेगी? कठोर कार्रवाई की ज़रूरत है।

**- एलन मास्क, उद्योगपति**

### मेरे लिए बहुत कुछ



वह मेरे लिए बहुत कुछ थे। एक प्यारे पति, हमारी दोनों बेटियों, ईशा और अहाना, के लाड़ले पिता, दोस्त, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, हर मुश्किल घड़ी में मेरे लिए सबसे मददगार - दरअसल, वह मेरे लिए सब कुछ थे! हमेशा अच्छे-बुरे समय में मेरे साथ रहे।

**- हेमा मालिनी, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

### फ्रांस में नई स्वैच्छिक सैन्य सेवा की घोषणा करेंगे मैक्रों



यूरोपीय राष्ट्रों के लिए रूस के बढ़ते खतरे को देखते हुए फ्रांस ने अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बृहस्पतिवार को नयी राष्ट्रीय स्वैच्छिक सैन्य सेवा योजना की घोषणा करेंगे। मैक्रों के फ्रांसीसी आल्प्स में वार्स सैन्य अड्डे पर जाने से पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह 'बढ़ते खतरों के लिए राष्ट्र को तैयार करने की आवश्यकता' पर जोर देंगे। इस साल की शुरुआत में मैक्रों ने फ्रांसीसी युवाओं को स्वेच्छा से सैन्य सेवा में शामिल होने का एक नया विकल्प देने की मंशा जाहिर की थी। उल्लेखनीय है कि फ्रांस 1996 में अनिवार्य सैन्य भर्ती को समाप्त कर चुका है, और इसे दोबारा लागू करने पर विचार नहीं किया जा रहा है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन में रूस के युद्ध ने यूरोपीय महाद्वीप को 'बड़े जोखिम' में डाल दिया है। उन्होंने मंगलवार को रेडियो आरटीएल को बताया, 'रूस को जिस दिन आपने कमजोरी का संकेत दिया, वह आगे बढ़ता ही रहेगा।' राष्ट्रपति ने अगले दो वर्षों में सैन्य खर्च में 6 .5 अरब यूरो की अतिरिक्त वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 तक वार्षिक रक्षा खर्च को बढ़ाकर 64 अरब यूरो करना है, जो 2017 के खर्च का दोगुना होगा।

## ऑफ बीट

### कुत्ते खाना और खिलौने कैशिंग के लिए छुपाते हैं



क्या आपने कभी किसी कुत्ते को कंबल के नीचे, सोफे के पीछे, या घर के पिछले हिस्से में खोदे गए गड्ढे में अपना पसंदीदा खाना छुपाते हुए देखा है? आपको लग सकता है कि वे किसी ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं, जो प्रलय आने की आशंका से डरा हुआ हो, लेकिन कुत्ते आसन्न आपदा की चिंता में अपना खाना जमा नहीं कर रहे हैं। वे यह बता रहे हैं कि कैसे उनका विकासवादी अतीत आज भी आधुनिक व्यवहारों को आकार दे रहा है। यह दूरदर्शी रणनीति हमें एक अनोखी झलक देती है कि हम उन्हें अच्छी तरह जीने में कैसे मदद कर सकते हैं। कुत्ते भोजन, सामान और खिलौने क्यों छिपाते हैं– आपने 'कैशिंग' के बारे में सुना होगा, जिसका वैज्ञानिक अर्थ है भोजन को बाद में इस्तेमाल के लिए गुप्त स्थानों पर संग्रहित करना। यह व्यवहार गिलहरियों से लेकर कौवों और भेड़ियों तक, सभी जानवरों में व्यापक रूप से पाया जाता है। 'कैशिंग' व्यवहार सामान्यत: दो श्रेणियों में से आता है। इनमें से एक को 'लार्डर होर्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसे एक गिलहरी के उदाहरण से समझा जा सकता है, जो लंबी सर्दियों के दौरान एक या दो स्थानों पर मेवे जमा करके रखती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



### लंबे समय से चल रही थी अनैतिक गतिविधियां, कई बार हुई शिकायत, कार्यवाही शून्य

# चंदनगांव में पुलिस की रेड

# संदिग्ध अवस्था में मिले प्रेमी युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा






चंदनगांव स्थित कृष्ण मंदिर के पास गुरूवार को उसी स्थान पर संदिग्धों को रेड मारकर रंगे हाथ पकड़ा। कृष्ण मंदिर के पास स्थित आवासीय क्षेत्र में पुलिस ने रेड डालकर पुलिस ने दो संदिग्ध जोड़ों को पकड़ा, साथ ही यात्री निवास के संचालक अनिल प्रसाद द्विवेदी को भी पकड़कर कोतवाली लाया गया। चार अक्टूबर को मोहल्ले के लोगों ने एसपी कार्यालय में इस संदिग ध गतिविधियों में लिखित शिकायत दी थी। परंतु उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण 181 पर भी इसकी शिकायत की गई थी।

इसी बीच विगत आठ दिनों पूर्व कोतवाली पुलिस द्वारा रेड डाली गई थी परंतु पुलिस को न तो कोई गड़बड़ी मिली न ही उनके द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की गई। रेड डालने के बाद न तो शिकायकर्ताओं के बयान लिए गए और न ही किसी तरह का पंचनामा बनाया गया। जबकि अठारह कमरों में अलग अलग बैड के साथ हर कमरा अवैध गतिविधियों की करतूतों की कहानी कह रहा था। वहीं गुरूवार को पुनः जब अनिल द्विवेदी द्वारा यह व्यापार ि फर से शुरू किया गया तो शिकायतकर्ताओं ने पुनः पुलिस को शिकायत की ओर पुलिस की जब रेड पड़ी तो दो जोड़े और संचालक अनिल द्विवेदी संदिग्ध परिस्थितयों में पाए और उन्हें पकड़कर कोतवाली लाया गया।

छिंदवाड़ा के चंदनगांव में कृष्ण मंदिर के पास स्थित तीन मंज़िला मकान पर हुई पुलिस की ताज़ा रेड केवल एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ नहीं—बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की विफलता, सामाजिक ताने-बाने का टूटना, और तंत्र की चरमराहट का नग्न सच है। 18 कमरे, 20 बेड, संदिग्ध गतिविधियाँ, महीनों तक आती–जाती जोड़ियां,और पुलिस की सिर्फ "खानापूर्ति"। यह सब किसी एक रात का खेल नहीं यह बताता है कि प्रशासनिक उदासीनता और स्थानीय भ्रष्ट तंत्र ने अपराध को फलने-फूलने दिया। घटना ने खोला वह 'घाव' जिसे वर्षों से ढंका जा रहा था गुरुवार सुबह की रेड में दो युवक-युवतियाँ, आपत्तिजनक सामग्री और "धंधे" की पूरी व्यवस्था मिली। पर असली सवाल यह नहीं है कि मकान में क्या मिला। असली सवाल यह है कि इतने महीनों तक यह सब चलता कैसे रहा ? स्थानीय नागरिकों ने इसे – पुलिस को , जनसुनवाई में , सीएम हेल्पलाइन में , 5 से ज़्यादा बार शिकायत के रूप में दर्ज कराया। पर हर बार पुलिस आकर "औपचारिकता" निभाकर लौटती रही। क्या पुलिस को पता नहीं था ? , या पता था, लेकिन देखने की इच्छा नहीं थी ? , या देखने के बदले 'कुछ और' मिल जाता था ? यही सवाल अब जनता पूछ रही है। सामाजिक तानाबाना टूट रहा है अपराध 'सामान्य' बन रहा है चंदनगांव जैसे शांत, धार्मिक और पारंपरिक इलाके में "धंधेबाज मकान" का महीनों तक संचालित होना । हमारे सामाजिक ढांचे पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। पड़ोसियों का भय , युवाओं का गलत रास्ते पर भटकना , महिलाओं की सुरक्षा पर चोट , परिवारों के संस्कारों का क्षरण यह केवल एक भवन का मामला नहीं यह हमारे समाज की मूल्य प्रणाली के धीरे-धीरे मरने की प्रक्रिया का संकेत है। अनैतिक देह व्यापार तब सबसे तेज़ पनपता है , जब समाज चुप रहता है और तंत्र सो जाता है। पुलिस व्यवस्था विश्वास टूटे तो कानून भी कमजोर पड़ जाता है इस मामले में पुलिस की भूमिका पर सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। मकान पर बार-बार शिकायतें होने के बावजूद न निगरानी, न निग्रह, न रोकथाम, सिर्फ औपचारिकता। यानी, कानून के पहरेदार ही कानून की अनदेखी करते रहे। यह घटना यह साबित करती है कि स्थानिय स्तर पर "प्रशासन का एक हिस्सा अपराध रोकने के बजाय उस पर आंखें मूंदे बैठा था।" और जब SP के सीधे हस्तक्षेप के बाद ही कार्रवाई हो तो यह साफ संदेश देता है कि नीचे का पूरा ढांचा या तो कमजोर हो चुका है या समझौते से भरा हुआ है। इस पूरे खेल का सबसे गंदा पक्ष अनैतिक गतिविधियाँ तब सालों तक पनपती हैं जब पैसे का खेल हो , सिस्टम में मिलभगत हो, शिकायतों को दबाया जाए , और अपराध करने वालों को "संरक्षण" मिलता रहे चंदनगांव की घटना में यही हुआ। यह केवल अपराध नहीं, यह संगठित अपराध, प्रशासनिक नाकामी, भ्रष्ट मानसिकता की संयुक्त उपज है। स्थानीय लोग खुलकर कह रहे हैं कि पुलिस आती थी, देखती थी और चली जाती थी। यह वाक्य सिर्फ एक विभाग पर नहीं, पूरे प्रशासनिक तंत्र की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार है। अब देखना है कि पुलिस इस तरह के मामलों में क्या कार्यवाही करती है क्योंकिशहर के लालबाग, गुलाबरा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में इस तरह के कई मामले है जो कार्यवाही के अभाव में फलफूल रहे है समय रहते इन पर अंकुश लगाया गया तो यही हमारे जिले के सामाजिक पतन का कारण बन सकते है।

## 8 फीट लंबे अजगर को देख उड़े होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही नगर के रिहायशी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब सूर्य सनातन हनुमान मंदिर के पास राम सुजान पाल के घर में करीब 8 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। इलाके की यह घटना इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि यह क्षेत्र बांधवगढ़ नेशनल पार्क से सटा हुआ है, जिससे वन्यजीवों का रिहायशी मोहल्लों में आना आम होता जा रहा है।

### कड़ी मशक्कत से पकड़ा

अजगर दिखने की सूचना मिलते ही बरही निवासी और सर्प मित्र हैरिसन हैंडरी उर्फ बबलू को बुलाया गया। वन्यजीव रेस्क्यू में विशेषज्ञ हैरिसन कुछ ही समय में मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़कर बोरे में बंद किया और बाद में उसे आबादी से दूर जंगल में छोड़ दिया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह हाल के दिनों में दूसरी घटना है जब इसी मोहल्ले में अजगर दिखाई दिया है। इससे पहले लगभग 10 फीट लंबे एक अजगर को भी सर्प मित्र द्वारा रेस्क्यू किया गया था। बरही क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से वन्यजीवों की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। पहले तेंदुए की दस्तक, फिर हाथियों का झुंड और अब बार-बार अजगर के दिखाई देने से लोग दहशत में हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नेशनल पार्क से नजदीकी होने के कारण वन्य प्राणी अक्सर नगर परिषद क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं। इससे न सिर्फ भय का माहौल बनता है, बल्कि वन विभाग के लिए भी यह बड़ी चुनौती है कि वन्यजीवों को आबादी से दूर रखा जाए।

### विधायक अनुभा मुंजारे ने स्कूल प्रबंधन पर जतायी नाराजगी

# सीएम राइज स्कूल में 7 बच्चों की पिटाई की परिजनों ने विधायक से की शिकायत





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट मुख्यालय में संचालित हो रही सांदीपनी स्कूल(सीएम राइज)में कक्षा 6 वी के 7 बच्चों के साथ शिक्षक रामप्रसाद राहंगडाले द्वारा जमकर मारपीट करने, बेंच पर लेटाकर मारने व गर्दन दबाने जैसे संगीन आरोप का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत परिजनों ने बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे से की और विधायक ने स्कूल पहुंचकर प्राचार्य से इस रवैया को लेकर आपत्ति जतायी है। जानकारी में बच्चों के अभिभावकों ने विधायक अनुभा मुंजारे को बताया कि घटनाक्रम 1 दिन पहले 26 नवम्बर की दोपहर का है। जिसमें स्कूल के शिक्षक रामप्रसाद राहंगडाले द्वारा 7 बच्चों के साथ मारपीट सहित अमानवीय व्यवहार किया गया। बच्चों ने इसकी शिकायत किसी से नहीं की और घर पहुंचकर अपने अभिभावकों से इस संबंध में बताया गया।

परिजनों ने मीडिल स्कूल की प्रभारी चित्रा बोपचे से संपर्क किया तो उन्होने मामले को दबाने का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि शिक्षक ने इस तरह से पिटाई करने से ऐसा डर गये और सहम गये कि दूसरे दिन आज बच्चे स्कूल जाने को लेकर परहेज करने लगे। जिसके चलते परिजनों ने बच्चों के साथ विधायक अनुभा मुंजारे के पास पहुंचकर शिकायत की। विधायक अनुभा मुंजारे बच्चों व उनके परिजनों के साथ सांदीपनी स्कूल पहुंची। जहां पर प्राचार्य को इस घटनाक्रम की कोई जानकारी नही थी और ना ही मिडिल स्कूल प्रबंधन ने उन्हें सूचना दी। विधायक अनुभा मुंजारे ने इस बात पर कड़ी आपत्ति जतायी कि बच्चों के साथ मारपीट व अमानवीय व्यवहार का घटनाक्रम हो गया और प्राचार्य को इसकी कोई सूचना क्यों नही दी गई? मीडिल स्कूल के प्रबंधन देख रही प्रभारी चित्रा बोपचे ने इस मामले को क्यों छुपाने का प्रयास किया? जबकि प्राचार्य युवराज राहंगडाले को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि बच्चे अगर शोरगुल कर रहे थे तो उनके साथ ऐसी पिटाई क्यों की गई कि वह अब स्कूल आने से परहेज कर रहे है। स्कूल को शिक्षा मंदिर कहा जाता है और शिक्षा के मंदिर में शोरगुल करने वाले बच्चे को लेकर शिक्षकों को इतनी आपत्ति है कि वह उनकी पिटाई कर रहे है। यह बहुत ही निंदनीय है। इसकी शिकायत उन्होने जिला प्रशासन के साथ ही शिक्षा मंत्री से करने की बात कही है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे कर्मी की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे के एक कर्मचारी की मौत हो गई। घटना कटनी-एनकेजे थाना क्षेत्र के सी-केबिन के पास हुई। मृतक की पहचान रविंद्र बहादुर दुबे 41 पिता बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे निवासी एनकेजे के रूप में हुई है। रविंद्र बहादुर दुबे पिछले 12 सालों से ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत थे। घटना के समय वे सी-केबिन के पास लाइन पर मेंटेनेंस (एनआई वर्क) का काम कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, रविंद्र बहादुर दुबे रेल लाइन के नट-बोल्ट दुरुस्त कर रहे थे। इसी दौरान, जब वे लाइन पार कर रहे थे तो बिलासपुर की तरफ से कटनी आ रही एक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना तत्काल जीआरपी पुलिस को दी गई।

### मामले की हो रही जांच

सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जीआरपी कटनी के एएसआई डीपी मिश्रा ने बताया कि कंट्रोल रूम से रेलवे कर्मचारी के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पंचनामा तैयार किया गया है। प्रथम दृष्टया जांच में यह हादसा ट्रैक क्रॉस करते समय होना सामने आया है।

# आईएएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विवादित बयान पर ब्राह्मण और सवर्ण संगठनों में खासा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश में वरिष्ठ आईएएएस अधिकारी संतोष वर्मा के विवादित बयान पर ब्राह्मण और सवर्ण संगठनों में खासा आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को दोपहर बड़ी संख्या में मौजूद महिला-पुरुष ब्राह्मणों ने नारे बाजी करते हुए, सख्त कार्यवाही की मांग किए जाने को लेकर संगठित एकजुट ब्राह्मणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी पहुंचकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

पं. दिलीप तिवारी अध्यक्ष जिला ब्राह्मण समाज, सिवनी, मध्यप्रदेश ने बताया कि आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहू बेटियों के प्रति की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है। वहीं अजय अज्जू मिश्रा ने भी सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग व उन्हें पद से अलग किए जाने की मांग करते हुए कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो ब्राह्मण शांत नहीं बैठेगा और आगे भी वह संगठित होकर उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।गौरतलब है कि जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान ना कर दे या उससे संबंध ना बना ले आरक्षण पर इस तरह की दलील देकर मध्य प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने नए विवाद को जन्म दे दिया है। ब्राह्मण और सवर्ण संगठन उबल पड़े हैं, लेकिन आरक्षण, दलित, सवर्ण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर नफा-नुकसान को भांपते हुए अधिकतर राजनीतिक दल चुप्पी साधे हुए हैं। ब्राह्मणों ने अधिकारी के बयान की निंदा करते हुए उन पर कार्रवाई की मांग की है।ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी ने कहा कि अनुसूजित जाति, जन जाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद इसके पहले अधिवेशन के दौरान वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने मंच से विवादित टिप्पणी की जो उनकी गंदी मानसिकता दर्शाती है। उन्होंने 'एक परिवार में एक ही व्यक्ति को आरक्षण' की सोच के विरोध में दलील देते हुए कह दिया कि यह तब तक मंजूर नहीं होगा जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी उनके बेटे को दान ना कर दे या उसका उससे संबंध ना बना ले। सोशल मीडिया पर संतोष वर्मा का यह बयान वायरल हो गया। सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके बयान की तीखी आलोचना की। ब्राह्मण समाज के अनेक लोगों ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के बयान की कड़ी आलोचना की और कहा कि इस तरह के मानसिक दिवालियेपन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एक वरिष्ठ अधिकारी का इस प्रकार का जातिगत और स्त्री-विरोधी बयान न केवल घोर आपत्तिजनक है, बल्कि समाज को बांटने वाली मानसिकता का खुला प्रमाण भी है। मैं स्वयं एक ब्राह्मण हूं, और हमारी परंपरा 'सम्मान' सिखाती है, 'अपमान' नहीं। देश की बहन-बेटियों को 'दान' की वस्तु समझने वाली सोच घोर निंदनीय है। यह विचार न सिर्फ घटिया है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक मर्यादा का भी अपमान है। सरकार ऐसे मानसिक दिवालियेपन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।'ब्राह्मणों ने कहा, 'शायद किसी ने संतोष वर्मा की बुद्धि को हर लिया है। यह समाजिक ताने बाने को तोडऩे का बयान है। उन्होंने ना सिर्फ ब्राह्मण बेटियों के बारे में टिप्पणी है, बल्कि हर जाति और धर्म के बहन बेटियों के बारे में है। समाज के लोग चाहें वे भाजपा के हों या कांग्रेस के हो या किसी भी अन्य राजनैतिक पार्टी, दलों से हो, जो परशुराम को मानने वाले लोग हैं उनसे आग्रह है कि हम सब मिलकर ज्ञापन देकर इनके निष्कासन की मांग करनी चाहिए।

## पत्नी को सुंदर न लगने और पैसों की डिमांड पर देता था तीन तलाक की धमकी




**छतरपुर। जिले की पीड़िता गोसिया बानो हाल निवासी नया मोहल्ला ने अपने पति सद्दाम हुसैन निवासी कुड़ीला, थाना कुड़ीला जिला टीकमगढ़ के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि पति उसे लगातार प्रताड़ित करता है और कहता है कि वह अच्छी नहीं लगती, इसी आधार पर उसे तीन तलाक़ देने की धमकी भी दी जाती है।**

गोसिया बानो ने बताया कि उसकी शादी 25 अक्टूबर 2023 को हुई थी और दो साल के वैवाहिक जीवन में उसे आए दिन मारपीट, दहेज की मांग तथा पैसों के लिए प्रताडऩा सहनी पड़ी है। आरोप है कि पति द्वारा पैसे न देने पर उसे जलाकर मारने जैसी धमकियां भी दी जाती थीं। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता मजदूरी कर परिवार चलाते हैं, फिर भी पति की पैसों की डिमांड लगातार बढ़ती ही गई। कई बार भाई उसे मायके ले गया, लेकिन हर बार पति का साफ कहना रहा— हमको नहीं रखना, सुंदर नहीं लगती, पैसे नहीं दिए तो तीन तलाक़ दे देंगे। लगातार हो रही प्रताडऩा से परेशान होकर गोसिया बानो ने अब एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की है। फिलहाल पीड़िता सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में रहती है, जबकि उसका ससुराल हरपालपुर में स्थित है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर

**मैहर।** स्टेट हाईवे 11 पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब तेज रफ्तार से आ रही एक महिंद्रा कार संख्या CG04ND 8922 ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,कार अत्यधिक तेज गति में थी, और चालक ने संभवतः वाहन से नियंत्रण खो दिया,जिससे वह मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को अपनी चपेट में ले लिया।टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी,और बाइक सवार हवा में उछलकर सड़क किनारे जा गिरे,जिससे उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर जमा हुए और पुलिस तथा एम्बुलेंस को सूचित किया।

### पुलिस के पहुंचने तक साफ कर दिया खेत, क्या महिला को मिलेगा इंसाफ?

# जमीन पर हक या गुंडागर्दी? महिला के खेत से धान की फसल जबरन काटकर ले गए दबंग ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



तहसील क्षेत्र के साडरा गांव में जमीन विवाद ने गुरूवार को ऐसा तूल पकड़ा कि ग्रामीणों में तनाव का माहौल बन गया। आरोप है कि एक महिला की दर्ज भूमि पर उगी धान की फसल को चार लोगों ने बिना अनुमति हार्वेस्टर मशीन बुलाकर कटवा लिया और पुलिस के पहुंचने से पहले पूरी फसल अपने घर ले गए। पीड़ित महिला ने इस घटना को खुलेआम धोखाधड़ी और दबंगई बताया है। इस संबंध में पीड़ित हेमलता पति अमित लिल्हारे ने बताया कि जिस जमीन पर उन्होंने मेहनत से धान की फसल लगाई थी, उसे अचानक गांव के ही हेमराज पिता हुलासराम बल्लारखेडे, सुरेन्द्र पिता हुलासराम बल्लारखेडे, लोकेश पिता हेमराज बल्लारखेडे, राकेश पिता हेमराज बल्लारखेडे सभी निवासी साडरा सहित अन्य लोगो द्वारा अपना बताकर दावेदारी की गई। हेमलता ने धान की फसल काटने पर विवाद की आशंका को देखते हुए सुबह ही पुलिस को लिखित शिकायत दे दी थी, लेकिन उसके बावजूद अनावेदक मौके पर मशीन लेकर पहुंचे और करीब सवा एकड़ की पूरी फसल कटवा ले गए। महिला का आरोप है कि यदि पुलिस समय पर पहुंचती, तो फसल बच सकती थी। इस विवाद के पीछे जमीन खरीद का लंबा झगड़ा सामने आया है। सूत्रो के अनुसार यह जमीन पूर्व में अनावेदकों द्वारा हेमलता को बेची गई थी। जिस पर हेमलता लिल्हारे द्वारा दो लाख नगद और दो लाख के चेक के रूप में दिया था और पैसे देने बाकी रह गये थे। राजस्व रिकॉर्ड में जमीन हेमलता के नाम दर्ज है। वहीं अनावेदकों का दावा है कि महिला ने पूरा भुगतान नहीं किया, इसलिए खेत और फसल पर उनका अधिकार है। उनके अनुसार रिश्तेदारी और भरोसे में रजिस्ट्री कर दी गई थी, लेकिन पैसे न मिलने के कारण अब उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। अनावेदकों ने यह भी कहा कि यदि महिला बकाया भुगतान कर देती है, तो वे फसल वापस लौटाने को तैयार हैं।

वहीं महिला का कहना है कि जमीन मेरे नाम है, फसल मेरी है, पैसा वसूली के नाम पर फसल लूटना कानून नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और ग्रामीणों की निगाह प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कानून महिला की फसल वापस दिलाता है या मामला अदालत के गलियारे तक पहुंचता है।

## कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी, एनएसयूआई का प्रदर्शन

# पुलिस पहरे में हुई आरडीयू की कार्य परिषद बैठक

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुवीवी) में गुरुवार को कार्य परिषद (ईसी) की बैठक तनातनी भरे माहौल में हुई। बैठक से पहले ही विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी और पुलिस बल तैनात रहा। कर्मचारियों के आक्रोश, कर्मचारी संगठन की चेतावनी और एनएसयूआई के प्रदर्शन के बीच यह बैठक कई अहम प्रस्तावों और विवादित मुद्दों के कारण खासा चर्चा में रही।

अंदर बैठक चलती रही बाहर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुंगी बजाकर हो हल्ला किया. इस बैठक में वैसे तो कई प्रशासनिक प्रस्तावों पर चर्चा होनी थी, लेकिन कर्मचारियों की मुख्य नजर अक्टूबर माह में हुई हड़ताल से जुड़े प्रस्ताव पर थी। कर्मचारियों का स्पष्ट कहना था कि उस हड़ताली अवधि को अर्जित अवकाश में समायोजित न किया जाए। बैठक शुरू होने से पहले विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने प्रशासन को पत्र सौंपकर चेताया कि यदि हड़ताली दिवसों को अवकाश में समायोजित किया गया, तो कर्मचारी दोबारा आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। कर्मचारी संघ के महासचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 26 दिनों को अर्जित अवकाश में समायोजित करने का प्रस्ताव लाया गया है, जबकि उस अवधि में कई त्योहारों के चलते पहले से ही अवकाश थे। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासन अड़ियल रवैया अपनाए हुए है और दो महीने बीत जाने के बावजूद उनकी 20 सूत्रीय मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।



### कुलगुरु की नियुक्ति को लेकर एनएसयूआई का विरोध

इसी बीच कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा की नियुक्ति को लेकर उठ रहे सवालों के बीच एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर पहुंचकर पुंगी बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई नेताओं ने आरोप लगाया कि नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और विश्वविद्यालय का वातावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है। स्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय में पुलिस बल तैनात रखा गया और भारी सुरक्षा के बीच ईसी बैठक संचालित की गई।

### बैठक में लिए गए अहम प्रशासनिक निर्णय

कार्य परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव ईसी सदस्यों के सामने रखे गए, जिनमें प्रमुख रूप से विद्यापरिषद की स्थाई समिति की बैठक के कार्यवृत्त को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। कॉलेज कोड-28 के तहत प्राचार्यों की नियुक्ति हेतु कुलगुरु द्वारा गठित चयन समिति एवं शासी निकाय द्वारा अनुमोदित बंद लिफाफों पर विचार किया गया। दिव्यांगजन भर्ती मामलों में वॉक-इन-इंटरव्यू के बाद चयनित तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियुक्ति आदेश जारी करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। रोस्टर के आधार पर रिक्त पदों की स्थिति भी कार्य परिषद के समक्ष रखी गई।

### सीलबंद लिफाफा खोला गया

बैठक का सबसे अहम और संवेदनशील मुद्दा बैकलॉग शिक्षक भर्ती से जुड़ा रहा। ईसी बैठक में इस संबंध में रखा गया सीलबंद लिफाफा खोला गया। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा 19 अगस्त 2021 को जारी विज्ञापन और 18 अप्रैल 2023 को किए गए संशोधित विज्ञापन के आधार पर आरक्षित वर्ग के अंतर्गत शिक्षकों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई थी। लेकिन इस प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके चलते साक्षात्कार होने के बावजूद चयनित अभ्यर्थियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए। इसी बीच कुछ अभ्यर्थी मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की शरण में चले गए और मामला अदालत में लंबित रहा।

### हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रखा गया लिफाफा

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने 28 नवंबर 2024 को चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति ने पूरी प्रक्रिया की जांच कर अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में तैयार की और यह रिपोर्ट एमपी हाईकोर्ट में प्रस्तुत की गई थी, जो याचिका क्रमांक 20433/2021 (डॉ. अमित साहू बनाम मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य) से संबंधित थी। हालांकि, कोर्ट ने यह कहते हुए सीलबंद लिफाफा खोलने से इनकार कर दिया कि समिति का गठन विश्वविद्यालय ने किया है, इसलिए समिति की अनुशंसा पर निर्णय लेने का अधिकार भी विश्वविद्यालय प्रशासन को ही है। इसी कारण कोर्ट के निर्देश के बाद अब यह सीलबंद रिपोर्ट कार्य परिषद की बैठक में रखी गई।

### फिर भड़क सकता है विश्वविद्यालय का माहौल

बैठक के बाद भी कर्मचारियों और प्रशासन के बीच तनाव कम होता नहीं दिख रहा है। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे दोबारा आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। लगातार विरोध-प्रदर्शन, विवादित नियुक्तियां और लंबित मांगों के बीच आरडीयू का शैक्षणिक माहौल एक बार फिर अशांत होने के संकेत दे रहा है।



## बेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**जबलपुर।** संयुक्त बेन बंशकार समिति द्वारा राजा बेन की जयंती के उपलक्ष्य पर सामूहिक विवाह का भी कार्यक्रम सरस्वती स्कूल रांझी बड़ा पत्थर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विधायक अशोक रोहाणी एवं बांसफोर मंत्री घनश्याम पीरोनीया उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संयोजक शरद बेन, बीपी उरीया, शिवराम बेन, प्रीति बेन, गुलशन बेन, चंदन बेन, राखी, छेदामी लाल वंशकार, सरमन बेन, किशन लाल बेन, विजय बेन, आरडी जरहा, सुखलाल खड़ेतिया, पूजा वंशकार, वंदना वंशकार, अर्जुन वंशकार, शैलेंद्र वंशकार ने सहयोग प्रदान किया।

## माता गुजरी महिला महाविद्यालय में पिंक फेस्ट का आयोजन आज से

**जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में स्कूली छात्राओं हेतु प्रति वर्षानुसार कॉलेज प्रांगण में "पिंक फेस्ट" का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय पिंक फेस्ट का आयोजन 28 एवं 29 नवम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जावेगा, जिसमें शहर के सभी स्कूलों की (11वीं एवं 12वीं) की छात्राएं इस फेस्ट में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी, जिसमें कि मस्ती के साथ ही डांस, क्विज, गायन, रंगोली, चित्रकला, ड्रेस डिस्प्ले शो, वाद-विवाद, फूड मेकिंग, रस्सा-कशी, ट्रेजर हंट, निबंध एवं कविता पाठ प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जावेगा और पुरस्कार वितरण किया जावेगा।

### बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

## विद्यार्थी भारतीय संस्कृति कभी न भूलें : महापौर



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर का वार्षिक उत्सव उत्साह और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू मुख्य अतिथि तथा समाजसेविका गीता शरद तिवारी विशिष्ट अतिथि रहीं। अध्यक्षता महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी ने की। महापौर अन्नू ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थी भारतीय संस्कृति और संस्कारों को कभी न भूलें। उन्होंने विद्यालय के छात्रों को नगर निगम की सभी उपलब्ध सुविधाएँ प्रदान करने, मेधावी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क प्रोफेशनल कोचिंग, फिल्म प्रदर्शन और हवाई यात्रा जैसे अवसर उपलब्ध कराने की घोषणा की। साथ ही विद्यालय में एनसीसी इकाई शुरू कराने का आश्वासन भी दिया। विशिष्ट अतिथि गीता शरद तिवारी ने कहा कि बच्चों को संस्कार देना अभिभावकों व शिक्षकों, दोनों की जिम्मेदारी है। अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी ने जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए महिला मंडल के निरंतर प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य शशिकरण श्रीवास्तव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और छात्रों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया।

## संविधान दिवस पर नागरिक अधिकार मंच ने निकाली जागरूकता रैली

**जबलपुर।** नागरिक अधिकार मंच और संविधान जागरूकता फोरम के तत्वावधान में 27 नवम्बर को 76वें संविधान दिवस के अवसर पर संविधान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली बादशाह हलवाई मंदिर से रविदास नगर, आम्बेडकर नगर, संजय नगर, बागड़ा दफाई, बिग बाजार होते हुए परफेक्ट पाटरी गेट पहुंचकर संपन्न हुई। रैली का शुभारंभ विवेक अवस्थी द्वारा किया गया। रैली को संबोधित करते हुए विवेक अवस्थी ने कहा कि आज से 76 साल पूर्व पं. नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना अब्दुल कलाम और बाबा साहब की ईमानदार सोच के कारण भारत ने दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान बनाया और आज हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। रैली को शिवकुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जनसमुदाय को संवैधानिक मूल्य की जानकारी नहीं होने के कारण कोई हिन्दू है, तो कोई मुसलमान, कोई सिख, तो काई ईसाई है पर कोई भारतीय नहीं है। यदि लोग संविधान को जानेंगे और जीवन में संवैधानिक मूल्य अपनाएंगे तो वे भारत के सच्चे नागरिक बनेंगे। इस कार्यक्रम में कृष्णा चौधरी, भानू यादव, कौशल कबीर, विकास खोबरागड़े, कहकशा खानम, पंजलीना सालोमन, गायत्री साहू, शुभम चौधरी, ईशा चौधरी, ज्योति चौधरी, कविता चौधरी, रूपा पटेल, अंजलि कोल, शालू कोल, सुषमा चौधरी, प्रभा चौधरी, कविता समद, छोटीबाई चौधरी, रूपा कोल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।






## वक्फ संपत्तियों को 'उम्मीद पोर्टल' पर अपडेट करने शिविर आयोजित

**जबलपुर।** देशभर की वक्फ संपत्तियों और समितियों को 4 दिसम्बर तक उम्मीद पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य है। जानकारी की कमी के कारण कई समितियाँ यह कार्य समय पर पूरा नहीं कर पा रही थीं। इसी समस्या को देखते हुए मुस्लिम लीगल एंड वेलफेयर सोसाइटी ने मुफ्ती-ए-आजम मौलाना मुशाहिद रजा सिद्दीकी की सरपरस्ती में ईदगाह कला रानीताल में विशेष शिविर आयोजित किया।शिविर में शहर और जिले की लगभग 50 से अधिक समितियों ने पंजीकरण कर पोर्टल अपडेट में सहायता प्राप्त की। सोसाइटी के अध्यक्ष शबाब खान और उपाध्यक्ष रिजवान खान ने बताया कि उद्देश्य है कि सभी वक्फ संपत्तियाँ समय पर सही जानकारी के साथ पोर्टल पर दर्ज हों, ताकि भविष्य में कानूनी या रिकॉर्ड संबंधी समस्याएँ न उत्पन्न हों।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता और कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता रासिद सुहैल सिद्दीकी, फिरोज अंसारी, सादिक कादरी, एमएच मंसूरी, शमीम खान, कादिर खान, मासूम खान, शेख सलामुद्दीन मंसूरी, जफर खान, शेख अजीम, शफी खान, मोहतिशिम खान मोनू, आसिफ मंसूरी आदिल खान, रहीस खान, इरफान खान, शेख मुबारिक मंसूरी, हाजी इसरार अहमद, मो. सरफराज, मो. इमरान ताहिर खान, आसिफ़ खान सहित अन्य मौजूद थे।

## सीएम हेल्पलाइन निराकरण में नगर निगम जबलपुर प्रथम, नगरीय प्रशासन आयुक्त ने की सराहना



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री भोंडवे ने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की कार्यशैली और दक्षता की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। आयुक्त भोंडवे ने संदेश में कहा कि निगमायुक्त के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य कर उत्कृष्ट रैंकिंग हासिल की है। उन्होंने भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि नगर निगम जबलपुर आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करता रहेगा। निगमायुक्त अहिरवार ने इस सम्मान को पूरी टीम को समर्पित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन नागरिकों से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मंच है और इसमें अव्वल प्रदर्शन टीम की एकजुट मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नगर निगम जबलपुर नागरिक सुविधाओं के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

## रात 10 बजे निगमायुक्त ने किया मेडिकल रैन बसेरा का औचक निरीक्षण



**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने रात 10 बजे मेडिकल कॉलेज स्थित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया और वहाँ ठहरे निराश्रितों व मरीजों के परिजनों से बैठक कर उनका हाल-चाल जाना। आश्रितों ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की सराहना की। निरीक्षण में बिस्तर, हीटर, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई संतोषजनक मिली। निगमायुक्त ने सभी से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं को समझा। बेहतर सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने मच्छर जाली लगाने, रैन बसेरा की पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण कराने, तथा अन्य आवश्यक सुविधाएँ बढ़ाने के निर्देश दिए। उनका यह रात्रि निरीक्षण नगरीय प्रशासन की संवेदनशीलता व तत्परता को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान सिटी मिशन मैनेजर चंदन प्रजापति, देवेश गोस्वामी सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जबलपुर की स्वाति जैन ने मेपेक्स-2025 में जीता सिल्वर ब्रॉन्ज मेडल

**जबलपुर।** भोपाल में डाक विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेपेक्स 2025 प्रदर्शनी में जबलपुर की स्वाति जैन ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर सिल्वर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। प्रदर्शनी 21 से 23 नवंबर तक मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। स्वाति जैन ने तीन फ्रेम में "आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज महाश्रमण की महायात्रा" विषय पर अपनी प्रदर्शनी प्रस्तुत की। प्रदेशभर से आए 126 प्रतिभागियों में उनकी प्रस्तुति को निर्णायक मंडल ने सम्मान के योग्य माना और सीपीएमजी श्री माथुर ने स्वयं उन्हें मेडल प्रदान किया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद स्वाति जैन ने कहा कि यह उपलब्धि उनके मनोबल को बढ़ाती है और अब वे अपने संकलन को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की तैयारी करेंगी। उन्हें समाज और परिचितों ने बधाइयाँ दीं।



## ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय में मनाया गया 78वां एनसीसी दिवस

**जबलपुर।** ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय में 78वां एनसीसी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एक्स-एनसीसी कैडेट एलुमिनी मीट का भी आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने अपने अनुभव साझा किए और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने अपने एनसीसी काल की स्मृतियाँ साझा करते हुए कहा कि एनसीसी अनुशासन और कर्त्तव्यनिष्ठा का मार्ग है, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनता है। कार्यक्रम की सफलता पर संस्था डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव, प्रबंधक तुलसीदास द्रविड़, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह और प्राचार्या डॉ. सोनल खरे ने एनसीसी अधिकारी व टीम को बधाई दी। महाविद्यालय का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

## राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट का सेमीफाइनल व फाइनल आज



**जबलपुर।** जी.एच. रायसोनी मेमोरियल मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट रंगभूमि राइट टाउन स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आज के मुख्य अतिथि डॉ. विजयकांत तिवारी डिस्ट्रिक्ट चीफ़ कमिश्नर, द भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जबलपुर, राजेश पटेल ओएफजे के मजदूर यूनियन के अध्यक्ष एवं मनोज साहू सचिव, राकेश दुबे, कार्यसमिति सचिव एवं जितेंद्र नायक, वर्क्स कमेटी सदस्यों का विशेष सहयोग एवं योगदान है। 28.11.2025 को इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं एवं फाइनल मैच होंगे, जो कि सभी पांच कैटेगरी के मैचेस होंगे और समापन समारोह 5:00 बजे किया जाएगा। आप सभी खेल प्रशंसकों का स्वागत है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अभिलाष पांडे उत्तर मध्य विधानसभा विधायक एवं रत्नेश सोनकर नगर अध्यक्ष भाजपा एवं अनिल चौगले, सचिव मध्य प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन, मुख्य अतिथि रहेंगे। इस प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक संचालन करवाने में ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी लोकनाथ तिवारी, प्रेसिडेंट जबलपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, के. बाला चंद्रूडू, जबलपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सहसचिव और विशाल तिवारी जबलपुर बैडमिंटन एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्रीराम मीणा, जबलपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं आशुतोष मिश्रा रंगभूमि के संचालक का महत्वपूर्ण सहयोग और योगदान रहेगा।

## पमरे में तेज गति से चल रहा ट्रैक रिन्यूअल कार्य, संरक्षा होगी और मजबूत

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल में अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत ट्रैक रिन्यूअल कार्य तीव्र गति से जारी हैं। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निर्देशन में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सीटीआर, टीआरआर, टीएसआर, टीटीआर और डीप स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्राथमिकता के साथ सफलतापूर्वक संपादित किए जा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के सात माह में 238.82 ट्रैक किमी रेल नवीनीकरण, 153.46 किमी स्लीपर नवीनीकरण, 241 यूनिट टर्नआउट नवीनीकरण, तथा 386.63 किमी डीप स्क्रीनिंग का कार्य पूरा किया गया है। यह सभी कार्य ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च संरक्षा मानकों के साथ किए गए। इन नवीनीकरण प्रयासों से ट्रैक की मजबूती और यात्री गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पश्चिम मध्य रेल अपने लक्ष्यों की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है तथा संरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

**सरनेम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहम्मद शहजाद खान पिता मोहम्मद युसुफ निवासी- 2677/3, इकतरा कम्पाउंड, आनंद नगर, जिला जबलपुर (म.प्र.) यह कथन करता हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद शहजाद दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम मोहम्मद शहजाद खान दर्ज है। अतः मेरे नये पासपोर्ट में मेरा सरनेम खान दर्ज किया जावे एवं मुझे मेरे सही नाम मोहम्मद शहजाद खान के नाम से जाना व पहचाना जावे एवं लिखा व पढ़ा जावे।

पुराना नाम- मोहम्मद शहजाद
नया नाम- मोहम्मद शहजाद खान

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा हाथना, नं.ब. 755, प.ह.नं. 20/61, रा.नि.म. महाराजपुर, तह. पनागर, जिला जबलपुर स्थित ख.न. 233/25 (भाग), प्लॉट नं. 3, रकबा 1400 वर्गफुट, भू-स्वामी श्री रंजीत कुमार दहिया, निवासी 1060, सेठ गोविंद दास वार्ड, चांदमारी, जबलपुर - भूमि का विक्रय अनुबंध किया जा चुका है तथा रजिस्ट्री प्रस्तावित है। जिस किसी भी पक्ष को इस संपत्ति पर कोई दावा/ आपत्ति हो, वह सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे। अवधि उपरांत आपत्तियाँ अमान्य होंगी।

जबलपुर आज दिनांक :27/11/2025.

मो. सरफराज खान
(अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय
जिला जबलपुर - 482003 (म.प्र.).
मो: 8463014468, 8959432645



बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।

जानकारी
शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर

बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालय:** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरम:** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालय:** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्स:** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारो:** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक
नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्क:** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जू:** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआत:** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *



**किताब:** बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक:** शिखर चंद जैन, **मूल्य:** 300 रुपए, **प्रकाशक:** प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें

1 घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2 गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3 'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.नींबू, 3.बंदर

## जीके क्विज-181

1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव



नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी
पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

गुजराती से अनुवाद: सेतु अंताणी

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

## मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,
मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी



काव्या, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा



## रंग भरो 191



बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# आईओए के सीईओ अय्यर ने कहा- राष्ट्रमंडल खेल 2030 में वडोदरा में हो सकती है क्रिकेट स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल 2030 के दौरान अहमदाबाद के करीब स्थित वडोदरा में क्रिकेट मैच कराये जा सकते हैं लेकिन यह भी कहा कि आयोजक एक 'कॉम्पैक्ट' टूर्नामेंट कराना चाहते हैं। अहमदाबाद को बुधवार को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल आमसभा के दौरान 2030 खेलों की मेजबानी दी गई। भारत में दो दशक बाद ये खेल कराये जायेंगे।

आईओए अध्यक्ष पी टी उषा की अगुवाई में ग्लास्गो में भारतीय दल में गुजरात के उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री हर्ष सांघवी और अय्यर भी शामिल थे। बडोदरा और अहमदाबाद में वडोदरा में दो प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम वडोदरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और रिलायंस स्टेडियम हैं। अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रमुख मैच और फाइनल हो सकता है।




### अधिकांश स्पर्धाएं गुजरात में होंगी

गुजरात के प्रमुख सचिव (खेल) अश्वनी कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अधिकांश स्पर्धा अहमदाबाद और गांधीनगर में होंगी।



क्रिकेट के लिये हालांकि अधिक स्टेडियमों की जरूरत होगी तो आसपास के शहरों में भी मैच हो सकते हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में टी20 क्रिकेट का होना तय है। बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट शामिल था लेकिन अभी यह पता नहीं है कि 2030 में पुरूष क्रिकेट भी होगा या नहीं।

### खेल कार्यक्रम समय के साथ तय होगा : सीईओ

अय्यर ने कहा अभी कुछ तय नहीं है लेकिन आयोजक अहमदाबाद के आसपास के वेन्यू पर गौर करेंगे जैसे कि वडोदरा। अभी सिर्फ विचार हो रहा है।" वडोदरा अहमदाबाद से सौ किलोमीटर की दूरी पर है। अय्यर ने कहा खेल कार्यक्रम समय के साथ तय होगा। कई खेलों पर गौर किया जायेगा।

भारत योग, खोखो और कबड्डी को शामिल करने का प्रस्ताव रख सकता है। योग 2026 एशियाई खेलों में पदक स्पर्धाओं में शामिल होगा।



### इन खेलों में भी खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, तैराकी और पैरा तैराकी, टेबल टेनिस और पैरा टेबल टेनिस, बाउल और पैरा बाउल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग , कलात्मक जिम्नास्टिक , नेटबॉल और मुक्केबाजी के इन खेलों का हिस्सा होने की पुष्टि हो चुकी है । तीरंदाजी, बैडमिंटन, तीन गुणा तीन बास्केटबॉल और व्हीलचेयर बास्केटबॉल, बीच वॉलीबॉल, क्रिकेट टी20, साइकिलिंग, गोताखोरी, हॉकी, जूडो, लयबद्ध जिम्नास्टिक, रग्बी सेवंस, निशानेबाजी, स्क्वाश, ट्रायथलन और पैरा ट्रायथलन और कुश्ती इसमे शामिल होने की दौड़ में है।

## खबर संक्षेप



### नागल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के वाइल्ड कार्ड प्लेऑफ टूर्नामेंट से बाहर

**चेंग्दू (चीन)।** पुरुष एकल में भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीन के युनचाओकेटे बु से सीधे सेटों में हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन एशिया-पैसिफिक वाइल्ड कार्ड प्ले-ऑफ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त नागल को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी प्रतिद्वंद्वी से 2-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। चेंग्दू में 24 से 29 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल के विजेता को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिलेगा। नागल का वीजा से जुड़े मामले के कारण एक समय इस प्रतियोगिता में खेलना अनिश्चित था लेकिन बाद में यह मसला सुलझा दिया गया था।

### क्लीन स्वीप झेलने के बावजूद बीसीसीआई नहीं करेगा कोई बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ एक और घरेलू सीरीज हार और 12 महीनों में दूसरी क्लीन स्वीप के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड किसी जल्दबाजी वाले कदम के मूड में नहीं है। बोर्ड जल्द ही चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन से बातचीत कर राय लेगा। बड़े बदलाव की संभावना न के बराबर है। माना जा रहा है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन टीम पर भरोसा बनाए रखेंगे, जिसे वे पिछले कुछ समय से लगातार समर्थन देते आ रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी सीरीज और हाल ही में वेस्टइंडीज़ पर जीत के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका से मिली हार पिछले एक साल में गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद भारत की तीसरी टेस्ट सीरीज हार है।

### भारत ए को अफगानिस्तान ने 65 रन से हराया, दोनों के बीच फाइनल 30 को



**बेंगलुरू।** वीके विनीत का अर्धशतक बेकार गया और भारत ए को बृहस्पतिवार को अंडर 19 त्रिकोणीय श्रृंखला के औपचारिकता के आखिरी लीग मैच में अफगानिस्तान ने 65 रन से हरा दिया। यह टूर्नामेंट में भारत ए की दूसरी हार है । इससे पहले उसे इसी टीम ने छह विकेट से हराया था। कप्तान महबूब खान (50) और अजीजुल्लाह मियाखिल (60) के अर्धशतकों के दम पर अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आठ विकेट पर 233 रन बनाये। जवाब में भारत ए टीम 30.2 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। विनीत ने 62 गेंद में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाये।

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच रांची में 30 को

# टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वनडे सीरीज में लय पर लौटने टीम इंडिया बहा रही पसीना

एजेंसी ▶▶| रांची

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद अब वनडे सीरीज खेली जाएगी। टेस्ट सीरीज में शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम वनडे सीरीज में अपनी इज्जत बचाने जी-जान से जुट गई है। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार को टीम इंडिया ने रांची में प्रैक्टिस की। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली नेट्स पर बल्लेबाजी करते नजर आए। उनके अलावा तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड भी नेट्स में पसीना बहाया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।

### रोहित और कोहली ने नेट्स पर की बैटिंग

रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल मैच खेलते नजर आएंगे। दोनों ने



इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार फरवरी में घरेलू मैदान पर वनडे सीरीज खेली थी। फिर दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद दोनों ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी-20 से रिटायर हो चुके हैं।



### राहुल कप्तानी करेंगे इंजर्ज गिल बाहर

वनडे टीम की कप्तानी विकेटकीपर केएल राहुल संभालेंगे। रेगुलर कप्तान शुभमन गिल इंजरी की वजह से सीरीज से बाहर हैं। राहुल तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही टीम की वनडे में कप्तानी की थी, जिसमें भारत को 8 विकेट से हार मिली थी। उन्होंने 12 वनडे में टीम की कप्तानी की है। 8 में भारत को जीत और 4 में हार मिली।

### वनडे सीरीज के लिए भारत का स्क्वॉड

केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह.

एफआईएच जूनियर विश्व कप

# भारतीय टीम का पहला मुकाबला आज चिली से



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल टीम मेजबान भारत आज शुक्रवार को यहां पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने पहले पूल मैच में चिली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके नौ साल बाद घरेलू धरती पर खिताब हासिल करने के अपने अभियान का शानदार आगाज करने की कोशिश करेगा। दो बार के चैंपियन भारत ने पिछली बार 2016 में लखनऊ में वर्तमान में सीनियर महिला टीम के कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह टूर्नामेंट जीता था।

इस बार विश्व कप चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। एफआईएच रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज चिली से आज भारत को खास चुनौती मिलने की उम्मीद नहीं है, लेकिन किसी भी टीम को हल्के से लेना महंगा पड़ सकता है। इसलिए भारतीय टीम ऐसा करने से बचना चाहेगी।

### टूर्नामेंट में 24 टीमें भिडेंगी खिताब के लिए

रिकॉर्ड 24 टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को छह ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में चार टीमों को रखा गया है जो राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे का सामना करेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम तथा दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारत खिताब का प्रबल दावेदार है।

### भारत को रखा पूल बी में

मौजूदा टूर्नामेंट में भारत को पूल बी में रखा गया है और वह इस ग्रुप से आगे बढ़ने का प्रबल दावेदार है।
भारत और चिली के अलावा, ओमान और स्विट्जरलैंड पूल बी में शामिल अन्य टीमें हैं। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत का दौरा करने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसकी जगह पर ओमान को शामिल किया गया था।

विमेंस प्रीमियर लीग 2026

# 9 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट मुंबई-वडोदरा में होंगे सभी मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 9 जनवरी से हो जाएगी। दिल्ली में जारी 2026 की बड़ी नीलामी के दौरान लीग कमिश्नर जयेश जॉर्ज ने गुरुवार 7 नवंबर) को ये जानकारी दी। आगामी संस्करण का फाइनल मैच 5 फरवरी को खेला जाएगा। दिलचस्प रूप से विमेंस प्रीमियर लीग के सभी मैच मुंबई और वडोदरा के मैदान में खेले जाएंगे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

### वडोदरा में होगा फाइनल मैच

मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होगा। बता दें कि महिलाओं के विश्व कप फाइनल भी



नवी मुंबई में खेला गया था । इसके बाद लीग वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में शिफ्ट होगी, जहां 5 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा। यह पहली बार है जब विमेंस प्रीमियर लीग जनवरी-फरवरी विंडो में खेली जाएगी। बता दें कि पहले लीग के मैच फरवरी-मार्च में खेले गए थे।

# अजलन शाह कप : सेल्वम के गोल से भारत ने न्यूजीलैंड को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| इपोह

आखिरी क्वार्टर में सेल्वम कार्ति के विजयी गोल की मदद से भारत ने सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी के महत्वपूर्ण मैच में बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया। भारत ने कल मेजबान मलेशिया को 4-3 से मात दी थी। भारत के लिये अमित रोहिदास (चौथा मिनट), संजय (32वां), सेल्वम (54वां) ने गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड के लिये जॉर्ज बेकर (42वां और 48वां) ने दो गोल किये। भारत को अब शनिवार को कनाडा से खेलना है।



### न्यूजीलैंड को नहीं होने दिया हावी

न्यूजीलैंड ने शुरूआती मिनटों में मिडफील्ड में दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने उन्हें मौका नहीं दिया। भारत को पहला मौका चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला जिस पर अनुभवी रोहिदास ने गोल कर दिया। भारतीय टीम एक और गोल करने के करीब थी लेकिन अभिषेक का शॉट कीवी गोलकीपर ने बचा लिया।

### संजय, पवन, सेल्वम ने दागे गोल

दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय डिफेंस बेहद चौकस था। भारत ने दूसरे हाफ में कप्तान संजय के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गए गोल के दम पर बढत दुगुनी कर ली। न्यूजीलैंड को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पवन ने गोल के सामने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन उनकी एकाग्रता टूटने का फायदा उठाकर बेकर ने 42वें मिनट में न्यूजीलैंड के लिये गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के लिये उन्होंने दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारत के लिये विजयी गोल आखिरी सीटी बजने से छह मिनट पहले अभिषेक के पास पर सेल्वम ने किया।

सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन

# तन्वी ने ओकुहारा को हराया मनराज ने दी प्रणय को मात




**लखनऊ।** विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और मनराज सिंह ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए क्रमशः पूर्व विश्व चैम्पियन जापान की नोजोमी ओकुहारा और एच एस प्रणय को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस साल की शुरूआत में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाली सोलह वर्ष की तन्वी ने दूसरी वरीयता प्राप्त ओकुहारा को 59 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 21-19 से मात दी। उन्नीस वर्ष के मनराज ने 2023 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता प्रणय को 43 मिनट में 21-15, 21-18 से हराया।

# प्रशिक्षु ताइक्वाण्डो खिलाड़ियों के बेल्ट टेस्ट संपन्न, दर्जनों खिलाड़ी उत्तीर्ण

**कटनी।** जिला ताइक्वाण्डो एसोसिएशन की रैफरी पैनल द्वारा कटनी जिला ताइक्वाण्डो हेल्थ क्लब में आयोजित बेल्ट टेस्ट में प्रशिक्षु ताइक्वाण्डो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षण में विभिन्न श्रेणियों के कई खिलाड़ी सफल घोषित हुए। यलो बेल्ट श्रेणी में मार्शल खिलाड़ी मिहिर भाटिया, राकेश चौरसिया, हितांश जैन, प्रताप राज सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, यामिका जैन, पुन्नी जैन, स्वरिश गुप्ता, आर्यन निषाद और मंजित बजाज सफल रहे। वहीं यलो बेल्ट से आगे बढ़कर हाई यलो बेल्ट की रैंकिंग प्राप्त करने वालों में देवेश चौधरी, अवनी बोहरा, अंश बिचपुरिया, सावन बिचपुरिया, अनुज बिचपुरिया, सिद्धी डेंगरे, रिद्धी जैन, शौर्या कनकने,



मोक्षित जैन, श्रेष्ठ सोनी और शांभवी वर्मा शामिल रहे। ग्रीन बेल्ट से हाई ग्रीन बेल्ट में स्थान बनाने वाले खिलाड़ियों में अर्थव त्रिसोलिया, आराध्य वसानी, आयुषी बसानी और नमामि सैनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं रेड से हाई रेड बेल्ट में प्रवेश पाने वाले खिलाड़ियों में राहिल बेन और अन्या शर्मा सफल घोषित किए गए। टेस्ट का संचालन म.प्र. ताइक्वाण्डो संघ से संबद्ध रैफरी पैनल — विकास नामदेव, आकाश अग्रवाल, आशीष कटारिया और मनोज जैन द्वारा किया गया। सफल खिलाड़ियों को बेल्ट मास्टर प्रकाश बरसैंया (ब्लैक बेल्ट थर्ड डॉन) द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष डॉ. दीपक सक्सेना, विनय कनकने, शैलेन्द्र डेंगरे, सुधेश गुप्ता तथा गोविंद गुप्ता ने सभी मार्शल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं।

चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में एमबाप्पे ने लगाई दूसरी सबसे तेज हैट्रिक

# एमबाप्पे के चार गोल, रियाल मैड्रिड, पीएसजी और आर्सेनल जीते

एजेंसी ▶▶| पेरिस

काइलियन एमबाप्पे ने अपने जादुई खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में दूसरी सबसे तेज हैट्रिक सहित चार गोल दागकर अपनी टीम रियाल मैड्रिड को जीत दिलाई जबकि पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और आर्सेनल भी जीत हासिल करने में सफल रहे।

एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की ओलंपियाकोस पर 4-3 की जीत में 22वें और 29वें मिनट के बीच तीन गोल किए। उन्होंने 60वें मिनट में अपना चौथा गोल किया। एमबाप्पे ने छह मिनट 42 सेकंड




के अंतराल में तीन गोल किए लेकिन वह मामूली अंतर से चैंपियंस लीग की सबसे तेज हैट्रिक बनाने से चूक गए। रिकॉर्ड लिवरपूल के मोहम्मद सलाह के नाम है जिन्होंने अक्टूबर 2022 में रेंजर्स के खिलाफ छह मिनट 12 सेकंड में तीन गोल किए थे।

### स्पर्धा में 5 हैट्रिक लगा चुके एमबाप्पे

एमबाप्पे की मौजूदा सत्र में चैंपियंस लीग में यह दूसरी हैट्रिक है। वह इस प्रतियोगिता में अब तक कुल पांच बार हैट्रिक लगा चुके हैं। वह वर्तमान सत्र में इस प्रतियोगिता में नौ गोल कर चुके हैं जो सर्वाधिक हैं।

### अन्य मुकाबलों का ऐसा रहा परिणाम

आर्सेनल ने बायर्न म्यूनिख को 3-1 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मन ने विटिना की हैट्रिक की मदद से टॉटेनहैम को 5-3 से हराया लेकिन लिवरपूल को एनफील्ड में पीएसवी आइंडहोवन के हाथों 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। इंटर मिलान को भी एटलेटिको मैड्रिड के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अब केवल आर्सेनल ऐसी टीम रह गई है जिसने चैंपियंस लीग में अभी तक अपने सभी पांच मैच जीते हैं।

हाईकोर्ट में मल्टीलेवल पार्किंग, लॉयर चेंबर भवन के बजट आवंटन का मामला, 17 दिसंबर को तय सुनवाई तारीख तक निर्णय लेने को कहा

## हाईकोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा

# सब जगह फंड दिया जा रहा है, लेकिन हाईकोर्ट को अंतिम में रखा है

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर हाईकोर्ट में लॉयर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग के लिए भवन निर्माण के लिए बजट आवंटन में देरी पर सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि सभी जगह फंड दे रहे है, लेकिन हाईकोर्ट को अंतिम स्थान पर रखा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सरकार को बजट स्वीकृति पर जल्द निर्णय लेकर बताने के निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से याचिका दायर कर बताया गया कि उक्त भवन का शिलान्यास 4 मई 2025 को हुआ था। हाईकोर्ट के गेट नंबर-4 के सामने करीब 117 करोड रुपए से आधुनिक लॉयर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस एसी शर्मा, जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और मध्यप्रदेश के तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता



दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि इसे लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने लगातार राज्य सरकार से पत्राचार किया। शासन की ओर से जवाब दिया गया कि 5 मई 2025 को सैद्धांतिक रूप से वित्त की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। केवल व्यावहारिक रूप से वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है। जिस कारण से निर्माण शुरू नहीं हो पाया। तर्क दिया गया कि जब सैद्धांतिक रूप से 6 माह पहले अनुमति मिल चुकी है तो वित्तीय स्वीकृति में देरी क्यों लग रही है। यह मामला जनहित से जुड़ा हुआ है। क्योंकि पार्किंग सुविधा नहीं होने से हाई कोर्ट के सामने रोजाना जाम लगता है। जिसके चलते राहगीर परेशान होते हैं। मल्टीलेवल पार्किंग बनने से उक्त समस्या से निजात मिलेगी।

आरे से काटकर बोरे में भर दिया था शव

## पत्नी की नृशंस हत्या कर लाश डैम में फेंकने वाले को उम्र कैद

**जबलपुर।** जिला अदालत ने मामूली विवाद पर पत्नी की नृशंस हत्या कर उसकी लाश डैम में फेंकने के आरोपी जबलपुर निवासी रंजीत मार्को का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश एमडी रजक की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अभिषेक दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी ने 22 अप्रैल, 2024 को अपनी पत्नी सरला मार्को के साथ शादी में न ले जाने को लेकर विवाद किया। इसी दौरान चांटा मार दिया। जिस वजह से सरला 100 नंबर पर पुलिस को फोन करने लगी। इस पर आरोपी ने उसे पेट में लात मार दी। वह फर्श पर गिर गई। इसके बाद आरोपी ने उसका गला दबा दिया। इससे उसकी मौत हो गई। बाद में हत्याकांड छिपाने शव को काटकर दो बोरियों में भरा और छीताखुदरी डेम में फेंक दिया। यही नहीं पुलिस में पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। कुंडम पुलिस ने संदेह के आधार पर विवेचना प्रारंभ की। इसमें सारा माजरा सामने आ गया। लिहाजा, हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया। अदालत ने जुर्म साबित पाया और सजा सुना दी।

## एक साल से जवाब न देने पर हाईकोर्ट नाराज, शिक्षा विभाग पर लगाई 5 हजार रु कॉस्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में पिछले एक साल में भी जवाब पेश नहीं करने पर शिक्षा विभाग पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने 5 हजार रुपए की कॉस्ट लगाते हुए जवाब पेश करने अंतिम मोहलत दी है। ओआईसी को उक्त कॉस्ट की राशि अपनी जेब से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एकाउंट में जमा कराना है। मामले पर अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी। नरसिंहपुर निवासी शांति पटेल की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा एवं शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग ने याचिकाकर्ता के पति पर उनकी मृत्यु के बाद वेतनमान की रिकवरी निकाली थी। इस मामले में कोर्ट ने 17 सितंबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर सहित अन्य को नोटिस जारी किए थे। पिछले एक साल में विभाग की ओर से जवाब पेश करने कई बार मोहलत मांगी गई।

*हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में न्यायिक भवनों के वर्चुअल उद्घाटन अवसर पर रखे विचार*

# नवनिर्मित आवासीय परिसर सुरक्षित, सुखद एवं सुविधायुक्त आवास प्रदान करेंगे

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि नवनिर्मित आवासीय परिसर न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षित, सुखद एवं सुविधायुक्त आवास प्रदान करेंगे, जो न्यायिक सेवा की गरिमा और कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे प्रदेश के विभिन्न जिलों में न्यायिक भवनों के वर्चुअल उद्घाटन अवसर पर अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीन न्यायालय परिसर एवं अतिरिक्त न्यायालय कक्ष आधुनिक व कार्यकुशल वातावरण उपलब्ध कराने की दृष्टि से तैयार किए गए हैं। ये संरचनाएं न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य परिवेश सुनिश्चित करते हुए न्याय वितरण की गति और गुणवत्ता में वृद्धि करेंगी। इन्हें लगभग 32 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार किया गया है। इन निर्माण



कार्यों को राज्य सरकार के सक्रिय सहयोग व हाई कोर्ट के सतत प्रयासों से समयबद्ध रूप से पूर्ण किया गया है।

### ये भवन हुए उद्घाटित

जिला सीधी, तहसील बंडा जिला सागर तथा जिला मंडला में नवनिर्मित आवासीय परिसर, तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा में अतिरिक्त न्यायालय कक्ष, जिला नर्मदापुरम में परिवार न्यायालय भवन तथा तहसील मनावर जिला धार में नवनिर्मित न्यायालय भवन शामिल हैं।

### ये रहे शामिल

हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया, जस्टिस विवेक कुमार सिंह, जस्टिस विशाल धगट, जस्टिस विशाल मिश्रा, जस्टिस द्वारकाधीश बंसल, जस्टिस संजीव एस. कालगांवकर, जस्टिस अवनिन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी सहभागिता की। रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने सभी हितधारकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ये नवनिर्मित संरचनाएं प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सक्षम, पारदर्शी और सुचारू बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। संचालन संगीता यादव रजिस्ट्रार परीक्षा द्वारा किया गया वआभार प्रदर्शन रजिस्ट्रार कार्य एवं अधोसंरचना युगल रघुवंशी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, कई क्षेत्रों में की गई कार्रवाई



**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत आज शहर के कई क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, तीन पत्ती चौक, भंवरताल गार्डन, मार्बल सिटी, गोरा बाजार और पैंटी नाका क्षेत्र से ठेले-टपरों समेत अतिक्रमण हटाए गए। इसके अलावा छोटी लाइन फाटक–बंदरिया तिराहा–रामपुर चौक–साउथ एवेन्यू मॉल–गौरीघाट क्षेत्र में पुनः कार्रवाई की गई। मेडिकल कॉलेज, मदन महल और गढ़ा क्षेत्रों में मुनादी की गई, जबकि सीएम हेल्पलाइन शिकायत पर यादव कॉलोनी में ट्रांसफार्मर के नीचे रखा टपरा हटाया गया। कार्रवाई में अपर आयुक्त अरविंद शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, सहायक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, तथा दल प्रभारी वीरेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित स्टाफ मौजूद रहा।

## दो दिनों तक जारी रहेगा तापमान में उतार-चढ़ाव

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में हवा के रुख में बदलाव और हल्के बादलों की मौजूदगी से ऐसी स्थिति बनी है। अगले दो दिनों तक तापमान में यही उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है, इसके बाद प्रदेश में फिर से कड़ाके की सर्दी दस्तक देगी। प्रदेश में सर्द हवाओं ने फिलहाल अपना असर बनाए रखा है। दिन के वक्त भी मौसम का दोहरा स्वरूप देखने को मिल रहा है। कुछ जिलों में हल्की धूप राहत दे रही है, जबकि कई जगह दिन भी ठंडे बने हुए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि देश के दक्षिणी हिस्से में सक्रिय निम्न दाब क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) के कारण मध्यप्रदेश में जगह-जगह बादल घिर रहे हैं। इससे दिन में ठंडक बढ़ी है और रात के पारे में भी अनियमित गिरावट- बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जारी है, लेकिन हवा की दिशा बार-बार बदलने से ठंडी उत्तरी हवाएं एमपी तक नहीं पहुंच रहीं। दूसरी ओर बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर सिस्टम हल्के बादलों को प्रदेश तक ला रहा है।

## दूषित पानी से सिंचाई पर कार्रवाई जारी लमती क्षेत्र से दो मोटर पंप जब्त

**जबलपुर।** ओमती नाले के दूषित पानी से फसलों की सिंचाई रोकने के लिए प्रशासन का सख्त अभियान लगातार छठे दिन भी जारी रहा। वार्ड 72 के लमती क्षेत्र में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग और अतिक्रमण दल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दूषित पानी से सिंचाई कर रहे किसानों पर छापा मारा। जांच में नाले के पानी से सिंचाई के लिए उपयोग किए जा रहे दो मोटर पंप जब्त किए गए तथा मौके पर उगाई गई सब्जियों को नष्ट कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर यह अभियान चल रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को दूषित पानी से उगाई गई खतरनाक सब्जियों से होने वाली बीमारियों से बचाना है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दूषित जल का उपयोग जारी रखने पर उपकरण जब्ती के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



आज की कार्रवाई में स्वास्थ्य विभाग और अतिक्रमण दल के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

ईओडब्लू की कार्यवाही: झूठी शिकायत पर जांच बंद करने मांगी थी घूंस

# सीएमएचओ कार्यालय का रिकॉर्ड-कीपर रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया

**जबलपुर।** जिले के सरकारी स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार एक बार फिर उजागर हुआ है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने जिला अस्पताल विक्टोरिया में पदस्थ रिकॉर्ड कीपर एवं हाल-लीगल शाखा प्रभारी आकाश गुप्ता को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई द्वारका होटल के सामने, पुराना बस स्टैंड, राइट टाउन थाना मदन महल के पास की गई, जिससे पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। ईओडब्लयू की ओर से जारी बयान में कहा गया है की सिहोरा के ज्वालामुखी वार्ड क्रमांक 2 निवासी मनोज श्रीवास्तव के खिलाफ झूठी कार्यवाही रुकवाने के बदले में आरोपी आकाश गुप्ता ने 60 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। मनोज का कहना है की वह केवल ब्लड कलेक्शन का कार्य करता है. उसकी कोई लैब नहीं है. ब्लड कनेक्श कर जांच के लिये जबलपुर भेजता था। मनोज ने बताया कि जिला अस्पताल में पदस्थ लिपिक आकाश गुप्ता ने लैब से जुड़ी कथित शिकायतों को आधार बनाते हुए जांच लंबित होने का हवाला दिया और जांच बंद कराने के एवज में ₹60,000 की रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस पूरे मामले में अस्पताल परिसर में



सक्रिय एक कथित दलाल सुमित का नाम भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि सुमित पटेल जिला अस्पताल विक्टोरिया में दलाली का कार्य करता है और वह आकाश गुप्ता के साथ मिलकर शिकायतकर्ता पर लगातार दबाव बना रहा था। मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों के द्वारा लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और बार-बार रिश्वत की मांग की जा रही थी, जिससे तंग आकर उसने ईओडब्लयू से संपर्क किया।

### योजना बनाकर बिछाया जाल

शिकायत की पुष्टि होने के बाद ईओडब्लयू की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही तय स्थान पर आरोपी 20 हजार की पहली किश्त लेते मिला, ईओडब्लयू की टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7(ए) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और इस बात की भी जांच की जा रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

सरकारी स्कूलों में दिव्यागों की सुविधाओं का खास ख्याल

## स्कूलों में बनेंगे वेस्टर्न टॉयलेट, लगेगी सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

जबलपुर। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब दिव्यांगों को शौचालय में समस्या नहीं होगी। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में वेस्टर्न टॉयलेट लगवाने का निर्णय लिया है। खास बात यह है कि इन टॉयलेट में सेंसर लगे होंगे, जिससे दिव्यांगों को फ्लश चलाने समेत अन्य मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। दिव्यांग छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग वेस्टर्न टॉयलेट बनाए जाएंगे। वेस्टर्न शौचालय के साथ जिन स्कूलों में दिव्यांग बच्चे पढ़ रहे हैं। वहां इनके लिए प्रमुखता से रैंप तैयार कराए जाएंगे। इन विद्यालयों में बालिकाओं के लिए विशेष व्यवस्था होगी। प्रत्येक शौचालय में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन होगी। जिससे छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता आसानी से पैड उपलब्ध कराए जा सकें। छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान न हो और वो स्कूल में असहज महसूस न करें। लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने बताया कि शासन के नियम और निर्देशों के अनुसार सरकारी स्कूलों में वेस्टर्न टॉयलेट का निर्माण हो रहा है। जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शौचालय जाने में सुविधा हो। इसके साथ ही स्कूलों में दिव्यांगों के लिए रैंप व अन्य सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। गुप्ता ने बताया कि दिव्यांग छात्र भी स्कूलों में आत्मसम्मान महसूस कर सकें, इसके लिए विभाग अन्य नवाचार भी करने जा रहा है।

## एक्टिवा सवार से 40 लीटर डीजल जप्त

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने कल देर रात वाहन चैकिंग के दौरान चंडाल भाटा में एक्टिवा सवार एक लड़के से 40 लीटर डीजल जप्त किया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 11.30 बजे वाहन चैकिंग के दौरान चंडाल भाटा में एक एक्टिवा वाहन में दो कुप्पियों में 20-20 लीटर डीजल लेकर जा रहे आरोपी वर्धमान ट्रांस्पोर्ट के उपर रहने वाल सतीश भवेदी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 287 बीएनएस, 3,7 ई सी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।




## जीआरपी ने गांजा तस्करी में लिप्त दो लड़कियों को किया गिरफ्तार

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन जबलपुर, मदनमहल और आधारताल में 26 नवंबर को स्पेशल चेकिंग के दौरान जीआरपी ने दो लड़कियों को संदिग्ध स्थिति में देखा। पुलिस को देखकर वे भागने लगीं, लेकिन स्टाफ ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार हुई शिवानी खिचरे (23 वर्ष, गोराबाजार) और एक नाबालिग लड़की थीं। तलाशी में शिवानी के कब्जे से 6.098 किलोग्राम गांजा मिला, जिसकी कीमत लगभग 1,21,960 रुपये आंकी गई। जांच में शिवानी ने बताया कि उसने नाबालिग को पैसों का लालच देकर रायपुर से गांजा खरीदकर जबलपुर लाने के लिए भेजा था। दोनों के खिलाफ थाना जीआरपी जबलपुर में अपराध क्रमांक 996/25, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज



किया गया। दोनों से अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है। इस कार्यवाही में SHO संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, अरुण तिवारी, सत्येंद्र सिंह, आरक्षक उमेश चौरे, रविकांत, गोपाल, ओमप्रकाश, महिला आरक्षक ज्योति, लक्ष्मी, गुरजीत कौर, मनीषा यादव और आरपीएफ सीआईबी शाखा के प्रधान आरक्षक ताराचन्द गुर्जर व देवेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर ने स्टाफ को ईनाम देने की घोषणा की।

## अप्पा जुआ घर में पुलिस का छापा

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत भान तलैया में अप्पा जुआ घर में जमें जुए के फड़ पर बेलबाग और गोहलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारा यहां पर पांच जुआरी जुआ खेलते हुये पकड़े गये जिनसे 15 हजार 700 रुपये जप्त किये गये. यहां से दो जुआरी मौके से फरार हो गये। सीएसपी रांझी सतीष कुमार साहू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीमों ने रविदास आश्रम भानतलैया के सामने भूरा उर्फ राजा सोनकर के घर में छापा मारा गया. यहां अप्पा सोनकर द्वारा जुये का फड़ चलाया जा रहा था. जुये के फड़ से रीतेश नायक सोहेल अख्तर, अनूप सोनकर जुआ खेलते हुये पकड़ गये. वहीं दो अन्य जुआरी अभिषेक जैन और कोदू फरार हो गये। पुलिस ने इस मामले में मकान मालिक भूरा सोनकर और संचालक अप्पा सोनकर को भी गिरफ्तार किया है, सभी के खिलाफ धारा 3,4 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240